★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ पटना संस्करण

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक: 633 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, मंगलवार, 4 अगस्त 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



बांकीपुर उप चुनाव में 18 हजार से अधिक मतों से जीते प्रशांत किशोर

# नीट पेपर लीक के प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज प्राथमिकी होगी वापस

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नीट पेपर लीक के विरोध-प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी संबंधित राज्य सरकारें वापस ले सकती हैं या जांच बंद कर सकती हैं, बशर्ते छात्रों का गंभीर या जघन्य अपराधों का कोई आपराधिक इतिहास न हो। अदालत ने स्पष्ट किया कि “आपराधिक इतिहास” का अर्थ केवल हत्या, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों से है, न कि छोटे-मोटे मामलों या यातायात नियमों के उल्लंघन से। साथ ही, शीर्ष अदालत ने पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर मानक प्रोटोकॉल तैयार करने की आवश्यकता पर भी संकेत दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार गंभीर एवं जघन्य अपराधों में संलिप्त लोगों को छोड़कर प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामलों को आगे नहीं बढ़ाने के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि गंभीर अपराधों के इतिहास वाले 2,000 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली जाएंगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी, गोपाल शंकरनारायणन, एन. हरिहरन, कॉलिन गोंजाल्विस और वृंदा ग्रोवर ने पुलिस कार्रवाई, बायोमेट्रिक निगरानी, फेशियल रिकग्निशन तकनीक और कथित पुलिस ज्यादती से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को सैकड़ों वीडियो भी उपलब्ध कराए गए, जिनमें पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए गए हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि 28 जुलाई के अपने आदेश में प्रयुक्त “आपराधिक इतिहास” शब्द का आशय केवल गंभीर और जघन्य अपराधों से था। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि एक ओर पुलिस ज्यादती के आरोपों में शामिल अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है और दूसरी ओर छात्र आंदोलन की आड़ में शातिर अपराधियों को राहत मिल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सभी संबंधित एफआईआर का ब्योरा उपलब्ध कराने को भी कहा, ताकि मामले की पारदर्शी और निष्पक्ष समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## जेल शिफ्टिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गैंगस्टर सुजीत सिन्हा ढेर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा की रविवार देर रात जामताड़ा जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, साहिबगंज मंडल कारा से धनबाद जेल शिफ्टिंग के दौरान उसने एक जवान का हथियार छीनकर फायरिंग करने का प्रयास किया, जिसके बाद आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। जानकारी के अनुसार, जेल स्थानांतरण के आदेश के बाद सुजीत सिन्हा को कड़ी सुरक्षा के बीच साहिबगंज जेल से धनबाद ले जाया जा रहा था। रास्ते में जामताड़ा के पास पुलिस वाहन का टायर पंचर हो गया। इसके बाद उसे दूसरी गाड़ी में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी की सर्विस राइफल छीन ली और पुलिस पर गोली चलाने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में वह गंभीर रूप से घायल हुआ और उसकी मौत हो गई।

# नशामुक्त युवा अभियान को जनआंदोलन का रूप देने की जरूरत : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को शुरू किए गए “नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान” को देश के भविष्य के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए बिहार की व्यापक और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव हैं और इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। सोमवार को औरंगाबाद में नवबिहार टाइम्स से विशेष बातचीत में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप नशामुक्त भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब समाज का प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवा, इस अभियान से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करती है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण की दिशा में लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के सभी जनप्रतिनिधियों, विशेषकर विधायकों और विधान पार्षदों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में परिचर्चा, संगोष्ठी, जनजागरूकता अभियान, छात्र-युवा संवाद, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचेगा तथा समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक, अनुशासित और नशामुक्त होगा। नशामुक्त भारत और विकसित भारत एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी प्रतिभा और क्षमता का सही उपयोग करेंगे तो भारत विश्व में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार पहले से ही सामाजिक जागरूकता के कई अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। अब आवश्यकता है कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान को भी व्यापक जनसहभागिता के माध्यम से सफल बनाया जाए।

# सांप के डसने से दो चचेरे भाइयों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया**। जिले के अतरी प्रखंड के मिसिर बिगहा गांव में करैत सांप के डसने से दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों बच्चे फूस के घर में जमीन पर चटाई बिछाकर सो रहे थे, तभी देर रात विषैला सांप घर में घुस आया और उन्हें डस लिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान कृष्ण मांझी के नौ वर्षीय पुत्र लिटिल कुमार और चौथी मांझी के 11 वर्षीय पुत्र बुद्धू कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रविवार तड़के करीब पांच फुट लंबा करैत सांप घर में घुसा और सोते समय दोनों बच्चों को काट लिया। सांप के डसने के बाद परिजनों ने तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया, जिससे उपचार में देरी हो गई। जब दोनों बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी तो उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। रास्ते में लिटिल कुमार की मौत हो गई। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय बिना देर किए मरीज को नजदीकी अस्पताल ले जाएं, ताकि समय पर एंटी-वेनम देकर जान बचाई जा सके।

## जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में दो शिक्षकों के घर से दस्तावेज व डिजिटल साक्ष्य जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)**। झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच में अपराध अनुसंधान विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सीआईडी और पलामू पुलिस की संयुक्त टीम ने मेदिनीनगर में एक शिक्षक और एक पारा शिक्षक के घर पर छापेमारी की। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। पलामू के पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने छापेमारी की पुष्टि करते हुए बताया कि जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है।

# 30 साल का गढ़ 30 दिनों में ढहा, सरकार पढ़ाई-रोजगार पर काम करे : प्रशांत किशोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना**। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के रुझानों में भारतीय जनता पार्टी के पारंपरिक गढ़ में जन सुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर की बढ़त ने बिहार की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। मतगणना के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला तथा शिक्षा और रोजगार को सबसे बड़ा मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि “30 वर्ष का गढ़ 30 दिनों में ढह गया। केंद्र हो या राज्य सरकार, यदि पढ़ाई और रोजगार पर काम नहीं करेगी तो आगे भी उसका यही हाल होगा।” उनके इस बयान को सत्ता पक्ष के लिए स्पष्ट राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रशांत किशोर ने बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति के नेतृत्व में राज्य का समुचित विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाने की अपेक्षा कर रही है, जिसके पास राज्य के विकास का स्पष्ट विजन हो और जो बच्चों की शिक्षा, युवाओं के रोजगार तथा प्रदेश की समग्र तरक्की के लिए गंभीरता से काम करे। उन्होंने कहा, “किसी अपराधी को बिहार का नेतृत्व सौंपने से राज्य की तरक्की नहीं होगी। जनता चाहती है कि बिहार को ऐसा मुख्यमंत्री मिले, जो शिक्षा, रोजगार और विकास को प्राथमिकता दे।”




# बिहार एसडीआरएफ में 78 पूर्व सैनिकों की संविदा पर नियुक्ति

## अनुभव, अनुशासन एवं सेवा भाव का पालन करें नवनियुक्तकर्मी : रत्नेश सदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आपदा प्रबंधन मंत्री रत्नेश सादा ने सोमवार को राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) में संविदा के आधार पर चयनित पूर्व सैनिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्य आपदा मोचन बल में कुल 78 पूर्व सैनिकों को संविदा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इनमें निरीक्षक (कार्यपालक) के 19, अवर निरीक्षक (कार्यपालक) के 32, हेड कांस्टेबल (ग्राउंड ड्यूटी/रेडियो ऑपरेटर) के 23 और हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल (चालक) के 4 पद शामिल हैं। इस अवसर पर विभागीय सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सदा ने सभी चयनित पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। यह केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों का जीवन बचाने का संकल्प है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय सेना में अर्जित अनुभव, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ सभी नियुक्त कर्मी राज्य आपदा मोचन बल को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसकी अध्यक्षता कर रहे आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने कहा कि भारतीय सेना से प्राप्त प्रशिक्षण, अनुशासन एवं कार्य संस्कृति राज्य आपदा मोचन बल के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि संविदा पर नियुक्त सभी पूर्व सैनिक समर्पण, प्रतिबद्धता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग के अपर सचिव मो. नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी, समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल राजेश कुमार, मंत्री के आप्त सचिव दुर्गेश कुमार, सुनील कुमार वर्मा, राज्य आपदा मोचन बल के उप समादेष्टा मो. अनवर जावेद अंसारी, आपदा प्रबंधन विभाग के उप-सचिव पंकज कुमार कमल सहित विभागीय अधिकारियों एवं राज्य आपदा मोचन बल के पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## 52वीं बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में 52वीं बिहार राज्य जूनियर बालक कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 4 से 6 अगस्त 2026 तक पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल, पटना में किया जाएगा। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की 16 टीमें भाग लेंगी, जिन्हें चार पूल में विभाजित किया गया है। यह जानकारी बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप में राज्य के आठ विभिन्न जोनों में आयोजित क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं की विजेता एवं उपविजेता कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में राज्य के उभरते जूनियर कबड्डी खिलाड़ियों के बीच खिताब के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। पूल एः बक्सर, मधेपुरा, गया जी , पूर्वी चंपारण। पूल बीः बेगूसराय, सिवान, भोजपुर, सहरसा।

# जनसुनवाई में पहुंच लोगों की समस्याएं सुनीं, विकास और सुशासन के लिए सरकार प्रतिबद्ध : श्रवण कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार की पहचान जंगलराज से होती थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने कानून का राज स्थापित कर विकास की नई इबारत लिखी है। राज्य में न्याय के साथ विकास की अवधारणा को साकार करते हुए बिहार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है। वहीं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जनता की प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक के दौरान प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने जनसुनवाई कार्यक्रम को आम जनता और सरकार के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों की समस्याओं के समाधान में तेजी आती है।

# राज्यपाल ने बिहार लोक भवन के जर्नल प्रज्ञा बिहार के प्रथम अंक का किया लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने बिहार लोक भवन के दरबार हॉल में लोक भवन के जर्नल प्रज्ञा बिहार के प्रथम अंक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बिहार सदियों से ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र रहा है। इसकी गौरवशाली विरासत को देश और दुनिया के सामने नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में उन्होंने अपने हाल में प्रकाशित लेख रीडिस्कवरिंग द स्ट्रेटेजिक ज्योग्राफी ऑफ बिहार का उल्लेख करते हुए बिहार के ऐतिहासिक और सामरिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ज्ञान ही प्रगति का आधार है। ज्ञान हमें दिशा देता है, हमारी सोच को समृद्ध बनाता है और हमें अपनी वास्तविक शक्ति को पहचानने का अवसर देता है। राज्यपाल ने कहा कि ह्यप्रज्ञा बिहारह्ण को एक उच्च स्तरीय त्रैमासिक जर्नल के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें शिक्षाविदों, शोधकताओं, सिविल सेवकों, नीति-निमार्ताओं और बुद्धिजीवियों के विचार प्रकाशित होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह जर्नल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगी। उन्होंने प्रथम अंक के सभी लेखकों, संपादकीय टीम और प्रकाशन से जुड़े सभी लोगों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य के अंकों को और अधिक उपयोगी, गुणवत्तापूर्ण तथा व्यापक बनाया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रिका को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए जिनका स्वागत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उपयुक्त सुझावों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि प्रज्ञा बिहार शोध, ज्ञान और बौद्धिक संवाद का एक प्रतिष्ठित मंच बन सके। उन्होंने सभी से ह्यप्रज्ञा बिहारह्ण के आगामी अंकों को और अधिक समृद्ध बनाने में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने जर्नल के विषयवस्तु एवं विभिन्न आलेखों के लेखकों के बारे में बताया। इस अवसर पर बिहार विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष आमिर सुबहानी, रेरा के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, राज्य सूचना आयुक्त ब्रजेश मेहरोत्रा, राजस्व पर्षद की अध्यक्ष हरजोत कौर बम्हरा, पूर्व मुख्य सचिव बीएस दूबे व एके सिन्हा, भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी आरयू सिंह तथा जर्नल के विभिन्न आलेखों के लेखकगण, बिहार लोक भवन के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।


## पटना के डॉ शिवनारायण को मिला नार्वे का अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रसिद्ध कवि, आलोचक एवं संपादक डॉ शिवनारायण को भारतीय-नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम, नार्वे द्वारा 2026 का प्रतिष्ठित 'अंतर्राष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान-2026' से नवाजा गया। ओस्लो स्थित फोरम के अध्यक्ष डॉ सुरेशचन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने कहा कि डॉ शिवनारायण को यह सम्मान उनकी सुदीर्घ साहित्य साधना के लिए प्रदान किया गया। डॉ शरद आलोक ने कहा कि बीते 77 वर्षों से अनवरत प्रकाशित होती आ रही चर्चित साहित्यिक पत्रिका 'नयी धारा' का 1990 से ही संपादन कर रहे डॉ शिवनारायण की कविता, आलोचना, पत्रकारिता आदि विधाओं में अब तक 58 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

# 'बेजोड़ टॉक्स' का 18वां एपिसोड बिहार की राजकीय पक्षी गौरैया संरक्षक संजय कुमार पर केंद्रित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नितिन नीरा चंद्रा की चंपारण टॉकीज के 'बेजोड़ टॉक्स', बिहार के जाने माने हस्ताक्षर और गुमनाम प्रतिभाओं को वैश्विक मंच दे रहा है। 'बेजोड़ टॉक्स' का 18वां एपिसोड दो अगस्त को यूट्यूब पर रिलीज किया गया। इस एपिसोड में बिहार की राजकीय पक्षी 'गौरैया' के संरक्षण में सक्रिय संजय कुमार पर केंद्रित किया गया है। क्षेत्रीय सिनेमा और कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली प्रसिद्ध प्रोडक्शन कंपनी 'चंपारण टॉकीज' ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'बेजोड़ ओटीटी' पर एक नए और क्रांतिकारी टॉक शो 'बेजोड़ टॉक्स' की शुरुआत की है। इस टॉक शो में बिहार और देश के अन्य हिस्सों से आने वाले उन असाधारण उद्यमियों, नवप्रवर्तकों, पर्यावरणविदों और कलाकारों की प्रेरणादायक कहानियों को दुनिया के सामने ला रहा है जिन्होंने सीमित संसाधनों में समाज में बड़ा बदलाव किया है। 'बेजोड़ टॉक्स' के 18वें एपिसोड के अतिथि गौरैया संरक्षक संजय कुमार ने भोजपुरी में गौरैया संरक्षण की हर छोटी-बड़ी बातें बतायी है। कैसे जुड़ें और गौरैया संरक्षण की तस्वीर बिहार सहित देश भर में कैसी है को कहानीनुमा अंदाज में बताया। पूरा एपिसोड सिनेमायी अंदाज में प्रस्तुत किया गया है जो उसकी खूबसूरती है। यह दूसरों से इसलिए अलग है कि 'बेजोड़ टॉक्स' लोकल बोलियों में अतिथियों से टॉक्स करता है जो जमीनी पुट को लिए रहता है। इसमें सिर्फ टॉक्स ही नहीं है बल्कि संबंधित व्यक्ति के काम को टीम जमीनी खोज कर एपिसोड को जीवंत बनाते हैं। शो के सह-निर्माता ऋषि राज ने गौरैया संरक्षण में किए गए संजय कुमार के कामों का आंकलन दौरा कर किया। टॉक्स के बीच में गौरैया संरक्षण पहल की फुटेज डाल रोचक बनाया है। शो की सिनेमैटोग्राफी और शानदार कैमरा वर्क कुंदन आर्य द्वारा किया गया है जो दर्शकों को एक बेहतरीन विजुअल ट्रीट देता है। मंच की खूबसूरती और थीम आधारित आर्ट वर्क को प्रेमचंद महतो ने जीवंत किया है। वहीं शो की क्रिएटिविटी को चन्द्रा निशा के रचनात्मक इनपुट्स ने और अधिक मजबूती प्रदान की है। लीक से हटकर काम करने वालों को समर्पित मंच 'बेजोड़ टॉक्स' का मुख्य उद्देश्य समाज के उन हीरों को सामने लाना है जो अक्सर मुख्यधारा के मीडिया की चकाचौंध से दूर रहकर जमीनी स्तर पर काम करते हैं। शो में शामिल होने वाले मेहमानों में जैविक खेती करने वाले किसान, जल संरक्षण और पक्षियों में जुटे पर्यावरणविद, ग्रामीण पृष्ठभूमि के स्टार्टअप संस्थापक और पारंपरिक कला को सहेजने वाले कलाकार शामिल हैं। यह मंच उनकी सफलता के साथ-साथ उनके संघर्ष और विजन की वास्तविक यात्रा को साझा करता है।

# पहली सोमवारी पर प्रोफेसर रणबीर नंदन ने किया गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रुद्राभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद प्रोफेसर रणवीर नंदन ने आज श्रावण माह की पहली सोमवारी, कृष्ण पक्ष पंचमी तिथि को स्थित शिववास में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में विधि विधान से रुद्राभिषेक संपन्न किया एवं बिहार राज्य की उन्नति, समृद्धि की कामना की। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि भगवान नारायण आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को निद्रा में चले जाते हैं एवं कार्तिक शुक्ल पक्ष देवउठनी एकादशी को शयन से जागृत होते हैं। इस चातुर्मास में भगवान नारायण इस लोक का भार भगवान शंकर को सौंप देते हैं। इसलिए इन चारों माह के आराध्य देव भगवान शिव हैं। इसलिए इन चारों माह में भगवान शंकर की आराधना करने से सनातनियों को सभी सुख समृद्धि भक्ति प्राप्त होती है जब समुद्र मंथन से हलाहल विष निकला तो भगवान शंकर ने जगत को बचाने हेतू हलाहल विष का पान किया और जगत को बचाया। हलाहल विष का पान करने से भगवान शिव के शरीर में ताप उत्पन्न हुआ। इसलिए इस ताप को ठंडा करने हेतू सावन मास में भगवान शंकर को



जलाभिषेक किया जाता है। प्रोफेसर नंदन ने कहा है धार्मिक न्यास पर्षद के अंतर्गत पूरे बिहार में मठ मंदिरों में बड़े धूमधाम से श्रावण पर्व मनाया जा रहा है और सभी जनता से आग्रह है कि भगवान शंकर को पूरे सावन जलाभिषेक कर पुण्य प्राप्त करें।

## नगर निकाय कर्मियों की हड़ताल का पांचवां दिन, कचरे में घुटता पटना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना नगर निगम सहित पूरे बिहार के नगर निकाय कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल का सबसे बड़ा असर राजधानी पटना की सफाई व्यवस्था पर देखने को मिल रहा है। शहर की सड़कों, गलियों और मोहल्लों में कचरे के ढेर लग गए जिससे बदबू और गंदगी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बरसात के मौसम में बिगड़ती स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नागरिकों की चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही है।

वहीं हड़ताल के दौरान कथित हंगामे और मारपीट के मामले में भी कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। पटना नगर निगम के उप नगर आयुक्त रामाशीष शरण तिवारी की शिकायत पर सचिवालय थाना में हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि निमार्णाधीन नगर निगम कार्यालय के पास निगम के वाहनों की मरम्मत कर रहे कर्मियों के साथ हड़ताली कर्मचारियों ने गाली-गलौज, धक्का-मुक्की और मारपीट की। हालांकि एफआईआर में फिलहाल किसी आरोपी को नामजद नहीं किया गया है।

# दानापुर मंडल के टिकट जांच अभियान से आय में उल्लेखनीय उपलब्धि

## जुलाई 2026 में टिकट जांच से 8.33 करोड़ की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सघन टिकट जांच अभियान संचालित कर रहा है। इन अभियानों के परिणामस्वरूप माह जुलाई 2026 में टिकट जांच के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। पिछले वर्ष के जुलाई माह की तुलना में इस वर्ष टिकट जांच से प्राप्त राजस्व में 29.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जुलाई 2026 के दौरान दानापुर मंडल में 1,02,217 अनाधिकृत/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे 8,32,69,958 (आठ करोड़ बत्तीस लाख उन्हत्तर हजार नौ सौ अट्ठावन रुपये) की वसूली की गई। यह उपलब्धि मंडल द्वारा चलाए जा रहे



नियमित एवं विशेष टिकट जांच अभियानों का परिणाम है। माह जुलाई के दौरान वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के निर्देशानुसार दानापुर मंडल के विभिन्न रेलखंडों में 24 'लाल गाड़ी' विशेष टिकट जांच अभियान, 13 मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान तथा 05 फोर्ट्रेस टिकट जांच अभियान सफलतापूर्वक संचालित किए गए। इन विशेष अभियानों के माध्यम से बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई तथा यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। दानापुर मंडल भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर संचालित करता रहेगा, ताकि बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके तथा रेलवे की आय की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## संसद की कार्यवाही में सहभागिता के उपरांत केंद्रीय कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** संसद की कार्यवाही में सक्रिय सहभागिता के उपरांत जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार जंतर-मंतर स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पहुंचे जहां वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। केंद्रीय कार्यालय में नीतीश कुमार ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि जदयू की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों को पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने तथा विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नीतीश कुमार ने विश्वास जताने हुये कहा कि कार्यकताओं की प्रतिबद्धता और जनसमर्थन के आधार पर पार्टी आने वाले दिनों में और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाएगी।

# सोलर क्रॉप ड्रायर पर मिलेगा 1.40 लाख तक का अनुदान : कृषि मंत्री

## फसल की बर्बादी होगी कम, किसानों की आय में होगी वृद्धि : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि तथा फसल कटाई के बाद होने वाली क्षति को न्यूनतम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा सोलर क्रॉप ड्रायर योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत किसानों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा-कुशल तकनीक उपलब्ध कराई जाएगी जिससे उनकी उपज की गुणवत्ता सुरक्षित रहेगी तथा बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत 100 किलोग्राम




क्षमता वाले सोलर क्रॉप ड्रायर की स्थापना पर अधिकतम 1.40 लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस उपकरण की अनुमानित लागत 3.50 लाख रुपये है। सौर ऊर्जा आधारित होने के कारण इसके संचालन में किसानों को बिजली अथवा ईंधन पर अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पारंपरिक रूप से खुले में फसल सुखाने की तुलना में सोलर क्रॉप ड्रायर अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी है। इसमें फसल धूल, नमी तथा कीटों से सुरक्षित रहती है जिससे उसका प्राकृतिक रंग, स्वाद एवं सुगंध बरकरार रहता है। इसके माध्यम से किसान अपनी उपज को सुखाकर अथवा प्रसंस्कृत कर अधिक समय तक सुरक्षित रख सकते हैं तथा बाजार में अनुकूल मूल्य मिलने पर बिक्री कर बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं। श्री सिन्हा ने किसानों से इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए बताया कि इच्छुक किसान उद्यान निदेशालय के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा डीबीटी किसान पंजीकरण संख्या अनिवार्य होगी। कृषि मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सोलर क्रॉप ड्रायर योजना राज्य में फसल कटाई उपरांत होने वाली क्षति को कम करने, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## सावन माह के प्रथम सोमवार पर डॉ. आनन्द रंजन झा ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** सावन माह के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर डॉ. आनन्द रंजन झा, निदेशक, कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा ने भगवान भोलेनाथ के समस्त भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि सावन का प्रथम सोमवार भगवान शिव की आराधना, श्रद्धा, संयम और आध्यात्मिक ऊर्जा का विशेष पर्व है। इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करें। आज देशभर में श्रद्धालु प्रथम सावन सोमवार का व्रत और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। डॉ. झा ने अपने संदेश में कहा भगवान भोलेनाथ की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। सावन का यह पावन महीना आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और नई ऊर्जा का संचार करे। हर-हर महादेव।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला शक्ति, पटना ने किया अभिज्ञान उत्सव का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला शक्ति, पटना की ओर से आज बुद्धा हेरिटेज, पटना में अभिज्ञान उत्सव का भव्य आयोजन दोपहर 3 बजे से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. माया शंकर उपस्थित रहीं। ए बी के एम की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अंजलि सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनूप श्रीवास्तव, एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव के द्वारा जो मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ओ कायस्थों के लिए एक सुनहरा प्रयास है और इससे सभी कायस्थ को देश की दिशा तय करने में बहुत मददगार साबित हो रहा है। उनसे प्रेरित हो कर उन्होंने कहा कि सावन के महीने में अभिज्ञान उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन की महिलाओं को एक मंच पर लाकर आपसी आत्मीयता, परिचय, सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त बनाने का माध्यम है। उपाध्यक्ष नीमा कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नई ऊर्जा हमारी संस्था समाज के वंचित, जरूरतमंद और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। हमारा विश्वास है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है जब हम सभी मिलकर सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच संचालिका अंजू श्रीवास्तव के स्वागत संबोधन से हुआ।

## प्रसिद्ध गायक मोहम्मद रफी को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि, 'ओल्ड इज गोल्ड' कार्यक्रम में गूंजे सदाबहार गीत




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सुरों के बेताज बादशाह और हिंदी सिनेमा के महान पार्श्वगायक मोहम्मद रफी की स्मृति में पटना सिटी के पाटलिपुत्र परिषद सभागार में सोमवार को भव्य संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्रिएटिव आर्ट इवेंट के तत्वावधान में आयोजित 'ओल्ड इज गोल्ड' कार्यक्रम में बिहार के चर्चित कलाकारों ने रफी साहब के अमर गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान 'आदमी मुसाफिर है', 'रोते हुए आते हैं सब', 'सजन रे झूठ मत बोलो', 'पर्दा है पर्दा', 'बड़े अच्छे लगते हैं' और 'तेरे जैसा यार कहां' जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं और रफी साहब को भावभीनी संगीत श्रद्धांजलि अर्पित की।

## लोक भवन नॉलेज कंसोर्टियम का सदस्य बना आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय

### सक्रिय सहभागिता के साथ कार्य करेगा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने बिहार लोक भवन द्वारा प्रस्तावित 'लोक भवन नॉलेज कंसोर्टियम' की सदस्यता का स्वागत किया है। विश्वविद्यालय ने इसे बिहार में ज्ञान-आधारित विकास, संस्थागत सहयोग तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक संवाद को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल बताया है। बिहार लोक भवन द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित पत्र के अनुसार 'लोक भवन नॉलेज कंसोर्टियम' एक



सहयोगात्मक मंच के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसमें आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना, नालंदा विश्वविद्यालय, विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन तथा चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस कंसोर्टियम में बिहार लोक भवन प्रधान समन्वयक की भूमिका निभाएगा। इस कंसोर्टियम का उद्देश्य बिहार की अकादमिक एवं नागरिक चेतना को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ज्ञान परंपराओं से जोड़ना, विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थानों के बीच ज्ञान-साझेदारी को बढ़ावा देना तथा सभ्यतागत इतिहास, संवैधानिक शासन, रणनीतिक अध्ययन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक नीति, नवाचार और समकालीन वैश्विक विषयों पर गंभीर बौद्धिक विमर्श को प्रोत्साहित करना है। इसके माध्यम

# सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत लगा जनता दरबार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनके घर-द्वार पर त्वरित और पारदर्शी प्रशासनिक समाधान उपलब्ध कराना है। ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। इस दौरान कुल 44 मामले प्राप्त हुए जिनमें सबसे अधिक 34 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। भूमि मापी, दाखिल-खारिज, सीमांकन और आपसी विवाद के निपटारे को लेकर आए फरियादियों की बातों को अनुमंडल पदाधिकारी ने गंभीरता से सुना और संबंधित राजस्व कर्मियों तथा अंचलाधिकारियों को त्वरित जांच कर एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार राशन कार्ड से जुड़े 03 मामले आए जिनमें नए कार्ड निर्गत करने, नाम जोड़ने और गलत कटौती की शिकायतें शामिल थीं। इन आवेदनों को अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी को भेजकर 15 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। शेष 07 मामले अन्य श्रेणी के थे जिनमें वृद्धावस्था पेंशन, आय-आवासीय प्रमाण पत्र, सड़क-नाली निर्माण और पुलिस सहायता से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। इन सभी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को चिन्हित कर शीघ्र कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने मौके पर ही आवेदकों को आश्वस्त किया कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के मूल मंत्र के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निष्पादन प्राथमिकता है और लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर माह के पहले सोमवार को इस तरह का जनता दरबार नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा ताकि आम नागरिक बिना किसी बिचौलिये के सीधे अपनी बात प्रशासन तक पहुंचा सके और सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता से मिल सके।

## भभुआ में सदर अस्पताल व सड़कों पर जलजमाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में सोमवार की अहले सुबह से बारिश हो रही है। तेज बारिश होने से जिला मुख्यालय भभुआ शहर में स्थित सदर अस्पताल व कचहरी पथ में मुख्य सड़क पर घुटने भर पानी जमा हो गया है। अस्पताल परिसर में पानी जमा होने से मरीजों उनके परिजनों, चिकित्सक एवं कर्मी पानी से होकर आ-जा रहे हैं। वही कचहरी पथ में मुख्य सड़क पर पानी जमा होने से आम लोगों व स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस बारिश से किसानों में खुशी है। पानी के अभाव में जिले के असिंचित क्षेत्रों में धान की रोपनी प्रभावित हो गया था। झमाझम से मौसम भी सुहाना हो गया है और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल गई है।

# दावथ बाजार में ट्रकों से अवैध वसूली करते पांच गिरफ्तार, गए जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अनुमंडल अंतर्गत दावथ थाना क्षेत्र के दावथ बाजार में ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने के आरोप में पुलिस ने रविवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया और विधि सम्मत कार्रवाई के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि बाजार क्षेत्र में कुछ लोग ट्रकों को रोककर अवैध रूप से पैसे वसूल रहे हैं जिसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित छापेमारी की और मौके से ही पांच आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अंगद कुमार पिता सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद वारिस पिता मोहम्मद सलामुद्दीन, पंकज कुमार पिता राम चंद्रवंशी, मंजी पासवान पिता सूबेदार पासवान और मुन्ना सिंह पिता बबन सिंह के रूप में हुई है। सभी आरोपी दावथ गांव, थाना दावथ, जिला रोहतास के निवासी हैं। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अवैध वसूली की गई नकदी भी बरामद की है जिसे जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने प्रारंभिक रूप से वसूली की बात स्वीकार की है। पुलिस का कहना है कि लंबे समय से दावथ बाजार में ट्रक चालकों से जबरन पैसे मांगने की शिकायतें मिल रही थी जिससे परिवहन व्यवस्था और व्यापारियों में भय का माहौल था। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी की गई और कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार सभी पांचों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने आरोपियों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दावथ थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध वसूली, उगाही और आम जनता को परेशान करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति अवैध वसूली करता पाया जाए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ट्रक चालकों और व्यापारियों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की इस पहल की सराहना की है।

## डालमियानगर के रतूबिगहा में मारपीट, दोनों पक्षों से 13 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतुबिगहा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 13 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष राजीव रंजन के अनुसार थाना में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। पहला कांड संख्या 168/26, 2.08.26 बीएन एस की धारा 191(2)/190/126(2)/115(2)/118(1)/109/352 के तहत दर्ज है। इसके नामजद अभियुक्त हैं- प्रमोद राम 52 वर्ष पिता राजा राम, विशाल कुमार 20 वर्ष पिता प्रमोद राम, धनंजय कुमार 35 वर्ष पिता सुगन राम, महेन्द्र राम 49 वर्ष पिता बहादुर राम, सावन कुमार 20 वर्ष पिता सिकेन्द्र राम, सुनिल राम 35 वर्ष पिता स्व. सरजन, बहादुर राम 72 वर्ष पिता स्व. चरित्र राम और विद्यासागर 25 वर्ष पिता प्रमोद राम। दूसरा कांड संख्या 169/26 भी 02.08.26 को धारा 191(2)/190/126(2)/115(2)/109/324(2) बीएन एस के तहत दर्ज किया गया। इसमें नामजद हैं- विजय राम 40 वर्ष पिता स्व. सोनाल राम, सिकेन्द्र राम 36 वर्ष पिता वेशलाल राम, अरविन्द राम 23 वर्ष पिता भोला राम, बिहारी राम 45 वर्ष पिता स्व. ढालू राम और राहुल राम 33 वर्ष पिता संजय राम। सभी अभियुक्त ग्राम रतुबिगहा थाना डालमियानगर जिला रोहतास के निवासी हैं। पुलिस ने छापेमारी के बाद सभी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# सावन की पहली सोमवारी पर गुप्ताधाम में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

## डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** सावन की पहली सोमवारी पर कैमूर पहाड़ी की गोद में स्थित जिले के प्रसिद्ध गुप्ताधाम में भगवान गुप्तेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का गुप्ताधाम पहुंचना शुरू हो गया था। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती गई। बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचे। श्रद्धालु कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ, शिवसागर-चेनारी पथ, उगहनी घाट, मां पनियारी घाट तथा दुर्गावती



जलाशय परियोजना से होकर गुप्ताधाम पहुंचे। सीता कुंड में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। पूरे दिन बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से कैमूर की वादियां गूंजती रहीं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गुप्ताधाम जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों एवं धाम परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के साथ गुप्ताधाम विकास समिति के सदस्य भी श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन कराने में लगे रहे। गुफा में प्रवेश के दौरान श्रद्धालुओं को कुछ समय इंतजार करना पड़ा, लेकिन दर्शन और जलाभिषेक का क्रम पूरे दिन चलता रहा। गुप्ताधाम विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल खरवार ने बताया कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खोया-पाया केंद्र बनाया गया है। गुफा के अंदर एवं बाहर 15 केवीए जनरेटर से रोशनी की व्यवस्था की गई है। गुफा के अंदर मैट बिछाया गया है तथा ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मेडिकल टीम, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## समाहरणालय में कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार को दी गई श्रद्धांजलि, अधिकारियों ने रखा दो मिनट का मौन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की आत्मा की शांति के लिए सोमवार को समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय, अपर समाहर्ता ललितभूषण प्रसाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जफर हसन तथा वरीय उप समाहर्ता ओमप्रकाश लाल सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने विमल कुमार को एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार और समर्पित पदाधिकारी बताते हुए उनके निधन को प्रशासनिक सेवा की अपूरणीय क्षति बताया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

# सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज की जयंती पर समारोह की तैयारियां शुरू

## 5101 कुण्डीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विहंगम योग के प्रणेता अनंत श्री सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज की 139वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले दो दिवसीय भव्य विहंगम योग समारोह की तैयारियां रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित अनुमंडल कोर्ट के समीप करियवा बाल धारूपुर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हो गई है। बिहार संरक्षक रामचंद्र तिवारी एवं कार्यक्रम संयोजक सियाराम सिंह ने बताया कि 31 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक आयोजित इस समारोह में 5101 कुण्डीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व शांति, मानव कल्याण और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देना है। उन्होंने बताया कि समारोह में पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञानदेव जी महाराज की दिव्यवाणी के माध्यम से जय स्वर्वेद कथा तथा सद्गुरु आचार्य अनंत श्री स्वतंत्र देव जी महाराज की अमृतवाणी का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। साथ ही स्वर्वेद के सिद्धांतों एवं सद्गुरु सदाफलदेव जी महाराज के जीवन-दर्शन पर विशेष प्रवचन और चर्चा होगी।

आयोजकों के अनुसार बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क आवास, भोजन, दीक्षा संस्कार, योग प्रशिक्षण, प्राकृतिक चिकित्सा तथा सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर वाटरप्रूफ भव्य पंडाल का निर्माण भी कराया जा रहा है।

कार्यक्रम स्थल बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर, सासाराम-आरा मुख्य सड़क स्थित धावा पुल से दो किलोमीटर तथा बिक्रमगंज चौक से लगभग डेढ़ किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित है। समारोह की तैयारियों में बिहार क्षेत्रीय कार्यालय निर्देशक पी.एन. सिंह, संरक्षक डी.एन. सिंह, प्रधान परामर्शक ददन सिंह, जिला सचिव भृगु सिंह, अनुमंडल संयोजक रामधनी सिंह, विहंगम सुरक्षा बल प्रभारी आचार्य मयंक शास्त्री, प्रदीप यादव, डॉ. राजकुमार सिंह उर्फ मुन्ना, सूरज यादव, सुभाष शर्मा, प्रह्लाद तिवारी, रामपुकार सिंह, विंध्याचली देवी, शारदा देवी, मुनि देवी, संध्या देवी, चांद ज्योति देवी, आशा देवी, रघुवंश तिवारी, संतोष गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## सावन की पहली सोमवारी को मुंडेश्वरी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** सावन की पहली सोमवारी को कैमूर जिले के मां मुंडेश्वरी धाम में स्थित चतुर्भुज महामंडलेश्वर शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु सुबह से ही धाम परिसर में पहुंचकर कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रहे। मां मुंडेश्वरी न्यास समिति के सचिव अशोक कुमार सिंह के द्वारा शिवलिंग पर रूद्राभिषेक किया गया। इधर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा धाम परिसर में जगह-जगह पर दंडाधिकारी, पुलिस अफसर एवं भारी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है। प्रशासन द्वारा धाम परिसर में पेयजल, प्रकाश, शौचालय, साफ-सफाई, आवासन आदि का उत्तम प्रबंध किया गया हो।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी आस्था की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** पवित्र श्रावण मास की पहली सोमवारी पर पूरे बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में शिवमय माहौल रहा। सुबह चार बजे से ही शिवालयों के कपाट खुलते ही भक्तों की कतारें लग गईं और 'बोल बम' के जयकारों से हर मंदिर परिसर गूंज उठा। बिक्रमगंज शहर में बिजली ऑफिस स्थित शिव मंदिर में सबसे अधिक भीड़ देखी गई। यहां सुबह से ही महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर जलाभिषेक किया। काशी घाट, थाना क्षेत्र के प्राचीन शिवालय में भी बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल चढ़ाने के लिए लंबी लाइन लगी रही। धनगाई और घोसिया कला गांव के मंदिरों में स्थानीय युवकों ने कांवड़ लाकर शिवलिंग का अभिषेक किया। नोनहर और सूर्यपुरा के प्रसिद्ध बंगाल नाथ मंदिर में सुबह से भजन-कीर्तन का दौर चला। पुजारी ने बताया कि सावन सोमवार को यहां दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं और मनोकामना पूरी होने की मान्यता के कारण भीड़ बढ़ जाती है। दावथ का प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बना रहा। यहां रात तीन बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। मंदिर समिति द्वारा प्रसाद और पेयजल की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह देवढी धाम, नगर पंचायत को आज के योगिनी का प्राचीन शिव मंदिर, दिनारा और काराकाट के शिवालयों में भी सुरक्षा के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। स्वयंसेवकों ने कतार नियंत्रण और साफ-सफाई में सहयोग किया। देव प्रखंड स्थित देव मार्कण्डेय महादेव मंदिर और संझौली प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में ग्रामीणों ने परिवार सहित पहुंचकर सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर शिव चर्चा और सुंदरकांड का पाठ भी हुआ। पंडित चारों धाम मिश्रा ने बताया कि सावन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस महीने में सच्चे मन से की गई पूजा से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार को दी श्रद्धांजलि

### एसडीओ कार्यालय व नगर परिषद में शोकसभा आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल कार्यालय एवं नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर में दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार की स्मृति में सोमवार को शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एसडीओ कार्यालय में आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) निलेश कुमार ने की। सभा में उपस्थित अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने डॉ. विमल कुमार को एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं समर्पित पदाधिकारी बताते हुए उनके निधन को प्रशासनिक सेवा की अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा में कार्यपालक दंडाधिकारी संतोष कुमार, डिहरी विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे, वर्तमान अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, अधिवक्ता संजय तिवारी, अमरनाथ, मनोज पांडे सहित अनेक पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। वहीं, नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर कार्यालय में भी दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

## तीन राज्यों के विधानसभा उपचुनाव परिणाम से देश की राजनीति को नई दिशा : प्रो.विजय कुमार मिट्ठू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार, मध्यप्रदेश एवं गुजरात में हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन क्षेत्र भाजपा शासित बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र तथा मध्यप्रदेश के दतिया विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवारों को बुरी तरह हारना आमजनों के बदलाव की ज्वालामुखी जिसके आगे धन, बल, सत्ता, धर्म, कोई भी चीज आड़े नहीं आया।

## बाइक-डंपर की टक्कर, बाइक सवार की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र में सोमवार अहले सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तिलौथू के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तिलौथू थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी भोला सिंह के पुत्र विकास के रूप में हुई है। घटना के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया।

## प्रशांत किशोर की जीत पर जन सुराज कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पानी टंकी के समीप जन सुराज पार्टी कार्यालय में सोमवार को प्रशांत किशोर की जीत की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी, गले मिले और मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। प्रखंड अध्यक्ष विजय शंकर तिवारी ने कहा कि जन सुराज का आज खाता खुला है। यह जीत पार्टी के लिए ऐतिहासिक है और आने वाले समय में जन सुराज इससे भी बड़ी सफलता हासिल करेगा। इस मौके पर अभिषेक तिवारी उर्फ छोटू, चंदन तिवारी, धीरज पाठक, मोहम्मद जावेद खान, गौतम दुबे, प्रमोद कुमार पांडे, अब्दुल कलाम, सोनू जायसवाल, इम्तियाज अंसारी, शंकर जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 12 साल से फरार कुख्यात नक्सली अजीम अंसारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ के सहयोग से छकरबंधा थाना पुलिस ने 12 वर्षों से फरार चल रहे वांछित कुख्यात नक्सली अजीम अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सली छकरबंधा गांव स्थित अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रणनीति बनाकर गांव में छापेमारी की और उसे दबोच लिया। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के दौरान छकरबंधा पुलिस को अजीम अंसारी के गांव में होने की जानकारी मिली। इसके बाद छकरबंधा थानाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों की टीम एसटीएफ के साथ छकरबंधा गांव पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही अजीम अंसारी घर से निकलकर भागने लगा। जवानों ने घेराबंदी कर पीछा किया और उसे पकड़ लिया।


**शपथ-पत्र**

मैं सक्षम कुमार, उम-19 वर्ष पिता-प्रमोद कु. सिंह ग्राम-माइन बिगहा पोस्ट-पिरथु, थाना- सलैया, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त नाम पता के सत्य एवं सही लड़का हूं। मेरा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड बैंक खाता एवं सभी मूल प्रमाण पत्र में नाम सक्षम कुमार है और भारतीय जीवन बीमा में नाम संस्कार कुमार है पिता नाम प्रमोद कुमार है। सक्षम कुमार एवं संस्कार कुमार दोनों नामों से जाने जाते हैं इस नाम के मेरे गांव में कोई व्यक्ति नहीं है। मेरा आधार कार्ड संख्या 7176 3513 0674 है पैन कार्ड सं. OLDPK455C है भारतीय स्टेट बैंक शाखा A.M.Y नवोदीया खाता नं.- 44807725515 है भारतीय जीवन बीमा नं. 515386632 है। उपरोक्त शब्दों वास्ते शपथ पत्र कर रहा हूं कि समय पर काम में आवेगा वो प्रमाण रहेगा जो सत्य एवं सही है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 21171 दिनांक 29.07.26

शपथकर्ता
सक्षम कुमार



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
**(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)**

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद में आवासन हेतु नामांकन करने के लिए ''आवेदन ऑनलाईन करने से संबंधित सूचनाएँ''**

- अध्ययनरत् अल्पसंख्यक छात्रों के लिए औरंगाबाद जिला के नावाडीह रोड, (ईदगाह के पास) अल्पसंख्यक बालक छात्रावास में 90 छात्रों के लिए आवासन की समूचित व्यवस्था विभाग द्वारा संचालित है।
- अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद में रहने वाले इच्छुक छात्र नामांकन कराने के लिए प्रत्येक माह के 01 तारीख से 10 तारीख तक http://ekalyan.bihar.gov.in के वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।
- औरंगाबाद जिला अन्तर्गत छात्रों का नामांकन मान्यता प्राप्त उच्च विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय एवं अन्य मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत् अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र छात्रावास में प्रवेश पाने के पात्र होगें।
- अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद में आवासित छात्रों को निम्न सुविधाएँ दी जा रही हैः–

छात्रावास में मेस की सुविधा/एसी0सी0 युक्त लाईब्रेरी की सुविधा/Wi-Fi की सुविधा/बाथरूम में गीजर एवं वाशिंग मशीन की सुविधा/आर0ओ0 पानी की सुविधा/कम्प्यूटर कलास तथा खेल सामग्री की सुविधा तथा सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी की सुविधा/जेनरेटर की सुविधा एवं NEET/JEE/BPSC की तैयारी हेतु हज भवन, पटना से संचालित ऑनलाईन स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है।

- अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, औरंगाबाद में रहने वाले छात्रों को प्रत्येक माह 1000 (एक हजार) रूपये की अनुदान राशि दी जाती है।
- अल्पसंख्यक छात्रावास खाद्यान्न योजना अन्तर्गत छात्रावास में रहने वाले छात्रों को प्रत्येक माह 9 किलो चावल एवं 6 किलो गेहूँ खाद्यान्न विभाग द्वारा दिया जाता है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना के वेबसाईट ई–कल्याण पोर्टल पर प्रत्येक माह के 01 तारीख से 10 तारीख तक http://ekalyan.bihar.gov.in के वेबसाईट पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

**नोट :– अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या–06186 –295017 पर या कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।**

**सहायक निदेशक, अ0क0**
**औरंगाबाद**

PR- 009208 ( M W D ) 2026-27 | नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के निष्पादन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के प्रकोष्ठ में 3 अगस्त 2026 को एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वन वादों, खनन वादों, श्रम वादों एवं माप-तौल वादों का अधिक से अधिक सुलह के आधार पर निष्पादन करने के संबंध में चर्चा की गई।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित वन विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार के सुलहनीय मामलों में पक्षकारों को नोटिस निर्गत करें तथा वन विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग एवं खनन विभाग के सुलहनीय लंबित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय में दाखिल की जाए, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों के निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा अरविन्द कुमार के अतिरिक्त वन विभाग के रेंजर, निरीक्षक, माप-तौल विभाग एवं खनन विभाग के प्रतिनिधि, श्रम अधीक्षक के प्रतिनिधि तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत, नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित हुए।

# जनसुनवाई के माध्यम से आमजनों की समस्याओं का हो रहा त्वरित निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को



गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 15 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना वारिसलीगंज, ग्राम मिरचक के शशिभूषण कुमार द्वारा मनरेगा से संबंधित, थाना अकबरपुर, ग्राम छोटकी अमावां की रौशन आरा द्वारा भूमि विवाद से संबंधित तथा थाना नारदीगंज, ग्राम सहजपुरा के बालेश्वर चौहान द्वारा मुआवजा से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### सरकारी दफ्तरों में की गई जनसमस्याओं की सुनवाई

**कौआकोल।** कौआकोल में विभिन्न सरकारी दफ्तरों में जनसमस्याओं की सुनवाई के लिए अधिकारी एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ डा. अखिलेश कुमार,थाना में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनील कुमार सिंह,अंचल कार्यालय में सीओ चंदन चौधरी, बीआरसी में प्रभारी बीइओ अजित कुमार,पंचायती राज में बीपीआरओ शमा बानो,बिजली कार्यालय में विभाग के कनीय अभियंता अनीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने आम लोगों से उनकी समस्याओं को सुना। बता दें कि जनसुनवाई के लिए लगाए गए इस शिविर में सबसे अधिक भूमि, पेंशन तथा जनवितरण से संबंधित मामले पहुंचे। शिविर के दरम्यान अधिकारियों द्वारा सरल समस्याओं को ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि जटिल समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित कागजात के साथ अगली तिथि को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया।

### पाली पंचायत में सहयोग शिविर 5 अगस्त को

**कौआकोल।** प्रखंड के पाली पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन मंगलवार की जगह 5 अगस्त बुधवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को चेहल्लुम का अवकाश रहने के कारण शिविर का आयोजन मंगलवार की जगह बुधवार को होगा। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पेंशन, राशन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे तथा पात्र लाभार्थियों को आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। बीडीओ ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा।

### 33 केवी लाइन के मेंटेनेंस को लेकर पाली फीडर की बिजली तीन घंटे रहेगी बंद

**कौआकोल।** वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड में विद्युत लाइन के निर्धारित मेंटेनेंस कार्य के कारण पाली फीडर से जुड़े क्षेत्रों में मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए कौआकोल के कनीय विद्युत अभियंता अनीश कुमार ने बताया कि 33 हजार वोल्ट लाइन पर आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाना है। इस कारण सुरक्षा की दृष्टि से पाली फीडर की विद्युत आपूर्ति निर्धारित अवधि तक बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने आवश्यक कार्य पहले ही पूरा कर लें तथा विभाग के मेंटेनेंस कार्य में सहयोग करें। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### 4 अगस्त का सहयोग शिविर अब 5 अगस्त को आयोजित होगा

**नवादा।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को नवादा जिले के प्रखंड अंतर्गत पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि प्रथम अथवा तृतीय मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित रहता है, तो सहयोग शिविर का आयोजन अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित स्थल पर किया जाता है। इसी क्रम में 04 अगस्त 2026 (मंगलवार) को आयोजित होने वाला सहयोग शिविर चेहल्लुम के अवसर पर घोषित सार्वजनिक अवकाश के कारण अब 05 अगस्त 2026 (बुधवार) को पूर्व निर्धारित पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सहयोग शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें।

# बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वनगंगा-डोहरा मार्ग पर सोमवार की सुबह एक हादसा हो गया। चौरमा स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से 70 वर्षीय किसान मोती यादव की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर पलट गया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक अपने घर के निकट मूत्र त्याग के लिए सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। हादसे की खबर



फैलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बालू के अवैध व अनियंत्रित उठाव पर रोक लगाने और वनगंगा चौक पर चेकपोस्ट की मांग को लेकर शव के साथ लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रखा। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को कार्रवाई और माइनिंग विभाग के समन्वय से चेकपोस्ट की व्यवस्था का आश्वासन देकर शांत कराया। ट्रैक्टर को जब्त कर चालक शरण कुमार (सांगोवर निवासी) को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है। मूल रूप से बरियो गांव के रहने वाले मोती यादव चौरमा में रहकर खेती-बाड़ी से अपने तीन पुत्रों और एक पुत्री के परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। इस घटना ने क्षेत्र में बालू परिवहन से जुड़ी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है।

# अवैध पार्किंग एवं अनियमित वाहन परिचालन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में अवैध वाहन पार्किंग एवं अनियमित वाहन परिचालन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सद्भावना चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर बड़ी बसों एवं ट्रकों की पार्किंग की सघन जांच की गई। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंता भी उपस्थित रहे। जांच के क्रम में एनएच-20, सर्विस रोड एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए गए अतिक्रमण तथा अवैध वाहन पार्किंग का निरीक्षण किया गया। बस, टेम्पो एवं टोटो चालकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित स्थलों पर ही वाहन पार्किंग एवं परिचालन करने के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा आठ वाहनों के विरुद्ध शमन की कार्रवाई करते हुए 19,000 का चालान किया गया, जबकि पूरी जांच टीम द्वारा कुल 13 वाहनों से 27,500 की शमन राशि वसूल की गई। उल्लेखनीय है कि शहीद भगत सिंह चौक के समीप जिला परिषद की खाली पड़ी भूमि पर संचालित अवैध बस पार्किंग एवं बस परिचालन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो वाहनों से शमन राशि वसूल की गई। साथ ही संबंधित वाहन संचालकों को सख्त निर्देश दिया गया कि सभी बसों का परिचालन एवं पार्किंग केवल निर्धारित बस पड़ाव से ही किया जाए। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार एनएच-20 एवं सर्विस रोड पर अवैध वाहन पार्किंग, अतिक्रमण एवं अनियमित वाहन परिचालन के विरुद्ध विशेष अभियान भी संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत 05 अगस्त से 11 अगस्त 2026 तक मस्तानगंज से खरांट मोड़, 17 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक रामदेव मोड़ से मस्तानगंज तथा 22 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक हरदिया से रामदेव मोड़ के बीच सघन जांच अभियान चलाया जाएगा।

# 'सखी वार्ता' आयोजित, दहेज निषेध, पॉश अधिनियम एवं साइबर सुरक्षा पर महिलाओं को किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, नवादा द्वारा 3 अगस्त 2026 को आकाश जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, नवादा सदर में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, कानूनी संरक्षण, सरकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मयंक प्रियदर्शी ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की जानकारी देते हुए बताया कि दहेज लेना, देना अथवा उसकी मांग करना दंडनीय अपराध है। उन्होंने दहेज उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए ऐसी स्थिति में तत्काल पुलिस एवं संबंधित विभाग से संपर्क करने की अपील की। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार ने कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (पॉश एक्ट), 2013 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी तथा महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल के अधिकार के प्रति जागरूक किया। लैंगिक विशेषज्ञ पंकज कुमार ने घरेलू हिंसा, बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव एवं महिला अधिकारों पर जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की हिंसा की स्थिति में महिलाएं महिला हेल्पलाइन-181 का उपयोग कर सकती हैं। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर दीपा चौधरी ने महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर एवं सामाजिक पुनर्वास कोष के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी।

## नालंदा

# 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम सक्रिय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों और विभिन्न विभागों के लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी सभाकक्ष में जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को जवाबदेही के साथ योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।जिलाधिकारी ने सहयोग पोर्टल पर 60 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से संबंधित सभी मामलों को समय पर मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रकार की अनावश्यक लंबितता स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में राशन कार्ड निर्माण, हर घर नल का जल योजना के लंबित भुगतान, अभियान बसेरा-2 तथा डिग्री कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने और डिग्री कॉलेज के लिए बेहतर सड़क एवं परिवहन सुविधा वाली भूमि का चयन करने का निर्देश दिया।स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीएम ने बताया कि तिरंगा यात्रा तीन चरणों में आयोजित होगी। 11 अगस्त को प्रखंड स्तर, 12 अगस्त को जिला स्तर तथा 13 अगस्त को पटना में राज्य स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर घर तक तिरंगा पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में स्लोगन लेखन, चित्रकला, सेल्फी प्रतियोगिता, सामूहिक वंदे मातरम् गायन सहित विभिन्न राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को जिला स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा।इसके अलावा समाहरणालय से कारगिल पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा निकालने, स्वतंत्रता सेनानियों पर वॉल पेंटिंग कराने तथा सभी सरकारी कार्यालयों में नियमानुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने लोक शिकायत, न्यायालयीन मामलों एवं अन्य विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# हथियारों के बल पर परिवार को बंधक बनाकर एक करोड़ की लूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय मोहल्ले में रविवार देर रात हथियारबंद और नकाबपोश बदमाशों ने खाद व्यवसायी राजीव रंजन कुमार के घर में धावा बोलकर परिवार को बंधक बना लिया। करीब एक घंटे तक बदमाशों ने घर में उत्पात मचाया और लगभग एक करोड़ रुपये मूल्य की नकदी व आभूषण लूटकर फरार हो गए। परिजनों के अनुसार, रात करीब एक बजे छत के रास्ते घर में घुसे बदमाशों ने सबसे पहले व्यवसायी के माता-पिता को बंधक बनाया। इसके बाद दूसरे तल्ले पर पहुंचकर पूरे परिवार को कब्जे में ले लिया। विरोध करने पर व्यवसायी की पिटाई की गई तथा बच्चों की कनपटी पर पिस्तौल सटाकर गोली मारने और अगवा करने की



धमकी दी गई। इसके बाद परिवार ने तिजोरी और नकदी की जानकारी दी। व्यवसायी के अनुसार, बदमाश 45 लाख रुपये नकद, करीब 40 भर सोने के आभूषण, तीन किलोग्राम चांदी के जेवर, दो हीरे के सेट तथा अन्य कीमती गहने लूट ले गए। वारदात के बाद बदमाश मुख्य गेट से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, सदर डीएसपी-1 अमरनाथ, दीपनगर थाना पुलिस और डीआईयू की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए गए। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के थवई मोहल्ले में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक हादसा हो गया। करंट की चपेट में आए एक किशोर को बचाने के प्रयास में एक महिला और उसके दो बेटे समेत कई लोग झुलस गए। गंभीर रूप से घायल 24 वर्षीय फिरोज की हायर सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार मोहम्मद महताब का पुत्र सागर घर की छत पर बैठा था। इसी दौरान उसका हाथ छज्जे के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसके बाएं हाथ की उंगलियां क्षतिग्रस्त हो गईं। सागर को बचाने के लिए रौशन खातून, उनके बेटे फिरोज और राजा आगे बढ़े, लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए। मोहल्लेवासियों ने तत्काल ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत में फिरोज समेत अन्य घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। फिरोज की रास्ते में मौत होने की सूचना मिलते ही परिजनों ने सदर अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए करीब एक घंटे तक हंगामा किया। सूचना पर सदर डीएसपी-1 के नेतृत्व में बिहार व लहेरी थाना पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, तीन जख्मी

**सरमेरा।** थाना क्षेत्र के मलावा गांव के समीप रविवार की रात एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान कन्हैया कुमार, दीपक तिवारी और कुंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिंद पहुंचाया।अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मॉडल अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा तेज रफ्तार में था। इसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### सन्नी पासवान हत्याकांड के दो और आरोपितों ने किया कोर्ट में आत्मसमर्पण

**बिहारशरीफ।** खुदागंज थाना क्षेत्र के सेरथुआ खुर्द गांव में सन्नी पासवान हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले के दो और नामजद अभियुक्तों ने सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अब घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, 27 जुलाई 2026 की सुबह करीब 11 बजे सेरथुआ खुर्द निवासी 25 वर्षीय सन्नी पासवान की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस की लगातार छापेमारी और दबिश के कारण सोमवार को मामले के दो अन्य नामजद अभियुक्त विवेक सिंह पुत्र मथुरा सिंह तथा गणेश सिंह पुत्र भूनेश्वर सिंह, दोनों निवासी सेरथुआ विगहा, थाना खुदागंज ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।पुलिस ने बताया कि हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा हत्या में प्रयुक्त आग्नेयास्त्र की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### हाइवा की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**नगरनौसा।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के नगरनौसा बस स्टैंड के पास सड़क पार करने के दौरान हाइवा के चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गया। मृतक की पहचान नगरनौसा निवासी आस मोहम्मद के रूप में किया गया। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक नगरनौसा बस स्टैंड के पास सड़क पार कर रहा था इसी दौरान तेज गति से आ रहा हाइवा के चपेट में आ गया। जिससे आस मोहम्मद की घटनास्थल पर मौत हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि हाइवा चालक के साथ हाइवा को भी जब्त कर पुलिस अग्रतर कार्यवाई में जुट गई है।

# विश्वभर के विद्यार्थियों के साथ नालंदा विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का आगाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** नालंदा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-28 का शुभारंभ सोमवार को ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम के साथ हुआ। देश-विदेश से आए नवप्रवेशी विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया गया। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने 1,000 से अधिक विद्यार्थियों के नामांकन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जबकि विभिन्न देशों से मिले आवेदनों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इससे विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। इंडक्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संस्कृति, परिसर जीवन और शोध-आधारित शिक्षा प्रणाली से परिचित कराया गया। कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से जिज्ञासु बने रहने, स्थापित धारणाओं पर सवाल उठाने और विभिन्न विषयों के बीच संवाद स्थापित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नालंदा में शिक्षा का उद्देश्य केवल उत्तर देना नहीं, बल्कि नए प्रश्नों के माध्यम से ज्ञान के नए आयाम खोलना है। कुलपति ने विश्वविद्यालय की नेट-जीरो प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में



भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की क्षेत्रीय निदेशक स्वधा रिजवी (आईएफएस) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए समय के महत्व, शैक्षणिक अनुशासन और विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान की सीख दी। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. रमेश प्रताप सिंह परिहार, सभी स्कूलों के डीन एवं विभिन्न समितियों के प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किशोर धावला ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. इंद्राणी बरपुजारी ने दिया। इंडक्शन कार्यक्रम के समापन के तहत 4 अगस्त को स्पिक मैके के सहयोग से विश्वामित्रालय सभागार में प्रसिद्ध वायलिन वादक डॉ. मैसूर मंजूनाथ एवं सुमंत मंजूनाथ की कर्नाटक वायलिन युगल संगीत संध्या का आयोजन होगा।

# बंद मकान से 10 लाख की चोरी, जेवर-नकदी समेट ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए करीब 10 लाख रुपये मूल्य की नकदी, जेवरात और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय मकान मालिक अशोक सिंह चंदेल अपने प्रोफेसर पुत्र से मिलने जम्मू गए हुए थे। उनकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, अशोक सिंह चंदेल करीब छह दिन पहले जम्मू रवाना हुए थे। घर की सुरक्षा के लिए उन्होंने बाउंड्री पर लगे लोहे के ग्रिल के ऊपर नुकीले कांटेदार तार भी लगवाए थे, लेकिन चोर सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए चारदीवारी फांदकर परिसर में प्रवेश कर गए।मकान मालिक के भतीजे प्रवीण सिंह ने बताया कि बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ने के बाद घर के छह कमरों के ताले भी तोड़ दिए। इसके बाद गोदरेज अलमारियों, बक्सों और अन्य सामान को खंगालते हुए 35 हजार रुपये नकद, पांच चांदी की पायल, तीन जोड़ी सोने के झुमके, चांदी का नारियल, कांसे एवं पीतल के बर्तन समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। चोरों ने एक गुल्लक भी तोड़ दी और उसमें रखे नए-पुराने सिक्के भी अपने साथ ले गए। वारदात की सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि चोरों ने चोरी के दौरान घर के किचन में रखे बिस्कुट और ड्राई फ्रूट्स भी खाए। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बदमाशों ने बिना किसी डर या जल्दबाजी के काफी देर तक घर में आराम से चोरी की। इसके बावजूद आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।घटना की सूचना मिलने पर राजगीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीडिति परिवार के बाहर रहने के कारण अभी तक लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# नालंदा में जन सुराज की जीत पर जश्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में जन सुराज की ऐतिहासिक जीत पर नालंदा में भी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। जन सुराज व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने इस जीत को जनता के विश्वास, बदलाव की उम्मीद और नई राजनीतिक सोच की जीत बताया। उन्होंने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को इस शानदार विजय पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपेंद्र विभूति ने कहा कि वर्षों से चली आ रही पारंपरिक राजनीति के बीच बांकीपुर की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अब बिहार की राजनीति विकास, शिक्षा, रोजगार और जवाबदेह नेतृत्व के मुद्दों पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक विधानसभा क्षेत्र की सफलता नहीं, बल्कि बिहार में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत के लिए बांकीपुर की देवतुल्य जनता, जन सुराज के सभी समर्पित कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का यह भरोसा पार्टी के लिए नई जिम्मेदारियों का संदेश भी है।इस अवसर पर सतेंद्र पासवान, दिनेश कुमार, उपेंद्र यादव और आनंद सिन्हा ने भी जन सुराज की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को बधाई दी। सभी नेताओं ने विश्वास जताया कि यह जीत बिहार की राजनीति में नई दिशा और नए विकल्प का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# राजगीर के दर्शनीय स्थलों पर कांवरियों की भारी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** श्रावणी मेले के चरम पर पहुंचते ही धर्मनगरी राजगीर में आस्था और पर्यटन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में बोल बम कांवरिये यहां पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों और तीर्थाटन के साथ-साथ राजगीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी आनंद ले रहे हैं। इसके कारण शांति स्तूप, रोपवे, घोड़ाकटोरा झील, वीरायतन म्यूजियम, नेचर सफारी, जू सफारी और ग्लास ब्रिज सहित विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों पर दिनभर कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। श्रावणी मेले में पहुंचे श्रद्धालु मेले में लगे खेल-तमाशों, झूलों और सांस्कृतिक आकर्षणों का भी भरपूर आनंद उठा रहे हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। चाय-नाश्ते की दुकानों, बर्तन एवं सजावटी सामानों की दुकानों तथा अन्य अस्थायी व्यवसायों में अच्छी बिक्री हो रही है। मेले के कारण स्थानीय रोजगार को भी नई गति मिली है। विशेष रूप से नेचर सफारी, जू सफारी और ग्लास ब्रिज युवाओं एवं कांवरियों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन स्थलों का रुख कर रहे हैं। श्रावणी मेले के दौरान बढ़ी भीड़ से पूरे राजगीर में उत्साह और रौनक का माहौल बना हुआ है।

# सफाई कर्मियों की मांगों के समाधान के लिए सरकार गंभीर, शीघ्र होगा सकारात्मक निर्णय : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को जिला अतिथि गृह सभागार में नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, नगर निगम गया के पदाधिकारियों एवं नगर निगम कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सफाई कर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष ने दैनिक सफाई कर्मियों की समस्याओं को रखते हुए मांग की कि उन्हें अविलंब ईएसआईसी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करने, अर्जित अवकाश एवं आकस्मिक अवकाश की सुविधा देने, साप्ताहिक अवकाश लागू करने, कार्य के दौरान घायल होने पर निजी अस्पतालों में उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान की गारंटी देने की मांग की। बैठक के दौरान ही बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने नगर विकास एवं आवास मंत्री से दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने कर्मचारी यूनियन की प्रमुख तीन सूत्री मांगों से मंत्री को अवगत कराते हुए इन समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं सकारात्मक पहल करने को कहा है। मंत्री ने मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों द्वारा उठाई गई अधिकांश मांगें नई नहीं हैं, बल्कि लंबे समय से लंबित हैं। वर्तमान व्यवस्था में ये कर्मी एनजीओ के माध्यम से कार्यरत हैं जिसके कारण कई व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न होती है। इसके बावजूद सरकार इनकी समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशक पहले कर्मचारियों को अपनी मांगों के लिए बार-बार हड़ताल का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन बिहार में एनडीए सरकार बनने के बाद गरीब, वंचित एवं निचले स्तर के कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य किए गए हैं। सरकार सफाई कर्मियों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। डॉ प्रेम कुमार ने नगर आयुक्त को निदेश दिया कि हड़ताल समाप्त होने के बाद स्थानीय कर्मचारियों की सप्तम मानदेय पर विभाग को अवगत कराएं साथ ही इनके मांगों पर अलग से विस्तृत बैठक कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नगर निगम के स्वच्छता पदाधिकारी गौतम कुमार, शुभम कुमार, चंदन कुमार सहित कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गया को खेल सुविधाओं का मॉडल शहर बनाया जाएगा : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की पहल पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संकरण एवं खेल विभाग की उच्चस्तरीय टीम सोमवार को गया पहुंची। जिला अतिथि गृह सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में खेल अवसंरचना के विकास और आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के बाद डॉ. प्रेम कुमार और टीम ने चंदौती थाना क्षेत्र के दूर्वे में प्रस्तावित 14 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया जहां प्रमंडल स्तरीय आधुनिक स्पोर्ट्स अकादमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 दिनों के भीतर परियोजना का मास्टर प्लान तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों का एथलेटिक्स ट्रैक, इंडोर व आउटडोर खेल मैदान, प्रशिक्षण केंद्र, खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों के आवास तथा महिला खिलाड़ियों के लिए पृथक योग केंद्र विकसित किए जाएंगे। खिजरसराय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम निर्माण की योजना भी प्रगति पर है। टीम ने गया कॉलेज खेल परिसर का निरीक्षण कर खेलो इंडिया योजना के तहत आधुनिक रनिंग ट्रैक, बाउंड्री वॉल की मरम्मत और अन्य खेल सुविधाएं विकसित करने की योजना की समीक्षा की। गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम में ओपन जिम, ग्रीन पार्क, वॉक-वे, फाउंटेन, बच्चों के प्ले एरिया, इवेंट भवन तथा तालाब को स्विमिंग पूल के रूप में विकसित करने की योजना का भी जायजा लिया गया। मौके पर संयुक्त सचिव, सहायक निदेशक, भवन निर्माण विभाग के जनरल मैनेजर, जिला खेल पदाधिकारी, मोती करीबी, मोहन लाल शर्मा, मुकेश चंद्रवंशी, शंभू सुमन, जितेंद्र कुमार, राजनंदन गांधी, ऋषभ राज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं

## जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता स्तर पर निष्पादन हेतु पदाधिकारियों को दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 100 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, घरेलू हिंसा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

# शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** मैगरा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए बागपुर जंगल के मनी पहाड़ी से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 50 लीटर महुआ निर्मित देशी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पनछंदा गांव निवासी सुरेंद्र पासवान, करमा भुइयां और बिजय भुइयां के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र के पास से 20 लीटर, करमा के पास से 15 लीटर और बिजय के पास से 15 लीटर शराब मिली।

# गया कॉलेज में विशेष शिविर के पांचवें दिन योग, पौधारोपण एवं नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गया।** गया कॉलेज, गया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत प्रातःकालीन योगाभ्यास से हुई। योग सत्र में विपश्यना साधना का अभ्यास डॉ. हिमांशु कुमार, रिसर्च फेलो, मगध विश्वविद्यालय द्वारा कराया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विपश्यना ध्यान को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार मानते हुए दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। योग के उपरांत गया कॉलेज, गया के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर भी है। स्वयंसेवकों ने पौधों की नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के मुंशी प्रेमचंद सभागार में नारी सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र, गया कॉलेज वूमेन सेल की समन्वयक, डॉ.रूनू रवि इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. स्नेहलता, संकल्प एन.जी.ओ. की सह-संस्थापक डॉ. सुरभि कुमारी की गरिमामयी उपस्थित रही।

# सहयोग शिविर का आयोजन अब पांच को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार सरकार द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में सहयोग शिविर आयोजित किए जाने का प्रावधान है। निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि प्रथम अथवा तृतीय मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित रहता है तो सहयोग शिविर का आयोजन अगले कार्य दिवस को पूर्व निर्धारित स्थल पर किया जाता है। इसी क्रम में 4 अगस्त 2026 (मंगलवार) को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के दिन चेहल्लुम के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित रहने के कारण अब यह शिविर 05 अगस्त 2026 (बुधवार) को पूर्व निर्धारित पंचायतों एवं नगर निकायों के वार्डों में आयोजित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सहयोग शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराया जा सके। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे 5 अगस्त 2026 को आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं आवेदन का निष्पादन कराएं तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ प्राप्त करें।

# टिकारी में खाद के लिए बिस्कोमान गोदाम पर किसानों के बीच पथराव, वितरण रुका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** खाद की किल्लत को लेकर सोमवार को टिकारी स्थित बिस्कोमान गोदाम पर बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते धक्का-मुक्की पथराव में बदल गई जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ने पर खाद वितरण रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार किसान सुबह चार बजे से ही खाद लेने के लिए गोदाम के बाहर कतार में लग गए थे। भीड़ लगातार बढ़ने के कारण वितरण व्यवस्था चरमरा गई। खाद वितरण शुरू होने के दौरान किसानों के बीच धक्का-मुक्की हुई जो बाद में विवाद और पथराव में बदल गई। बढ़ती भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में अधिकारियों ने खाद वितरण तत्काल रोक दिया। प्रशासन ने बताया कि मंगलवार से पुलिस सुरक्षा की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया जाएगा। किसान उमेश यादव, अनिल यादव, सुनीता देवी, मानती देवी, मंजू देवी और लाल बाबू यादव ने बताया कि वे सुबह से लाइन में खड़े थे, लेकिन खाद नहीं मिल सकी। पथराव और हंगामे के बाद कई किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। किसानों ने आरोप लगाया कि निजी दुकानों पर यूरिया निर्धारित कीमत से अधिक दर पर बेची जा रही है। उनका कहना है कि एक बैग यूरिया के लिए 330 से 400 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। किसानों ने पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बिस्कोमान टिकारी के प्रबंधक अमृत राज ने बताया कि गोदाम को 500 बैग यूरिया और 750 बैग डीएपी का आवंटन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मंगलवार से पुलिस सुरक्षा के बीच व्यवस्थित तरीके से किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

# पितृपक्ष मेला-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पेंट द सिटी प्रतियोगिता होगी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** पितृपक्ष मेला-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, गया के निर्देश के आलोक में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। निर्णय के अनुसार इस वर्ष पितृपक्ष मेला-2026 के अवसर पर आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं कला प्रेमियों के लिए पेंट द सिटी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महाविद्यालयों के विद्यार्थी, गया जिले के आम नागरिक तथा अन्य जिलों के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों द्वारा निम्न विषयों पर पेंटिंग आमंत्रित की गई है- बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती फोक पेंटिंग, बिहार की धार्मिक एवं आध्यात्मिक धरोहर पर आधारित चित्र, पितृपक्ष, तर्पण एवं पिंडदान की परंपरा से संबंधित चित्र, पिंडदान की ऐतिहासिक एवं पौराणिक कथाओं पर आधारित चित्र, बिहार की लोककला एवं लोकसंस्कृति को दर्शाती कलाकृतियां, भगवान श्रीराम एवं माता सीता द्वारा अपने पिता महाराज दशरथ के पिंडदान की चित्रकथा, विभिन्न राजाओं एवं महापुरुषों द्वारा अपने पूर्वजों के पिंडदान से संबंधित चित्र।

# सरकारी किताबों की बिक्री के आरोप में बीईओ ने की स्कूल की जांच, स्टॉक में मिली गड़बड़ी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कोराप पंचायत स्थित छतीहर-जमालपुर मध्य विद्यालय में सरकारी पुस्तकों की कथित बिक्री के वीडियो वायरल होने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को विद्यालय पहुंचकर जांच की। बीईओ ने ग्रामीणों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं से अलग-अलग बातचीत कर मामले की जानकारी ली। जांच के क्रम में उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने बच्चों और ग्रामीणों के साथ बैठकर मध्याह्न भोजन भी किया। जांच में पुस्तक वितरण में अनियमितता सामने आई। बीईओ ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 6 की 40 छात्राओं के लिए पुस्तकें प्राप्त हुई थीं। रिकॉर्ड के अनुसार 24 छात्राओं को पुस्तकें दी जा चुकी है। शेष 16 छात्राओं को न तो पुस्तकें स्टॉक में मिलीं और न ही उनका वितरण हुआ। छात्रा खुशबू कुमारी ने बीईओ से शिकायत की कि उसे अब तक पुस्तक नहीं मिली है। बीईओ संतोष कुमार ने कहा कि मामले में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना कुमारी से लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका अक्सर मनमानी करती है और प्रखंड मुख्यालय से दूरी का लाभ उठाती है।

# महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से शराब ले जा रही बाइक भी जब्त कर ली गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बाइक से मकसुदपुर से इजमाइल बलवा की ओर देसी महुआ शराब लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने मकसुदपुर पानी टंकी के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस जवानों ने पीछा कर उसे बाइक समेत पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान इजमाइल बलवा निवासी संयोग साव के पुत्र रामबाबू कुमार के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बाइक पर रखे एक झोले से 10-10 लीटर की पांच प्लास्टिक थैलियों में कुल 50 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विद्यार्थी परिषद ने चलाया सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बोधगया नगर इकाई ने सोमवार को एस.एम.एस.जी. कॉलेज, शेरघाटी में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की। जिला सदस्यता प्रमुख अमन मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और छात्र हितों के लिए समर्पित विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। उन्होंने विद्यार्थियों से परिषद की विचारधारा, सेवा कार्यों और सामाजिक दायित्वों से जुड़कर राष्ट्र एवं समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। छात्र नेता रंजन कुमार ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में युवाओं ने परिषद की सदस्यता लेकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र समस्याओं के समाधान, शैक्षणिक सुधार और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर निरंतर सक्रिय रहती है। इस अवसर पर एबीवीपी के पदाधिकारियों ने नवसदस्यों का स्वागत किया।

# मोबाइल छिनतई मामले का आरोपित गिरफ्तार, छीना गया फोन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना क्षेत्र में महिला से मोबाइल छीनने के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार 1 अगस्त 2026 को एक महिला ने पंचानपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि वह पंचानपुर बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रही थी। सिंघापुर-रामेश्वर बगीचा के बीच बाइक सवार एक युवक ने पीछे से आकर उसका रास्ता रोका, उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया और विरोध करने पर उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं सूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने कोंच थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव निवासी दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया।

# वंदे भारत की चपेट में आए विकलांग बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** गुरारू बाजार से दवा लेने जा रहे सिमरा पंचायत के ग्राम खैरा निवासी महेंद्र यादव, 65 की रविवार शाम वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा रौना रेलवे गुमटी के पास हुआ। जानकारी के अनुसार महेंद्र यादव पैर से विकलांग थे और लाठी के सहारे चलते थे। वे खैरा गांव से टेम्पो से रौना रेलवे गुमटी तक आए और वहां से पैदल लाइन पार करने लगे। इसी दौरान डीडीयू-गया रूट पर गुजर रही अमृत भारत हावड़ा आनंद बिहार की चपेट में आ गए।

# दहेज के लिए प्रताड़ना और मारपीट का आरोप, महिला ने थाने में दी तहरीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी एक महिला ने ससुराल पक्ष पर मारपीट, प्रताड़ना और 10 लाख रुपये दहेज की मांग का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता आरती कुमारी ने सोमवार को थाने में दिए आवेदन में बताया कि सुबह उनके पति सूरज कुमार दुकान खोल रहे थे। इसी दौरान ससुर सियाराम गुप्ता, देवर गौरव कुमार और मामा ससुर समेत अन्य लोगों ने उन्हें जबरन दुकान से बाहर निकाल दिया और मारपीट की। बीच-बचाव करने पर आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। आरती का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। नैहर से 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि रुपये न देने पर उन्हें घर में नहीं रहने दिया जाएगा और दुकान से भी बेदखल कर दिया जाएगा। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यलिय नगर पंचायत, मझिआँव**
E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांक–831 ,न0पं0 / दिनांक–31.07.2026

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्रांतर्गत रहने वाले सभी आम नागरिकों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थागत सोसायटियों एवं अन्य सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को सूचित किया जाता है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 तथा स्वच्छ भारत मिशन के दिशा–निर्देशों के आलोक में शहर के अपशिष्ट का वैज्ञानिक और समुचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु, नगर पंचायत मझिआँव द्वारा संचालित डोर–टू–डोर (घर–घर) ठोस अपशिष्ट संग्रहण प्रणाली में अब कचरे का उठाव केवल स्रोत पर 04 श्रेणियों में पृथक्कृत (अलग–अलग) रूप में ही किया जाएगा।

सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने परिसरों से निकलने वाले कचरे को निम्नलिखित 04 रंगीन डस्टबिनों में ही वर्गीकृत कर नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों को सौंपें:

1. गीला अपशिष्ट (Wet Waste) — हरा डस्टबिन (Green Bin) विवरण: जैविक एवं सड़नशील पदार्थ। शामिल वस्तुएं: रसोई का कचरा, फल एवं सब्जियों के अवशेष, बचा हुआ भोजन तथा अन्य सड़ने योग्य सामग्रियां।
2. सूखा अपशिष्ट (Dry Waste) — नीला डस्टबिन (Blue Bin) विवरण: पुनर्चक्रण योग्य (Recyclable) अजैविक पदार्थ। शामिल वस्तुएं: कागज, कार्डबोर्ड, प्लास्टिक, धातु, कांच, सूखे वस्त्र एवं रबर आदि।
3. स्वच्छता अपशिष्ट (Sanitary Waste) — लाल डस्टबिन (Red Bin) विवरण: व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी अपशिष्ट। शामिल वस्तुएं: प्रयुक्त सेनेटरी नैपकिन, डायपर, दूषित पट्टियां, कॉटन एवं अन्य स्वच्छता संबंधी अपशिष्ट।
4. विशिष्ट देखभाल अपशिष्ट (Special Care Waste) — काला डस्टबिन (Black/Grey Bin) विवरण: घरेलू खतरनाक एवं इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट।शामिल वस्तुएं: समय–सीमा समाप्त (Expired) दवाइयां, टूटे कांच, पुरानी बैटरियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (E-waste), पेंट, थिनर तथा कीटनाशक के डिब्बे आदि।

PR 386560 Urban Development(26-27)#D

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव



**कार्यालय उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा**
(जिला आपूर्ति शाखा)
अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–02 / 2026–27

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में सरकारी भोजन केन्द्र योजनांतर्गत मुख्यमंत्री दाल–भात केन्द्रों के संचालन के निमित वर्ष 2026–27 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रों पर चावल, चना एवं सोयाबीन बडी आपूर्ति किया जाना है। जिला / अनुमण्डल स्तर के केन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वी0 उसना चावल और 1.05 क्वी0 चना एवं 1.05 क्वी0 सोयाबीन बडी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रों को प्रतिमाह 12.00 क्वी0 उसना चावल और 75 किलोग्राम चना एवं 75 किलोग्राम सोयाबीन बडी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से दिनांक 04.08.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन से 12.08.2026 को 2:00 अपराहन तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दिनांक 12.08.2026 को 3:00 बजे अपराहन में अपर समाहर्ता, गढ़वा के कार्यालय कक्ष में खोला जायेगा। जिसमें निविदादात्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

निविदा की आवश्यक शर्तों एवं विस्तृत विवरणी prdjharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 386512 Food Public Distribution and Consumer Affairs(26-27)D

अपर समाहर्ता–सह–वरीय पदाधिकारी, जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा।



**Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**
Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender

ज्ञापांक................ दिनांक...........

नगर परिषद गढ़वा क्षेत्रान्तर्गत LED Light Set का क्रय हेतु दर निर्धारण के लिये कोटेशन आमंत्रण सूचना / ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 04 / 2026–27, सामग्रियों की सूची

| क्र0सं0 | Description of Items | Unit |
| --- | --- | --- |
| | S.I.T.C of flowing rating LED street Lighting luminary with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP 66 protection) in existing pole/pipe for supply voltage 100-270v AC, 50Hz. Luminary shall be confirm to IS: 10322 part-5/section-3 and shall be complete with all necessary accessories as required | |
| 01 | 45W/48W LED Street light Set | Each |
| 02 | S.P 5/6 amps one way modular switch, ISI marked | Each |
| 03 | 1.5 Sq mm ISI Marked, FR LS PVC insulated, single core copper conductor cable | Meter |

इच्छुक निर्माता / आपूर्तिकर्ता / विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु प्रति अदद दर आमंत्रित किया जाता है, वे रू0 5000.00 (पांच हजार रूपये) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो Executive Officer Nagar Parishad Garhwa से देय होगा, के साथ दिनांक 13.08.2026 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिशद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 02:30 बजे अपराहन् में दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर दर निर्धारण कर आपूर्ति आदेश पर विचार किया जायेगा।

नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें एवं संलग्न करने वाले आवश्यक दस्तावेज की विवरणीं सूचना पट्ट पर देखना अनिवार्य है।

ह0 / –
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा।

PR 386568 Urban Development(26-27)D

संपादकीय

## विनाश से बचाव का एक ही रास्ता, समय रहते अग्रिम तैयारी

प्रशांत महासागर की अगाध गहराइयों में घटने वाली समुद्री तापीय घटनाओं से लेकर भारत के पश्चिमी तट पर बसे गुजरात के शहरों और गांवों में हो रही अप्रत्याशित मूसलाधार बारिश तक, प्रकृति का एक बहुत ही जटिल और परस्पर जुड़ा हुआ वैज्ञानिक जाल देखने को मिल रहा है. पिछले कुछ दिनों में नवसारी, वलसाड, सूरत और आसपास के क्षेत्रों में जिस प्रकार बादलों ने जल-प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न की है, वह केवल किसी स्थानीय मौसमी विसंगति का परिणाम नहीं है, बल्कि इसके पीछे संपूर्ण एशिया महाद्वीप के ऊपर फैला एक विशालकाय वायुमंडलीय तंत्र और महासागरीय चक्र सक्रिय है. अंतरिक्ष में स्थापित मौसम उपग्रहों से प्राप्त ताजा तस्वीरों ने वैज्ञानिकों को भी आश्चर्यचकित कर दिया है, क्योंकि भारत के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से से लेकर पूर्वी एशिया में दक्षिण कोरिया तक लगभग दस हजार किमी लंबी बादलों की पट्टी बन गई है. गुजरात में हाल ही में हुई अत्यधिक वर्षा के पीछे वैज्ञानिक कारणों की परतें अत्यंत व्यापक हैं. मुख्य रूप से प्रशांत महासागर में होने वाली एक दीर्घकालिक तापीय हलचल जिसे प्रशांत दशकीय दोलन कहा जाता है, इस समय अपने ऋणात्मक अथवा ठंडे दौर से गुजर रही है. जब यह दोलन ऋणात्मक अवस्था में होता है, तब उत्तरी-पूर्वी प्रशांत महासागर की सतह का पानी ठंडा रहता है जबकि पश्चिमी प्रशांत और हिंद महासागर का तापमान सामान्य से अधिक गरम हो जाता है. इस तापीय विषमता के कारण समुद्र की सतह से वाष्पीकरण की गति कई गुना बढ़ जाती है, जिससे वायुमंडल में विशाल मात्रा में जलवाष्प जमा होने लगती है. यही जलवाष्प मानसूनी हवाओं के साथ भारतीय उपमहाद्वीप की ओर बढ़ती है. यह मौसमी स्थिति केवल गुजरात तक सीमित रहने वाली नहीं है, बल्कि आने वाले दिनों में देश के एक बड़े भूभाग को अति-भारी वर्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहना होगा. उपग्रह चित्रों में दिख रही बादलों की विशाल पट्टी धीरे-धीरे उत्तर, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के राज्यों की ओर खिसक रही है. उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और पूर्वोत्तर के राज्यों में वायुमंडलीय दबाव का संतुलन इस प्रकार बन रहा है कि वहां भी अल्प समय में अत्यधिक वर्षा होने की पूरी संभावना है. वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों का यह अंतर्संबंध जलवायु परिवर्तन के व्यापक दुष्प्रभावों को रेखांकित करता है. महासागरों के औसतन बढ़ते तापमान और वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि के कारण वायुमंडल में नमी बनाए रखने की क्षमता में प्रति डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि पर लगभग सात प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होती है.

इसका सीधा अर्थ यह है कि अब मानसून के दौरान बादल लंबे समय तक धीमी बारिश करने के बजाय एक ही स्थान पर अचानक और तीव्र रूप से अपना सारा जल गिरा देते हैं. यही कारण है कि आज देश के एक हिस्से में सूखा जैसी स्थिति दिखती है तो दूसरे हिस्से में कुछ ही घंटों में जलप्रलय आ जाती है.

आने वाले दिनों की मौसमी चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए देश के नागरिक प्रशासनिक तंत्र, आपदा प्रबंधन इकाइयों और आम जनता को वैज्ञानिक सतर्कता अपनानी होगी. जिन राज्यों में यह विशाल मौसमी तंत्र आगे बढ़ रहा है, वहां निचले इलाकों से लोगों की निकासी, नदियों के जलस्तर की निरंतर निगरानी और पहाड़ी मार्गों पर यात्रा में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है. किसानों को अपनी फसलों के जल निकास की उचित व्यवस्था करनी होगी, वहीं शहरी क्षेत्रों में नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई को प्राथमिकता देनी होगी ताकि शहरों को जलमग्न होने से बचाया जा सके.

# बाल तस्करी के खिलाफ व्यापक रणनीति की जरूरत

**बाल तस्करी मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन और गंभीर अपराध है। यह इस कड़वी सच्चाई की याद दिलाता है कि भले ही कानून की दृष्टि में दास प्रथा को समाप्त कर दिया गया हो, लेकिन व्यवहार में यह आज भी नए और भयावह रूपों में मौजूद है। भारत में जहां एक सशक्त संविधान और बच्चों की सुरक्षा के लिए अनेक कानून मौजूद हैं, वहां बाल तस्करी जैसे अपराध गहरी संस्थागत विफलताओं और सामाजिक उदासीनता को उजागर करते हैं। पिछले वर्ष दिसंबर में सर्वोच्च न्यायालय के एक महत्वपूर्ण निर्णय में इस भयावह सच्चाई की ओर देश का ध्यान दिलाने की कोशिश की गई। शीर्ष न्यायालय ने बाल तस्करी को अत्यंत विचलित करने वाली वास्तविकता बताते हुए रेखांकित किया कि संगठित गिरोह आज भी बच्चों के अधिकारों का हनन और उनका शोषण कर रहे हैं।**

नृपेंद्र अभिषेक नृप

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष आया यह मामला बेंगलुरु में संगठित गिरोह द्वारा एक नाबालिग के यौन शोषण से संबंधित था। न्यायालय ने अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम के तहत दोषियों की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि इस प्रकार के अपराध मानव गरिमा और प्रत्येक बच्चे को शोषण से बचाने के राज्य के संवैधानिक वचन की नींव पर सीधा प्रहार करते हैं।

साथ ही स्पष्ट किया कि तस्करी का तंत्र बहुस्तरीय संरचनाओं के माध्यम से काम करता है, जिसमें उनका शोषण भी शामिल है। ये गिरोह अक्सर गरीबी, असमानता, पलायन तथा प्रशासनिक व्यवस्था एवं सामाजिक-आर्थिक कमजोरियों का फायदा उठाते हैं।

इस निर्णय का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें बाल पीड़ितों की गवाही को किस प्रकार देखा और परखा जाना चाहिए, इस पर विशेष बल दिया गया है। तस्करी के शिकार हुए बच्चे गंभीर मानसिक आघात से गुजरते हैं। ऐसे में उनसे यह अपेक्षा करना कि वे हर घटना को पूरी स्पष्टता और निरंतरता के साथ बयान कर सकें, यह न तो व्यावहारिक है और न ही मानवीय। भय, सदमा और समय के अंतराल के कारण उनके बयान में कुछ असंगतियां होना स्वाभाविक है।

न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि ऐसी छोटी-मोटी असंगतियों के आधार पर बच्चे की गवाही को अविश्वसनीय नहीं ठहराया जाना चाहिए। साथ ही यह भी दोहराया कि यौन तस्करी के शिकार पीड़ित बच्चे प्रत्यक्ष साक्षी होते हैं और उनकी गवाही को पूरा सम्मान दिया जाना चाहिए।

अभी जो स्थिति है, उस पर गौर करें, तो जमीनी हकीकत अब भी बेहद निराशाजनक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018 से 2022 के बीच भारत में मानव तस्करी के 10,659 मामले दर्ज किए गए। इसके बावजूद, इसी अवधि में दोषसिद्धि की दर मात्र 4.8 फीसद रही।



दर्ज मामलों और सजा पाए अपराधियों के बीच का यह बड़ा अंतर इस बात को उजागर करता है कि जांच, अभियोजन और संस्थागत समन्वय में गंभीर खामियां हैं। इससे तस्करों का मनोबल बढ़ता है, क्योंकि उन्हें यह विश्वास रहता है कि सजा मिलने की संभावना बेहद कम है।

दोषसिद्धि की कम दर के पीछे एक बड़ा कारण प्रशिक्षित मानव तस्करी निरोधक इकाइयों की कमी है। कई राज्यों में ऐसी इकाइयां गठित की गई हैं, लेकिन वे कर्मचारियों की कमी, अपर्याप्त प्रशिक्षण, अंतरराज्यीय समन्वय का अभाव और सीमित संसाधनों से जूझती रहती हैं। अनेक मामलों में जांच की गुणवत्ता इतनी कमजोर होती है कि मुकदमे अदालत में टिक ही नहीं पाते। डिजिटल और वित्तीय साक्ष्यों को एकत्र न कर पाना, गवाहों का प्रतिकूल हो जाना और वर्षों तक चलने वाली अदालती कार्यवाही पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को मानसिक रूप से तोड़ देती है। जब तक पुलिस व्यवस्था और अभियोजन प्रणाली में संरचनात्मक सुधार नहीं किए जाते, तब तक पीड़ितों को समय पर पूर्ण न्याय नहीं मिल पाएगा। बाल तस्करी को अक्सर यौन शोषण तक सीमित कर देखा जाता है, जबकि इसके अन्य रूप भी उतने ही भयावह हैं। जबरन बाल श्रम, घरेलू दासता, भीख मंगवाने, अवैध रूप से गोद लेने और बाल विवाह जैसे अपराधों में भी बड़ी संख्या में बच्चे तस्करी का शिकार होते हैं। ये बच्चे कारखानों, खेतों, निर्माण स्थलों और घरों में खतरनाक परिस्थितियों में काम करने पर मजबूर होते हैं। वे समाज की निगाहों से ओझल रहते हैं और अक्सर कानूनी सुरक्षा से भी वंचित रह जाते हैं।बाल तस्करी से निपटने में बचाव कार्य बेहद महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह केवल पहला कदम है। कई बार बच्चों को उन्हीं सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में वापस भेज दिया जाता है, जिनके कारण वे तस्करी का शिकार बने थे। इससे उनके दोबारा तस्करी में फंसने का खतरा बना रहता है। केवल मुआवजा देना उनके भावनात्मक घावों को भरने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक स्वीकार्यता की आवश्यकता होती है। दुर्भाग्य से कई पुनर्वास गृह कमजोर निगरानी के अभाव में कभी-कभी स्वयं शोषण के केंद्र बन जाते हैं। इसलिए बाल तस्करी के विरुद्ध किसी भी प्रभावी रणनीति का आधार रोकथाम होना चाहिए। गुणवत्तापूर्ण और सार्वभौमिक शिक्षा तक बच्चों की पहुंच सुनिश्चित करना रोकथाम का सबसे सशक्त उपाय है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम ने चौदह वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का वादा किया था, लेकिन आज भी प्रवासी, आदिवासी और शहरी गरीब समुदायों में विद्यालय छोड़ने की दर बहुत अधिक है। जो बच्चे स्कूल से बाहर होते हैं, वे तस्करों के लिए सबसे आसान शिकार बन जाते हैं।

तकनीकी सुविधाओं ने बच्चों की तस्करी को रूप बदलने वाला अपराध बना दिया है। तस्कर अब सोशल मीडिया मंचों, मैसेजिंग ऐप और ऑनलाइन नौकरी पोर्टलों के माध्यम से बच्चों को फंसाते हैं। इन अपराधों से निपटने के लिए उन्नत साइबर क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी कंपनियों के साथ साझेदारी की आवश्यकता है, ताकि तस्करों के जाल की पहचान कर उन्हें तोड़ा जा सके।

इस पूरी लड़ाई में समाज की भूमिका भी महत्त्वपूर्ण है। गैर-सरकारी संगठन, सामुदायिक समूह, शिक्षक और मीडिया कमजोर बच्चों की पहचान करने, जागरूकता फैलाने और प्रशासन को जवाबदेह बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि यह भी सच है कि नागरिक समाज सरकार की जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता। उसके प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए सरकारी समर्थन, वित्तीय संसाधन और संस्थागत सहयोग अनिवार्य हैं।बाल तस्करी केवल कानून और व्यवस्था की समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक असमानताओं और नैतिक विफलता का प्रतिबिंब है। इससे निपटने के लिए निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, न्यायिक संवेदनशीलता और सक्रिय नागरिक भागीदारी की आवश्यकता है। यदि भारत अपने संवैधानिक वादों और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े दायित्वों को निभाना चाहता है, तो उसे प्रतीकात्मक कदमों और बिखरे हुए प्रयासों से आगे बढ़ना होगा। एक ऐसे भविष्य की नींव रखनी होगी, जहां हर बच्चा गरिमा, सुरक्षा और अवसर के साथ बड़ा हो सके।

अध्यात्म

## काम करते समय बेचैनी और लालच से मुक्त रहें

एक दिन एक भक्त आश्रम में आया। उसने गुरु को श्रद्धापूर्वक एक गाय दान में दी। शिष्य को यह देखकर बहुत खुशी हुई और उसने गुरु को बताया कि अब आश्रम में अपनी गाय है। गुरु मुस्कुराए और बोले, 'यह बहुत अच्छी बात है। अब हमें रोज ताजा दूध मिलेगा, जिससे हमारा स्वास्थ्य बेहतर होगा।' गुरु की बात सुनकर शिष्य भी प्रसन्न हो गया। अब आश्रम में रोज ताजा दूध आने लगा। गुरु-शिष्य की सेहत अच्छी रहने लगी। शिष्य को लगने लगा कि गाय आने से आश्रम की सुविधाएं बढ़ गई हैं। कुछ समय तक गुरु-शिष्य इस सुख का आनंद लेते रहे, लेकिन एक दिन अचानक गाय कहीं चली गई। आश्रम में हलचल मच गई। शिष्य बहुत दुखी हो गया। उसे लगने लगा कि अब पहले जैसी सुविधा नहीं रहेगी। वह उदास मन से गुरु के पास गया और बोला, 'गुरुजी, हमारी गाय चली गई। अब हमें ताजा दूध नहीं मिलेगा। सब कुछ फिर पहले जैसा हो गया। '

गुरु शांत भाव से बोले, 'बेटा, यह भी अच्छी बात है। अब हमें गाय की देखभाल नहीं करनी पड़ेगी और गोबर की सफाई में समय नहीं लगेगा। यह समय अब हम साधना और ज्ञान प्राप्त करने में लगा सकते हैं।' शिष्य को गुरु की बात सुनकर आश्चर्य हुआ। उसने कहा, 'लेकिन गुरुजी, जो सुविधा हमें मिली थी, वह तो चली गई। उसका दुख कैसे न करें? '

गुरु ने समझाया, 'जीवन में सुख और दुख दोनों आते-जाते रहते हैं। यदि सुख मिलने पर हम बहुत अधिक उत्साहित हो जाएंगे और दुख आने पर टूट जाएंगे, तो हमारा मन कभी शांत नहीं रह पाएगा। हमें हर परिस्थिति में संतुलित रहना सीखना चाहिए। '

गुरु ने आगे समझाया, 'समझदार व्यक्ति न तो दुख में अत्यधिक परेशान होता है और न ही सुख में अहंकार या अत्यधिक उत्साह में बहता है। वह हर परिस्थिति को समान भाव से स्वीकार करता है।' शिष्य को गुरु की सीख समझ आ गई। उसने जाना कि जीवन की असली खुशी बाहरी वस्तुओं में नहीं, बल्कि मन की संतुष्टि में होती है। इच्छाएं जितनी बढ़ती हैं, मन की बेचैनी भी उतनी ही बढ़ती है। संतोष रखने वाला व्यक्ति सीमित साधनों में भी सुखी रह सकता है।

**सीख:** जीवन में आगे बढ़ने के लिए इच्छाएं जरूरी हैं, लेकिन अनंत इच्छाएं मन को परेशान कर सकती हैं। हर इच्छा पूरी हो, यह संभव नहीं है। इसलिए जरूरी है कि हम अपनी जरूरतों और

# आज की सफलता का नया गणित और इसकी कड़वी सच्चाई

**आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम धन या प्रसिद्धि का विरोध करें, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि वे चरित्र के अधीन रहें, उसके ऊपर नहीं। जिस दिन समाज सफलता का मूल्यांकन बैंक खाते से पहले व्यवहार और लोकप्रियता से पहले ईमानदारी तथा उपलब्धियों से पहले मानवीय संवेदनाओं के आधार पर करने लगेगा, उसी दिन सफलता का यह नया गणित बदल जाएगा। याद रखना चाहिए कि इस जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि दुनिया हमें कितनी देर तक याद रखती है, बल्कि यह है कि जिन लोगों के जीवन से हम गुजरे, उनके मन में हमने कैसी स्मृति छोड़ी। धन विरासत बन सकता है, प्रसिद्धि इतिहास का एक पृष्ठ बन सकती है, लेकिन चरित्र ही वह प्रकाश है, जो मनुष्य के जाने के बाद भी समाज के पथ को आलोकित करता रहता है।**

पावनी

समय बदलता है, तो उसके साथ सफलता की परिभाषाएं भी बदल जाती हैं। एक समय था, जब किसी व्यक्ति की सफलता उसके चरित्र, ज्ञान, ईमानदारी और समाज के प्रति उसके योगदान से आंकी जाती थी। गांव में सबसे सम्मानित व्यक्ति वह होता था, जो न्यायप्रिय हो। शहर में वही प्रतिष्ठित माना जाता था, जिसकी वाणी और व्यवहार पर लोग विश्वास करते थे। धन आवश्यक था, पर सम्मान का एकमात्र आधार नहीं था।

आज परिदृश्य बदल चुका है। सफलता का नया गणित तैयार हो गया है, जिसमें समीकरण कुछ यों दिखाई देता है- जितना अधिक धन, उतनी अधिक प्रसिद्धि-जितनी अधिक प्रसिद्धि, उतनी अधिक सफलता। इस गणित में चरित्र का स्थान धीरे-धीरे हाशिये पर खिसकता जा रहा है।

आधुनिक समाज ने उपलब्धियों की चमक को इतना बढ़ा दिया है कि उपलब्धि तक पहुंचने का रास्ता अक्सर दिखाई नहीं देता। किसी युवा से पूछा जाए कि वह जीवन में क्या बनना चाहता है, तो बहुत-से उत्तरों में एक बात समान मिलेगी- 'मुझे मशहूर होना है।' यह कम लोग बताते हैं कि वे किस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं।

प्रसिद्धि साध्य नहीं, साधन होनी चाहिए थी, लेकिन आज वही लक्ष्य बनती जा रही है। बाजार ने इस सोच को और तीखा बना दिया है। विज्ञापन हमें लगातार बताते हैं कि महंगी घड़ी, आलीशान घर, विदेशी कार और ब्रांडेड वस्त्र ही सफल जीवन के



प्रमाण हैं। सोशल मीडिया इस भ्रम को प्रतिदिन पुष्ट करता है। मगर कैमरे की रोशनी अक्सर संघर्षों की परछाइयों को छिपा देती है।

आर्थिक सुरक्षा मनुष्य को आत्मनिर्भर बनाती है, परिवार का भविष्य संवारती है और समाज में अनेक अवसर उपलब्ध कराती है। समस्या धन से नहीं, धन के प्रति दृष्टि से है। जब धन साधन से बढ़कर जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है, तब नैतिकता धीरे-धीरे बोझ लगने लगती है। फिर ईमानदारी की जगह चतुराई, सेवा की जगह स्वार्थ और धैर्य की जगह संक्षिप्त रास्ते लेने लगते हैं।

इसी प्रकार प्रसिद्धि भी अपने आप में बुरी नहीं है। किसी वैज्ञानिक की खोज, किसी लेखक की रचना, किसी खिलाड़ी का अनुशासन या किसी कलाकार की साधना अगर उसे प्रसिद्धि दिलाती है, तो वह समाज की उपलब्धि है, लेकिन जब प्रसिद्धि बिना सार्थक उपलब्धि के केवल प्रदर्शन पर टिकने लगे, तब समाज का मूल्यबोध बदलने लगता है।

सबसे अधिक चिंता चरित्र के बदलते स्थान को लेकर है। चरित्र कोई ऐसा आभूषण नहीं, जिसे अवसर देखकर पहना और उतार दिया जाए। यह तो मनुष्य का वह मौन परिचय है, जो तब भी साथ रहता है, जब कोई देख नहीं रहा होता। दुर्भाग्य से आज चरित्र का मूल्य सफलता मिलने के बाद याद किया जाता है। अगर व्यक्ति धनी और प्रसिद्ध है, तो उसके दोषों को भी उपलब्धियों के नीचे दबा दिया जाता है।

दूसरी ओर, साधारण जीवन जीने वाला ईमानदार व्यक्ति कई बार समाज की दृष्टि से ओझल रह जाता है। युवा ऐसे दौर में बड़े हो रहे हैं, जहां सफलता का मूल्यांकन क्षणभर में होता है। किसी पोस्ट पर आए 'लाइक', किसी वीडियो को देखने वालों की संख्या और किसी नाम के 'फॉलोअर्स' ही मानो उपलब्धि के प्रमाणपत्र बन गए हैं। ऐसे वातावरण में यह समझाना कठिन होता जा रहा है कि जीवन की सबसे बड़ी सफलताएं अक्सर आंकड़ों में नहीं मापी जा सकतीं।

इतिहास इस संदर्भ में बहुत बड़ा शिक्षक है। धन की चमक समय के साथ धूमिल हो जाती है, प्रसिद्धि का शोर भी एक दिन शांत पड़ जाता है, पर चरित्र की सुगंध पीढ़ियों तक बनी रहती है। यही कारण है कि समाज आज भी उन लोगों को श्रद्धा से याद करता है, जिन्होंने अपने सिद्धांतों के लिए कठिनाइयां स्वीकार कीं, लेकिन अपने मूल्य नहीं छोड़े। शिक्षा व्यवस्था भी इस परिवर्तन के बीच खड़ी है। अगर विद्यालय केवल अंक देना सिखाएं और घर केवल प्रतिस्पर्धा, तो चरित्र निर्माण का कार्य कौन करेगा? बच्चों को यह बताना होगा कि सफलता केवल आगे निकलने का नाम नहीं, बल्कि सही रास्ते पर चलते हुए आगे बढ़ने का नाम है।

सवाल है कि क्या हम अपने बच्चों से यह पूछते हैं कि वे अच्छे इंसान बन रहे हैं या केवल अधिक कमाने वाले? क्या हम समाचारों में चरित्रवान लोगों की चर्चा उतनी ही रुचि से करते हैं, जितनी चर्चित लोगों की? जब तक समाज स्वयं अपने आदर्श नहीं बदलेगा, तब तक सफलता का नया गणित भी नहीं बदलेगा।

वास्तव में सफलता का सही सूत्र तीनों तत्त्वों के संतुलन में है। धन हो, क्योंकि वह जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करता है। प्रसिद्धि हो, अगर वह परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम हो, लेकिन इन दोनों के केंद्र में चरित्र अवश्य हो। वही मनुष्य को मनुष्य बनाए रखता है। धन बिना चरित्र के अहंकार बन सकता है, प्रसिद्धि बिना चरित्र के भ्रम बन सकती है, पर चरित्र ऐसा धन है, जो विपत्ति में भी साथ नहीं छोड़ता।

आज आवश्यकता इस बात की नहीं कि हम धन या प्रसिद्धि का विरोध करें, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि वे चरित्र के अधीन रहें, उसके ऊपर नहीं। जिस दिन समाज सफलता का मूल्यांकन बैंक खाते से पहले व्यवहार और लोकप्रियता से पहले ईमानदारी तथा उपलब्धियों से पहले मानवीय संवेदनाओं के आधार पर करने लगेगा, उसी दिन सफलता का यह नया गणित बदल जाएगा।

याद रखना चाहिए कि इस जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि दुनिया हमें कितनी देर तक याद रखती है, बल्कि यह है कि जिन लोगों के जीवन से हम गुजरे, उनके मन में हमने कैसी स्मृति छोड़ी। धन विरासत बन सकता है, प्रसिद्धि इतिहास का एक पृष्ठ बन सकती है, लेकिन चरित्र ही वह प्रकाश है, जो मनुष्य के जाने के बाद भी समाज के पथ को आलोकित करता रहता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। किसी बीमार व्यक्ति को लेकर चिंता रह सकती है। व्यापार और व्यवसाय की स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृषभ**
सामूहिक कार्यों में सभी की राय लेकर आगे बढ़ें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति बनी रहेगी, आय में संतोषजनक वृद्धि के योग बन रहे हैं।

**मिथुन**
धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। पुराने अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ें। साहसिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क**
जोखिम वाले कार्यों से दूरी बनाए रखें। बातचीत में मधुरता रखें। प्रतियोगी परीक्षा या शिक्षा से जुड़े मामलों में सफलता मिलने की संभावना है।

**सिंह**
आज निर्णय लेने में जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। नए कार्य या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**कन्या**
नौकरीपेशा लोग नए अवसरों की तलाश कर सकते हैं। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा,लंबी यात्रा की योजना बन सकती है।

**तुला**
नए व्यापारिक सौदे लाभदायक साबित होंगे। व्यापारिक लेन-देन में सफलता मिलेगी। रुके कार्य पूरे होंगे। किसी सम्मानित व्यक्ति का सहयोग प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक**
आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी, इसलिए समय का सही प्रबंधन करें। नई योजनाओं का विस्तार होगा ।

**धनु**
धनु राशि के जातकों का पारिवारिक आयोजन से मन प्रसन्न रहेगा। लक्ष्य अधिक होने के कारण व्यस्तता बनी रहेगी। अनावश्यक कार्यों से बचें और बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मकर**
अनुशासन बनाए रखने के लिए सख्ती करनी पड़ सकती है, जिससे कुछ सहयोगी नाराज हो सकते हैं। आकस्मिक धन लाभ मिलने के योग हैं। सुंदर स्थान की यात्रा का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ**
अपनी प्रतिभा के बल पर कार्यक्षेत्र में अलग पहचान बनाने में सफल रहेंगे। पुराने कार्य पूरे होंगे। रोजगार से जुड़ी अच्छी खबर मिलने की संभावना है।

**मीन**
परिवार के साथ यात्रा का योग है। धार्मिक कार्यों की योजना बनेगी। रोजगार या नए कार्य से जुड़ी सकारात्मक सूचना मिलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती बाइक से मोबाइल छीनकर फरार हुए दो बदमाश


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां और नीमा के बीच फोरलेन पर चलती बाइक से नगर परिषद मसौढी में कार्यरत सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद का मोबाइल छीनकर भागने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धनरूआ थाना में लिखित शिकायत देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है शिकायतकर्ता ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे वे पटना से अपनी मोटरसाइकिल से घर आ रहे थे। इसी दौरान नदवां और नीमा के बीच फोरलेन पर एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़के आए और बाइक के दाहिने तरफ से उनके शर्ट की जेब में रखे मोबाइल फोन को निकालकर तेजी से आगे निकल गए। पीड़ित ने बताया कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। उन्होंने चोरों का नदवां तक पीछा भी किया, लेकिन तेज रफ्तार के कारण वे पकड़ में नहीं आए। छीना गया मोबाइल Motorola G54 5G (Mint Green) रंग का है।पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात दो बदमाशों के खिलाफ मोबाइल चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर मोबाइल बरामद करने की मांग की है। धनरूआ थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### नशे में धुत तीन लोगों ने लाठी-खंती से की मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बजरंग टोला सीरिया गांव में नशे में धुत तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित मनोज बिंद उम्र 48 वर्ष पिता स्व. सिदेशर बिंद ने धनरूआ थाना में आवेदन देकर बताया कि नशे की हालत में गांव के ही इंदल मांझी उम्र 35 वर्ष, प्यारे मांझी उम्र 30 वर्ष दोनों पिता महेंद्र मांझी और महेंद्र मांझी उम्र 50 वर्ष पिता स्व. जीतू मांझी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर लाठी और लाठी में लगे लोहे के खंते से हमला कर दिया। आवेदन में कहा गया है कि इंदल मांझी ने जान से मारने की नियत से लोहे के खंती से सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और वे लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गए। इसके बाद प्यारे मांझी ने पीठ और दाहिने हाथ के पंजे पर लाठी से कई वार किए, जिससे सूजन और चोटें आईं।घायल अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से मनोज बिंद को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनरूआ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें ठटउल पटना रेफर किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और गाली-गलौज की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पटना-गया रेलखंड पर 42 नंबर पुल जर्जर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर नदवां और नीमा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित 42 नंबर रेलवे पुल की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है। पुल के पायों का प्लास्टर उखड़ गया है और अंदर के सरिये बाहर दिखाई देने लगे हैं। इससे स्थानीय लोगों में किसी बड़ी अनहोनी की



आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुल के नीचे से गुजरने वाली कच्ची सड़क के दाहिने साइड वाले पाया में कई जगहों पर गहरी दरारें आ गई हैं। सरियों में जंग लगने के कारण वे कमजोर हो गए हैं। पुल के अन्य हिस्सों का भी प्लास्टर टूटकर गिर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि रोजाना सैकड़ों लोग और वाहन इस पुल के नीचे से गुजरते हैं। यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से पुल की अविलंब मरम्मत और सुदृढ़ीकरण की मांग की है। इस संबंध में आईओडब्ल्यू रंजन यादव ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली है। मामले की जांच कराकर पुल की अविलंब मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।रेलवे सूत्रों के अनुसार पुल की तकनीकी जांच के बाद आवश्यकतानुसार सुदृढ़ीकरण का काम कराया जाएगा। तब तक यात्रियों और स्थानीय लोगों से पुल के पास सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### दिवंगत कार्यपालक पदाधिकारी को दी गई श्रद्धांजलि

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डेहरी डालमियानगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. विमल कुमार की नृशंस हत्या के बाद सोमवार को मोकामा नगर परिषद सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में मोकामा नगर परिषद के मुख्य पार्षद नीलेश कुमार सहित सभी वार्ड पार्षदों और कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया।



इसके पश्चात उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर मुख्य पार्षद नीलेश कुमार ने इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए बिहार सरकार से मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से पूरे राज्य के नगर निकायों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि भय के माहौल में काम करने को विवश हैं। सरकार को अविलंब नगर परिषद एवं नगर निगम में तैनात कार्यपालक पदाधिकारियों और मुख्य पार्षदों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।शोक सभा में प्रवक्ता महेश सिंह, पार्षद धीरज कुमार, शोएब खान ,डॉ त्रिपुरारी सिंहा समेत सभी वार्ड पार्षद और नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### तारेगना रेलवे स्टेशन के पास से 48 बोतल बीयर के साथ युवक गिरफ्तार


**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन विदेशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान सोमवार को एक्साइज पुलिस ने तारेगना रेलवे स्टेशन के पास से झारखंड से ला रहे अवैध शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है,गौरतलब है की बिहार में शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब की तस्करी पर पुलिस की नजर लगातार बनी हुई है। इसी क्रम में एक्साइज पुलिस ने तारेगना रेलवे स्टेशन के पास से 48 अवैध बीयर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान उपेन्द्र कुमार उम्र 24 वर्ष पिता कमलेश सिंह निवासी बीहटा टोला देवरिया, थाना भगवानगंज के रूप में हुई है।एक्साइज पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध शराब लेकर तारेगना रेलवे स्टेशन के पास आएगा। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उपेन्द्र कुमार को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से भूरा रंग का ट्राली बैग बरामद हुआ। बैग की जांच में उसमें 500 एमएल क्षमता वाली किंगफिशर एक्स्ट्रा स्ट्रांग प्रीमियम बीयर की 48 बोतलें मिलीं। कुल बरामद बीयर की मात्रा 24.000 लीटर आंकी गई। एक्साइज सुपरीटेंडेंट निशांत कुमार ने बताया कि अभियुक्त शराब को बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था। बरामद शराब और ट्राली बैग को जब्त कर लिया गया है। उपेन्द्र कुमार के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस मामले में शराब की सप्लाई चेन का भी पता लगा रही है।

### रिटायरमेंट का जश्न ऐसा देखा न होगा... लौंडा नाच और बैंड-बाजा के साथ हुआ रेलकर्मी का भव्य स्वागत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी नौकरी से रिटायर होने पर कर्मचारियों का स्वागत तो अक्सर देखा जाता है, लेकिन बिहार में रिटायरमेंट का जश्न जिस अंदाज में मनाया गया, वैसा शायद ही कहीं देखने को मिले। यहां भव्य स्वागत के साथ लौंडा नाच और बैंड-बाजा से उनके गांव के लोगों ने स्वागत किया।यह अनोखा नजारा मसौढ़ी प्रखंड के नदौल गांव में



देखने को मिला। बताया जाता है की बली पासवान पटना जंक्शन पर तैनात थे जिसे खलासी हेड के पद पर तैनात थे, जो नदौल बैरमपक रहने वाले हैं। जिनके रिटायरमेंट पर पटना गया रेलखंड के नदौल रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही लोगों ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद शुरू हुआ असली जश्न। बैंड-बाजा, बैंजो और लोक गीतों की धुन पर लौंडा नाच के साथ पूरी टोली स्टेशन से गांव तक निकली। ग्रामीणों ने नाचते-गाते बली पासवान को सम्मानित किया। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं तो युवा लौंडा नाच पर ठुमके लगा रहे थे। स्टेशन परिसर से लेकर गांव की गलियों तक माहौल उत्सव जैसा बन गया।गांव के लोगों का कहना था कि बली पासवान ने 30 साल से अधिक समय तक ईमानदारी से रेलवे की सेवा की है। उनकी विदाई को यादगार बनाने के लिए ही यह भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने कहा - ये बिहार है, यहां कुछ भी संभव है।

# आस्था : शुभ संयोग में शुरू हुआ सावन शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित नामचीन गोड़गांवा मंदिर, राम लखन लाल, ठाकुर बाड़ी मंदिर,लाल चौक, आनंदपुरी केदारेश्वर मंदिर, शोम नाथ, मंदिर थाना कुआं खगौल कि ओर से सावन की पहली सोमवारी पर भोले बाबा का जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। वही दूसरी तरफ खगौल मोती चौक थाना कुआँ के बाबा सोम नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही आनंदपुरी केदारश्वर मंदिर ,प्रथम



सोमवारी को श्रद्धालुओं ने बड़ी धूमधाम से भगवान भोलेनाथ को जल अभिषेक कराया। वही नगर परिषद के मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने कहा कि सावन के महीने में हर मंदिर के पास साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है ताकि मंदिरों में जलाभिषेक करने के लिए आसपास कहीं गंदगी ना दिखे। वहीं थाना कुआँ मंदिर के अध्यक्ष ओम नंदन तिवारी ,ने बताया कि सावन माह को लेकर मंदिर में छत के ऊपर ढलाई और कुआँ का सोंदर्यकरन करवायें हैं । वार्ड पार्षद पिंटू कुमार,कपड़ा व्यवसायीं मनीष कुमार गुप्ता, उमा गुप्ता,ने बताया कि इस मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। और पिछले 71वर्षों से यहां बड़ी धूमधाम से पूजा अर्चना की जाती है। अन्य मंदिर, लोको कॉलोनी, बड़ी खगौल, छोटी खगौल, बड़ी बदलपुरा में भोले बाबा के दर्शन करने के लिए लंबी लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। श्रद्धालुओं की भी भीड़ उमड़ पड़ा जगह-जगह मंदिरों दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में लंबी-लंबी कतार लगी हुई है । वही धर्म प्रेमी संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार बिट्टू,एवं व्यवस्थापक चंदू प्रिन्स ने बताया कि हर साल ठाकुर बारी मंदिर लाल चौक, खगौल भक्तों को दर्शन करने के लिए पूरी व्यवस्था की जाती है। वही दर्शन करने वाले श्रद्धालु वार्ड पार्षद रेखा देवी, पूनम देवी, समाजसेवी अनीता कुमारी, अन्नू कुमारी, संजना कुमारी, साक्षी कुमारी,भोले बाबा के भक्त इशिका राज, नीलम देवी, नव्या राज, सीमा सिन्हा, आशा मेहता, रुचिका मेहता, जेसिका शर्मा, सोनी देवी,आदि ने बताया कि वर्षों से हर सावन में भक्तों को जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। पूजा करने के हर तरह की हर तरह की व्यवस्था की जाती है। इस बार भी 5 सोमवारी को किसी तरह की कोई कमी न हो इसके लिए मंदिर कमेटी पूरी तरह तैयार है। मंदिर में सावन में तैयारी को लेकर मंदिर कमिटी के लोग रितेश कुमार बिट्टू, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स,अजय कुमार सिन्हा, राजनाथ रॉय, अमित कुमार मेहता उर्फ राजा, समाजसेवी जितेंद्र वत्स,राकेश कुमार मेहता उर्फ पप्पू, पॉली गांगुली, धर्मेंद्र कुमार सिंह,ने अहम योगदान दिए।

## बुढ़वा महादेव सहित सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पवित्र महीने की पहली सोमवारी पर सोमवार को पूरे मसौढ़ी अनुमंडल के शिवालय 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठे। सुबह से ही जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी मसौढ़ी शहर के श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर, श्री रामनाथेश्वर शिव मंदिर मंडप,में सुबह 4 बजे से ही कतारें लग गईं। इसके अलावा अनुमंडल के सभी शिव मंदिरों के साथ-साथ धनरूआ के वीर पंचायत स्थित गांव के प्रसिद्ध 'बुढ़वा महादेव' स्थान पर भी श्रद्धालुओं का सैलाब दिखा। जिसे स्थानीय लोग गौरी-शंकर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। कहा जाता है कि धनरूआ का बुढ़वा महादेव स्थान मनोकामना पूर्ण करने वाला सिद्धपीठ है। यहां स्थापित 5.5 फीट का शिवलिंग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। मान्यता है कि यह शिवलिंग खेत में जुताई के दौरान निकला था। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस शिवलिंग की विशेषता यह है कि इसमें भगवान शिव और माता गौरी दोनों की आकृति एक ही शिवलिंग में दिखाई देती है।सावन की पहली सोमवारी होने के कारण सुबह से ही भक्त जल, बेलपत्र, दूध और फूल लेकर मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से जलाभिषेक किया। मंदिर परिसरों में भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। भीड़ को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने सभी प्रमुख शिवालयों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।श्रद्धालुओं में पूरे दिन उत्साह का माहौल रहा और देर शाम तक जलाभिषेक का क्रम जारी रहा।

## सावन का पहला सोमवारः शिव भक्ति, हरियाली और आस्था का पावन उत्सव


**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन का पहला सोमवारः भक्ति, प्रकृति और शिव कृपा का पावन संगम,सावन का महीना आते ही वातावरण में एक अलग ही उल्लास, हरियाली और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होने लगता है। आज सावन का पहला सोमवार है, जो भगवान शिव के भक्तों के लिए अत्यंत शुभ और पावन माना जाता है। यह दिन केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, प्रेम, समर्पण और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भी



प्रतीक है। हिंदू धर्म में सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना गया है। मान्यता है कि इस पूरे माह में भगवान शिव की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने पर भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। विशेष रूप से सावन के सोमवार का अपना अलग ही महत्व है। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है तथा "ॐ नमः शिवाय" का जाप करने से मन को शांति और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। सावन का संबंध केवल पूजा-पाठ से ही नहीं, बल्कि प्रकृति की सुंदरता से भी है। चारों ओर फैली हरियाली, रिमझिम बारिश, पेड़ों की ताजगी और मिट्टी की भीनी-भीनी खुशबू इस महीने को और भी मनमोहक बना देती है। यही कारण है कि इस माह में हरा रंग विशेष महत्व रखता है। विवाहित महिलाएँ अपने पति की सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करते हुए हरे रंग की साड़ी या परिधान धारण करती हैं, हरी चूड़ियाँ पहनती हैं और अपने हाथों में सुंदर मेहंदी रचाती हैं। वहीं अविवाहित कन्याएँ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर योग्य जीवनसाथी की कामना करती हैं।

## मोकामा में सावन की पहली सोमवारी और नागपंचमी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पवित्र महीने की पहली सोमवारी और नागपंचमी के शुभ संयोग पर मोकामा और घोसवरी प्रखंड के सभी शिवालयों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के सुबह से ही शिवभक्त हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, फूल और दूध लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए कतारों में खड़े रहे। 'हर-हर महादेव' और



'श्री शिवाय नमस्तुभ्यं' के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो गया।शिवनार धाम के प्रसिद्ध नीलकंठ महादेव मंदिर, तपस्वी जी स्थान सहित मोकामा-घोसवरी के सभी छोटे-बड़े शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर लंबी कतारें लगी रहीं। नागपंचमी के अवसर पर भगवती स्थान में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने नाग देवता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं बाबा परशुराम मंदिर में भी आस्था का सैलाब देखा गया। सावन को लेकर सभी शिवालयों को फूल-मालाओं और लाइटों से विशेष रूप से सजाया गया था।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार के नेतृत्व में सभी प्रमुख शिव मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## चेहल्लुम पर 46 संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस की तैनाती

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने कमर कस ली है। 04 और 05 अगस्त 2026 को मसौढ़ी अनुमंडल क्षेत्र में 46 से अधिक संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की संयुक्त तैनाती की जाएगी। एसडीएम धनराज कुमार के आदेश के अनुसार सभी प्रमुख चौक-चौराहों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल और लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को 04 अगस्त की सुबह 6:00 बजे तक अपने-अपने स्थल पर पहुंचकर पर्व की समाप्ति तक डटे रहने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई कड़े प्रतिबंध लगाए हैं।

## रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज में 'नशा मुक्ति दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राम कृष्ण द्वारिका कॉलेज, कंकड़बाग, पटना के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा आज दिनांक 03 अगस्त 2026 को 'नशा मुक्ति दिवस' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ. सीता सिन्हा ने सभी स्वयंसेवकों को समाजहित में निरंतर सेवा कार्य करने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. के. के. राय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगणों डा. मुकेश कुमार राय, डा. आशीष रंजन, डा. प्रशांत कुमार, डा. रंजन कुमार, डा. सुबोध चौधरी, डा. नवीन कुमार, डा. चित्रलेखा कुमारी, डा. हरजीत कुमार ने भी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उपस्थित शिक्षक एवं स्वयंसेवकों ने 'नशा मुक्त युवा - विकसित भारत' के संकल्प को दोहराते हुए समाज में नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का प्रण लिया।

## विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना के गृह विज्ञान विभाग (न्यूट्रिशन क्लब) द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स



सोसाइटी ऑफ इंडिया , बिहार इकाई के सहयोग से विश्व स्तनपान सप्ताहझ2026 के अवसर पर 'Human Milk Microbiome: Benefits for Inat Health' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) श्यामा राय ने शिशुओं के समुचित पोषण एवं स्वस्थ विकास के लिए स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विद्या, संयोजक, गृह विज्ञान विभाग एवं न्यूट्रिशन क्लब ने आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. भाव्या झा के सहयोग से किया। नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज, पटना की डॉ. रूपम कुमारी, सहायक प्राध्यापक, ने मुख्य वक्ता के रूप में मानव दुग्ध में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों (ह्यूमन मिल्क माइक्रोबायोम) की संरचना, उनकी भूमिका तथा शिशुओं की प्रतिरक्षा प्रणाली, आंतों के स्वास्थ्य, शारीरिक वृद्धि एवं समग्र विकास पर उनके सकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मातृ दुग्ध केवल पोषण का स्रोत ही नहीं, बल्कि नवजात शिशु के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच भी है, जो अनेक संक्रमणों से उसकी रक्षा करता है तथा दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की ऑफिस-इन-चार्ज डॉ. बिमला चौधरी, बर्सर डॉ. रचना जायसवाल, प्रॉक्टर डॉ. विधुबाला, महाविद्यालय के शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

## गुम हुए दो मासूम 1 घंटे में सकुशल बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लहसुना थाना क्षेत्र के कराय बाजार से गुम हुए दो मासूम बच्चों को पुलिस ने एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने बच्चों को खोजकर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि कराय बाजार निवासी टुनटुन चौधरी के दो बच्चे गुड्डू कुमार उम्र 5 वर्ष और सोनू कुमार उम्र 4 वर्ष के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।जांच में पता चला कि दोनों बच्चों को आधार कार्ड बनवाने के लिए उनके पड़ोस के शिक्षक मुकेश कुमार, साकिन कराय बाजार, द्वारा मसौढ़ी ले जाया गया था। कम्युनिकेशन गैप के कारण परिजनों को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई, जिससे बच्चों के गुम होने की स्थिति बन गई।

## धनरूआ में बिजली चोरी करते पकड़ा गया किसान, 26 हजार से अधिक की राजस्व हानि

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की टीम ने विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ छापेमारी कर एक किसान को रंगे हाथ पकड़ा है। मामले में कनीय विद्युत अभियंता के आवेदन पर धनरूआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।कनीय विद्युत अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि विद्युत आपूर्ति प्रशाखा मसौढ़ी-2 की टीम ने ग्राम सूर्यगढा, धनरूआ में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान राजकिशोर शर्मा उम्र 48 वर्ष पिता स्व. जमुना शर्मा के कृषि परिसर में बिजली चोरी पकड़ी गई। जांच में पाया गया कि परिसर में मुख्य एलटी लाइन में टोका फसाकर सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था। मौके पर कोई भी विद्युत संबंधित कागजात नहीं दिखाए गए। कृषि परिसर का कुल भार 1492 वाट आंका गया। टीम ने मौके से चोरी में प्रयुक्त पीसी तार को जब्त कर लिया। आशिक तार को काटकर साक्ष्य के तौर पर कार्यालय में सुरक्षित रख लिया गया है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी कराई गई। कंपनी का कहना है कि इस चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को लगभग 26,982 रुपये की राजस्व हानि हुई है। इसमें कंपाउंडिंग की राशि शामिल नहीं है।कनीय विद्युत अभियंता के आवेदन पर राजकिशोर शर्मा के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कराया गया है।

## सफाई कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, हाथों में झाड़ू-बैनर लेकर निकाला विरोध मार्च

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सफाई कर्मियों का आंदोलन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। सभी सफाई कर्मी मसौढ़ी थाना के



पास से हाथों में झाड़ू और बैनर लेकर पूरे शहर में विरोध मार्च निकालते हुए नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पहुंचे और करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ठेकेदारी प्रथा बंद करने, सभी सफाई कर्मियों को नियमित करने और मानदेय बढ़ाने की मांग दोहराई। सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, हड़ताल जारी रहेगी।हड़ताल के कारण पूरे शहर और मोहल्लों में गंदगी का अंबार लग गया है। सड़कों, गली-मुहल्लों और बाजारों में कूड़े-कचरे के ढेर लगने से आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है। दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारी फैलने की भी आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन ने बताया कि पटना नगर निगम में चल रहे सफाई कर्मियों के हड़ताल को देखते हुए यहां के कर्मी भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। विभाग उच्च स्तर से आदेश का इंतजार कर रहा है। जैसे ही निर्देश प्राप्त होगा, उस पर अमल किया जाएगा।

## सावन की प्रथम सोमवारी पर शिवमय हुआ पूरा प्रखंड

**शिवालयों में उमड़ी भीड़,काले बादलों भरे मौसम में किसान भक्तों ने अच्छी बरसात की मांगी दुआ**

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन मास की प्रथम सोमवारी पर पूरा दनियावां प्रखंड भोलेनाथ की भक्ति में डूब गया। सोमवार को अहले सुबह से ही रिमझिम फुहारों और काले बादलों से घिरे मौसम के बीच शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

**हरे-पीले परिधान में दिखे भक्त**

आकर्षक हरे और पीले परिधान में नर-नारी शिवलिंग पर पवित्र जलाभिषेक के लिए कतारों में लगे दिखे। भक्तों ने भगवान शिव को प्रिय बेलपत्र, गंगाजल, मधु, दुग्ध अर्पित किए। कई तरह के फूलों से शिवलिंग की सजावट की गई। साथ ही भांग, धतूरा, शमी पत्र और फलों का भोग लगाया गया।

**प्रखंड के प्रमुख शिवालय गूंजे 'बम बम भोले'**



शिवपुरी मंदिर सरथुआ, शिवालय शाहजहांपुर, दनियावां थाना स्थित शिव मंदिर, बांकीपुर, मछरियावां, सिंगरियावां स्टेशन के समीप शिव मंदिर सहित 33 राजस्व ग्रामों के शिवालयों में विशेष साज-सज्जा की गई। मंदिरों को लाइटों और फूलों से सजाया गया था।

**सोमवार की रात्रि में कई जगहों पर प्रकाश और ध्वनि की उत्तम व्यवस्था की गई। साथ ही भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्त देर रात तक भोले के गीत गाते रहे।**

पंडित रमाकांत शास्त्री ने बताया महत्व

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के पटना जिला अध्यक्ष पंडित रमाकांत शास्त्री ने कहा कि भगवान भोलेनाथ जगत के कल्याणकर्ता हैं। वह विघ्नहर्ता हैं और भक्तों के हर बड़े दुख का हरण कर लेते हैं। सावन मास में इनकी पूजन का विशेष महत्व है। इस महीने में शिव की आराधना से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। श्रद्धालुओं का कहना था कि पहली सोमवारी पर शिव दर्शन और जलाभिषेक से मन को अद्भुत शांति मिली। प्रशासन की ओर से भी मंदिरों के आसपास सुरक्षा और साफ-सफाई की व्यवस्था की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच लाख रुद्राक्ष शिवलिंग पर जल चढ़ाने से चार लखरांव का फल मिलता है : डॉ. शम्भुनाथ सीकरिया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. शंभुनाथ सिकरिया ( आचार्य मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम राधा नगर मोतीहारी ) ने बताया कि विश्व का पहला 20 फीट ऊंचा गोल्ड प्लेटेड 5 लाख रुद्राक्ष के शिवलिंग पर पवित्र श्रावण मास में जल चढ़ाने और पूजा अर्चना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। यह सावन मास अद्वितीय है, इस बार बहुत दिनों के बाद श्रवण नक्षत्र में श्रावण मास का आगमन हुआ है। दूसरी सोमवारी को प्रदोष है, तीसरी सोमवारी को नाग पंचमी है और अंतिम सोमवारी भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। 5 लाख रुद्राक्ष शिवलिंग पर जल चढ़ाने से चार लखराव का फल मिलता है, और पूजा अर्चना से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।



माताओं को मां पार्वती की पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है और बहनों को भगवान शिव जैसा पति मिलता है, इसीलिए प्रेम और श्रद्धा से भगवान शिव की पूजा करें। मेरी यही आशीष कामना है कि आप सभी को मनोवांछित फल की प्राप्ति हो.. हमारे यहां प्रत्येक सोमवार को सुबह 8:00 बजे निःशुल्क रुद्राभिषेक कराया जाता है।

### 900 बोतल नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना पुलिस ने बड़ी करवाई करते हुये रविवार की रात्रि गस्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सैनिक रोड स्थित लालबाबू पोखरा के समीप छापेमारी कर 900 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक तस्कर को दबोच लिया गया उक्त तस्कर की पहचान दरपा थाना क्षेत्र के गुलरिया गांव निवासी गांव निवासी दिलीप कुमार पिता शिवाजी प्रसाद के रूप में किया गया जिसे गिरफ्तार आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया जिसकी जानकारी जितना अध्यक्ष सुधीर कुमार दी।



### रक्सौल में सावन सेवा का शुभारंभ

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पवित्र श्रावण मास की प्रथम सोमवारी के अवसर पर रक्सौल में रौनियार वैश्य बंधु समिति की ओर से शिवभक्त कांवरियों की सेवा के लिए विशेष पहल की गई। समिति के अंतर्गत गठित रौनियार बोलबम सेवा समिति ने स्टेशन रोड स्थित न्यू मार्केट परिसर में निःशुल्क सेवा शिविर लगाकर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे करीब 150 कांवरियों के बीच फल एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार रौनियार ने बताया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक इसी स्थान पर सेवा शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान देवघर जाने वाले सभी शिवभक्तों को निःशुल्क फल एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। सेवा शिविर में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रजनीश प्रियदर्शी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, समिति के सचिव रमेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक एवं समिति के सदस्यों ने उपस्थित रहकर शिवभक्तों की सेवा में सहयोग किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, सेवा और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।



### शहर में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अपराध नियंत्रण व शराब कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग के साथ-साथ रात में हो रही पुलिस गश्ती में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान सोमवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर के रामाशीष चौक, महुआ मोड़, बीएसएनएल गोलंबर, पुरानी गड़क पुल सहित अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहनों का कागजात की जांच की गयी. एसपी निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संपूर्ण जिला क्षेत्र में सघन जाँच अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों द्वारा वाहनों,पेट्रोल पम्प एवं ज्वेलरी दुकानों की गहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान वाहन चालकों के कागजातों की सत्यापन, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान तथा अवैध वस्तुओं के परिवहन पर विशेष नजर रखी जा रही है।वैशाली पुलिस द्वारा यह अभियान अपराधियों की गतिविधियों पर नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण एवं आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान कई बाइक चालक बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगे वाहन चलाते पकड़ा गया। पकड़े गए वाहन चालकों से जुर्माना राशि वसूली गई।



### जनता दरबार में 51 परिवादों की सुनवाई

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली वर्षा सिंह द्वारा सोमवार को समाहरणालय परिसर स्थित संवाद कक्ष (प्रतीक्षालय) में आयोजित 'जनता दरबार' कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं निस्तारण किया गया। जनता दरबार में कुल 51 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्राप्त परिवादों पर सात (7) दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। प्राप्त परिवाद राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, डीएसओ, आईसीडीएस, आर्म्स, स्वास्थ्य, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों की जांच कर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



# युवा चंपारण महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा जारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी युवा चम्पारण महोत्सव 2026 के सफल आयोजन को लेकर मोतिहारी में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान आयोजन समिति ने 7 से 9 अगस्त तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा, प्रतियोगिताओं, व्यवस्थाओं एवं आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की। समिति ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव का आयोजन पहले से अधिक भव्य, व्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का उत्साह देखते हुए अब तक 2000 से अधिक प्रतिभागी अपना पंजीकरण करा चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। प्रेस वार्ता को



संबोधित करते हुए युवा चम्पारण महोत्सव समिति के अध्यक्ष आकर्ष कुमार तिवारी ने कहा कि युवा चम्पारण महोत्सव केवल खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं, बल्कि पूर्वी चम्पारण की युवा प्रतिभाओं को अपनी क्षमता, रचनात्मकता एवं नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच प्रदान करने का प्रयास है। वहीं कोषाध्यक्ष सह संयोजक अभिषेक सिंह सूर्या ने बताया कि महोत्सव को लेकर जिलेभर के युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक 2000 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है तथा आयोजन समिति सभी प्रतियोगिताओं को निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए लगातार तैयारियों में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को प्रातः 5:00 बजे मैराथन दौड़ के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद क्विज, ड्रॉइंग एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । 8 अगस्त को साइकिल रेसिंग एवं स्लो साइकिल रेसिंग प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। इसके पश्चात सिंगिंग एवं डांस प्रतियोगिताओं के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जिलेभर के प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 9 अगस्त को बापू सभागार, मोतिहारी में महोत्सव का भव्य समापन समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान-पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही मुख्य अतिथियों के प्रेरणादायी संबोधन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समिति ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा, प्राथमिक उपचार, पेयजल, मीडिया समन्वय, मंच संचालन एवं स्वयंसेवकों की विशेष व्यवस्था की गई है। महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग पंजीकरण एवं प्रवेश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि आयोजन पूरी तरह सुरक्षित, अनुशासित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति ने जिले के सभी युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि युवा चम्पारण महोत्सव आने वाले वर्षों में पूर्वी चम्पारण ही नहीं, बल्कि पूरे बिहार के युवाओं के लिए खेल, शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक एकता का एक सशक्त मंच बनकर स्थापित होगा। समिति ने यह भी जानकारी दी कि महोत्सव के समापन समारोह में बिहार सरकार की खेल मंत्री सह उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, गोविंदगंज के विधायक राजू तिवारी, नरकटिया के विधायक विशाल प्रशांत तथा सुगौली के विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता सहित कई जनप्रतिनिधियों एवं विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। इनके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियाँ एवं समाजसेवी भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इस अवसर पर युवा चम्पारण महोत्सव समिति के अध्यक्ष आकर्ष कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सह संयोजक अभिषेक सिंह सूर्या, उपाध्यक्ष अंकित सिंह राजपूत, प्रधान सचिव अमिता निधि, मीडिया प्रभारी विशाल कुमार, सुरक्षा प्रमुख हिमांशु दुबे, मनीष सिंह सूर्या, अमन कुमार, रौशन कुमार, रिशु कुमार, शाकिब महमूद, गोल्डन श्रीवास्तव, सौरभ पांडे, सुन्नी सिंह, देव राज तथा विशाल भगत, खुशी भारद्वाज, प्रिंसी पांडे, पल्लवी तिवारी, अदिति गुप्ता, सहित युवा चम्पारण महोत्सव समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं जिले की अनेक गणमान्य हस्तियाँ उपस्थित रहीं।

## मुंशी सिंह महाविद्यालय में सात दिवसीय युवा आपदा मित्र आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

### 250 स्वयंसेवकों को दिया जाएगा आपदा प्रबंधन एवं बचाव का प्रशिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में सात दिवसीय ह्ययुवा आपदा मित्रह्न आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार, 03 अगस्त 2026 को हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 03 अगस्त से 09 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 250 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, बचाव




एवं राहत कार्यों से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में मुंशी सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, वर्तमान प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक, महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती, लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन सिंह सहित एस.डी.आर.एफ. की टीम एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे । इस अवसर पर वक्ताओं ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय प्रशिक्षित युवा स्वयंसेवक राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ प्रभावित लोगों की सहायता, प्राथमिक उपचार, बचाव एवं राहत कार्यों के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। प्रशिक्षण शिविर में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी; लक्ष्मी नारायण दूबे महाविद्यालय, मोतिहारी; एस.एन.एस. कॉलेज, मोतिहारी; डॉ. श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी; के.सी.टी.सी. कॉलेज, रक्सौल; एम.एस.एस.जी. कॉलेज, अरेराज तथा एस.आर.ए.पी. कॉलेज, बारा चकिया के कुल 250 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र के पश्चात एस.डी.आर.एफ. टीम लीडर रविकांत कुमार एवं उनके सहयोगियों द्वारा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, बचाव एवं राहत कार्य, प्राथमिक उपचार तथा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जाएगा। सात दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान प्रभावी ढंग से कार्य करने, जोखिम को कम करने तथा आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय स्तर पर राहत एवं बचाव गतिविधियों में सहयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण युवाओं में आपदा के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एक जिम्मेदार एवं प्रशिक्षित आपदा स्वयंसेवक के रूप में तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, मृतक के परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन्दाहा थाना के गाजीपुर-महुआ मुख्य मार्ग पर बहसी चौक स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार सुबह



मिले युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र निवासी नरेश पासवान के 25 वर्षीय पुत्र संकेत कुमार के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई थी और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए थे। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। प्रारंभ में शव की पहचान नहीं होने के कारण आसपास के कई थानों की पुलिस से संपर्क किया गया। बाद में परिजनों और पुलिस के प्रयास से मृतक की पहचान संकेत कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

## जलभरी के दौरान बागमती में डूबे चिरैया के दो किशोर, देर शाम तक नहीं मिला सुराग

### एक साथी तैरकर बचा; एनडीआरएफ को सूचना, गांव में पसरा मातम

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की पहली सोमवारी पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए जलभरी करने गए चिरैया प्रखंड के दो किशोर बागमती नदी की तेज धारा में डूबकर लापता हो गए। पताही प्रखंड के देवापुर पंचायत स्थित संगम घाट पर सोमवार सुबह हुए इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया,



जबकि पूरे लालबेगिया गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। देर शाम तक स्थानीय गोताखोरों और प्रशासन की टीम दोनों किशोरों की तलाश में जुटी रही, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका। जानकारी के अनुसार लालबेगिया गांव निवासी उमाकांत यादव के 14 वर्षीय पुत्र कमलेश कुमार एवं रमेश प्रसाद यादव के 14 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार अपने एक अन्य साथी के साथ जल लेने के लिए बागमती नदी में उतरे थे। इसी दौरान तीनों किशोर अचानक गहरे पानी में चले गए। एक किशोर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि कमलेश और रोशन तेज बहाव में बह गए और लापता हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण संगम घाट पर जुट गए। स्थानीय नाविकों और गोताखोरों ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। सूचना पर अंचलाधिकारी रितेश कुमार सेठ एवं पचपकड़ी थानाध्यक्ष उत्तम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। प्रशासन ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोज अभियान तेज कराया तथा एनडीआरएफ को भी सूचना देकर विशेष सर्च ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू कराई। दोनों किशोर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के छात्र थे। कमलेश कक्षा 10वीं तथा रोशन कक्षा 9वीं में पढ़ता था। जलभरी के बाद दोनों अपने गांव स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद कमलेश की मां अनिता देवी और रोशन की मां रिंकी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। ग्रामीण भी लगातार घटनास्थल पर डटे रहे और प्रशासन से खोज अभियान में तेजी लाने की मांग करते रहे।

## एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़, मात्र 2.5 दिन का बैकलॉग, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 67 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जो 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान कर रही हैं। 01 अगस्त 2026 तक एजेंसियों के पास 20,805 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था।



वर्तमान में जिले में औसत 2.5 दिनों का बैकलॉग है, जबकि पिछले 60 दिनों में प्रतिदिन औसतन 12,624 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए शहरी क्षेत्रों में अंतिम सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही नई बुकिंग की अनुमति दी जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से गैस उपलब्ध हो सके। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला एवं अनुमंडल स्तर के अधिकारियों द्वारा गैस एजेंसियों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक कालाबाजारी से संबंधित 03 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं तथा 02 अगस्त को 07 गैस एजेंसियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण भी किया गया। डीएम वर्षा सिंह ने निर्देश दिया है कि सभी गैस एजेंसियां अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट पर प्रतिदिन यह प्रदर्शित करें कि किस तिथि तक के उपभोक्ताओं को गैस वितरित किया जा रहा है, आगामी वितरण की तिथि क्या है तथा उपलब्ध स्टॉक की अद्यतन जानकारी भी प्रदर्शित की जाए, जिससे व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत की स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें। जिला प्रशासन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। अब तक 1,276 शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है तथा शेष मामलों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सोनपुर मंडल में अलार्म चैन पुलिंग के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल द्वारा रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध बनाए रखने के उद्देश्य से अलार्म चैन पुलिंग की अनधिकृत घटनाओं के विरुद्ध सघन एवं सशक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान 01.' अगस्त से 31 अगस्त बीच मंडल के विभिन्न रेलखंडों एवं स्टेशनों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया।अभियान के दौरान रेलवे अधिनियम 141 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत कुल 115 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 111 व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान दोषियों से ₹72,000/- की राशि जुमार्ने के रूप में रेल राजस्व में प्राप्त की गई। सोनपुर मंडल प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा, ट्रेन परिचालन की निरंतरता तथा अनावश्यक विलंब को रोकने के उद्देश्य से की गई है। अनधिकृत अउढ से न केवल रेल परिचालन प्रभावित होता है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित जांच, निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र सेवा है : डॉ. श्यामनंदन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर सेवार्थ विद्यार्थी का सेवा अभियान, यात्रियों के बीच वितरित किया गया भोजन सामाजिक सेवा और मानवीय संवेदनाओं को साकार करते हुए सेवार्थ विद्यार्थी, उत्तर बिहार प्रांत के कार्यकताओं ने बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच भोजन वितरण का सेवा अभियान चलाया। इस दौरान दूर - दराज से आने-जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को ससम्मान भोजन उपलब्ध कराया गया। सेवा कार्य के माध्यम से संगठन ने समाज में सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उत्तर बिहार प्रांत के सेवार्थ विद्यार्थी प्रमुख डॉ. श्याम नन्दन जी उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से सद्भाव के वातावरण में मनायें चेहल्लुम : जिलाधिकारी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पू. चं.चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सद्भाव के साथ मनाने को लेकर विधि व्यवस्था के मद्देनजर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के स्तर से जारी संयुक्त आदेश में बताया गया है कि प्राप्त सुचना अनुसार इस वर्ष की चेहल्लुम का त्योहार 4.8.2026 को मनाया जाना है। चेहल्लुम का पर्व मोहर्रम के 40 में दिन पर मनाया जाता है।इस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना स्तर शांति समिति की बैठक संपन्न हो चुकी है एवं सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिला अंतर्गत चिन्हित कुल 375 स्थलों पर दंडाधिकारी/ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है जिसमें मोतिहारी में 160,सिकरहना में 14, पकड़ीदयाल में 41, अरेराज में 59, चकिया में 47 और रक्सौल में 54 स्थान को चिन्हित किया गया है और वहां शांति और सुरक्षा के मद्देनजर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।अनुमंडल स्तर पर एवं जिला स्तर पर 24 घंटा कार्यरत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिला कंट्रोल रूम 0652 - 242418 पर कार्यरत रहेगा एवं इस पर किसी भी तरह की सूचना दी जा सकती है जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकाला जाए। जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस के अनिवार्यता है। इसमें कहीं से भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। जुलूस पर निगरानी रखने के लिए सभी संवेदनशील जगह पर सीसीटीवी कैमरा लगाई जा रही है एवं ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी निगरानी की जाएगी। साथ ही साथ सभी जुलूस का वीडियो ग्राफी करने का भी निर्देश दिया गया है। डीजे को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। सभी वरीय पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण में रहेंगे और आसूचना संग्रह करेंगे एवं छोटी सी छोटी घटनाओं पर भी नजर रखेंगे। जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश एवं थाना स्तर पर शांति समितियों के साथ बैठक में दिए गए निर्देश का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करना होगा। कहीं से भी शिकायत मिलने पर जिला प्रशासन कठोर कार्रवाई करने से नहीं चुकेगा।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था इतनी चुस्त रखी गई है कि कोई भी असामाजिक तत्व अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है और इसके लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है साथ ही साइबर सेनानी भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। सादे लिवास में पुलिस चारों तरफ भ्रमणशील रहेगी।

### संभावित बाढ़ एवं सूखा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क : डीएम

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली की जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने संभावित बाढ़ एवं सूखा के मद्देनजर सभी संबंधित विभागों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को पूर्ण सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से पूर्व तैयारियां ही सबसे प्रभावी उपाय हैं। इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध निर्वहन करते हुए किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें। कृषि विभाग, बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीएचईडी, पशुपालन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों ने अपनी-अपनी आकस्मिक कार्ययोजनाएं तैयार कर ली हैं तथा आवश्यक संसाधनों एवं मानवबल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## वैशाली महिला कॉलेज, हाजीपुर में एनसीसी सत्र 2026-27 का नामांकन संपन्न

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली महिला कॉलेज हाजीपुर में 1 बिहार बटालियन एनसीसी, राजेंद्र नगर, पटना के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों का सत्र 2026-27 हेतु नामांकन एवं चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि चयन प्रक्रिया 1 बिहार बटालियन एनसीसी के अधिकारियों एवं चयन दल सुबेदार मेजर बसंत कुमार पाण्डे, हवालदार रामजी बाबू एवं हवलदार शशिकांत सिंह द्वारा संपन्न कराई गई। बटालियन द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर छात्राओं का मूल्यांकन किया गया। चयनित छात्राएं अब 1 बिहार बटालियन एनसीसी, पटना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व निर्माण एवं राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छात्राओं को अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की शिक्षा प्राप्त होती है। एनसीसी




अधिकारी डॉ. विभा कुमारी ने बताया कि छात्राओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कहा कि चयनित कैडेट्स को नियमित परेड, प्रशिक्षण, सामुदायिक सेवा, वृक्षारोपण, आपदा प्रबंधन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने 1 बिहार बटालियन एनसीसी, पटना के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से नामांकन एवं चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। महाविद्यालय परिवार ने सभी चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि वे एनसीसी के आदर्शों का पालन करते हुए महाविद्यालय, समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगी।

सावन की पहली सोमवारी को

# बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में 40 हजार शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** सावन मास की पहली सोमवारी को गोह प्रखंड के देवकुंड धाम स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां लगभग 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह से लेकर शाम तक कतार में लगकर जलाभिषेक किया। दोपहर 12 बजे के बाद पुरुषों व महिलाओं की कतार थोड़ी छोटी हो गई। लेकिन श्रद्धालुओं काफी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करते रहे। बोल बम का नारा बा ,बाबा ही सहारा बा के नारों से देवकुंड गूंजता रहा। जलाभिषेक का दौर शाम तक जारी रहा।

इस दौरान शिवभक्तों के हर-हर महादेव व जय बाबा दूधेश्वरनाथ के उद्घोष से वातावरण शिवमय हो गया। सोमवार को श्रद्धालुओं ने बाबा दूधेश्वरनाथ पर जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने के

- श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर की सुख समृद्धि की कामना
- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल थे तैनात

कारण श्रद्धालु कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

वहीं इस बार सीधे दर्शन की व्यवस्था मंदिर कमेटी की ओर से की गई थी। इसके लिए अलग से वीआईपी गेट बनाए गए थे। वीआईपी गेट से शुल्क जमा करने के बाद मंदिर में प्रवेश दिया जा रहा था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात थे। वहीं ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के द्वारा 25 सिपाहियों को तैनात किया गया था। समाजसेवी संस्थाओं के कई सदस्य काफी तत्पर रहें। वहीं मठ के मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने बताया कि कावरिया बम एवं श्रधालुओं के ठहराव एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। वहीं मंदिर परिसर में एसडीपीओ अमित राजन ,एसडीपीओ अशोक दास एवं बीडीओ तबरेज आलम सीओ अजय कुमार सिंह, मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार के साथ थानाध्यक्ष निरंजन सिंह,एसआई धनंजय सिंह,अली खा ने मेले का निरीक्षण करते रहे।रविवार के संध्याकाल में बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर को साफ-सफाई कर विशेष श्रृंगार कर आरती किया गया था।जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

श्रद्धालुओं के ठहराव स्थल कुंड घाट पर रविवार की रात भोला जागरण कमेटी द्वारा भक्ति जागरण आयोजित किया गया था। श्रद्धालुओं ने भक्ति जागरण का जमकर लुत्फ उठाया है।

# बीएड कॉलेज के प्राचार्य व व्याख्याता ने हासिल की पीएचडी की उपलब्धि

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** ।भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार एवं व्याख्याता निशांत कुमार की पीएचडी की मौखिक परीक्षा एक अगस्त को सनराइज यूनिवर्सिटी, अलवर (राजस्थान) में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। वाइवा में सफलता के उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा दोनों शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। निशांत कुमार ने शिक्षा संकाय में ₹माध्यमिक स्तर के सामान्य एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, बुद्धि एवं समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन₹ विषय पर शोधकार्य किया। उनके शोध निर्देशक डॉ. अजीत सिंह यादव रहे।

वहीं, डॉ. अमित कुमार ने शिक्षा संकाय में ₹माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए शिक्षा की दिशा में प्रभावशीलता के तरीकों का एक प्रायोगिक अध्ययन : बिहार (भारत)



के विशेष संदर्भ में₹ विषय पर शोधकार्य किया। उनके शोध निर्देशक डॉ. वीर भवानी रहे।

मौखिक परीक्षा में श्री जैन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, अलवर (राजस्थान) की प्राचार्या डॉ. अनिता सोनी मुख्य बा■ परीक्षक के रूप में उपस्थित थीं। दोनों शोधार्थियों ने अपने-अपने शोधग्रंथ पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी। बा■ परीक्षक ने शोध विषयों से जुड़े कई गहन एवं जटिल प्रश्न पूछे, जिनका दोनों शोधार्थियों ने आत्मविश्वास एवं तार्किक ढंग से संतोषजनक उत्तर दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों ने भी शोध की प्रासंगिकता, कार्यप्रणाली एवं निष्कर्षों पर प्रश्न किए, जिनका दोनों ने प्रभावी ढंग से उत्तर दिया।

इस अवसर पर शोध निर्देशक डॉ. अजीत सिंह यादव एवं डॉ. वीर भवानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों शोधार्थियों ने अपने शोधकार्य में गंभीरता, समर्पण एवं उत्कृष्ट अकादमिक दृष्टिकोण का परिचय दिया है। उनकी यह उपलब्धि शोध के प्रति उनकी निष्ठा और सतत प्रयास का परिणाम है।

# होम्योपैथिक क्लीनिक का हुआ उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रफीगंज (औरंगाबाद)।रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप नवस्थापित जर्मन होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया नेशाद अहमद एवं जिला बीस सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रज्जा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों ने क्लीनिक संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस क्लीनिक के खुलने से क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ मिलेगा।


क्लीनिक के संचालक मामून सिद्दिकी ने बताया कि मरीजों को बेहतर परामर्श और उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि लोगों को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस मौके पर मो. अब्दुल्ला, डॉ. मो. नसीमुद्दीन, जमाल खान, मो. हस्सान सिद्दिकी, इस्तियाक फरहान, सियाराम शर्मा, बिगन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने क्लीनिक के सफल संचालन की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# अंतिम सोमवार भादव में, 17 अगस्त तक मांगलिक कार्य शुभ

## सावन मास 2026 के महत्व पर विशेष

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** 30 जुलाई गुरुवार से प्रारंभ सावन का महीना 20 अगस्त दिन शुक्रवार तक रहेगा। सूर्य कर्क संक्रांति 27 जुलाई से 17 अगस्त तक मांगलिक कार्यो के लिए सावन मान्य है। 18 अगस्त से शुभ कार्य नहीं हो सकते। श्री शास्त्री ने बताया कि सावनपुरिया भी नहीं भेजा जा सकता है। सावन मास के शुरू गुरुवार से होने से भगवान् शंकर अपनी पत्नी पार्वती के साथ रहेंगें। इस दिन पूजा उपासना रुद्राभिषेक करने से भक्तों की अभीष्ट कामनाऐं पूर्ण होगी। कृष्ण पक्ष चौदह दिनों का और शुक्ल पक्ष सोलह दिनों का होगा। आचार्य पं. लाल मोहन शास्त्री बताते हैं कि इस सावन मास में चार सोमवार पड़ेगा। मगध की परम्परा है कि एक या तीन ही सोमवार करना चाहिये। इस वर्ष



अन्तिम सोमवार सौर्य मास सावन सौर्य भादव महीना में पड़ेगा। अतः कृष्ण पक्ष का दो और शुक्ल पक्ष का एक सोमवार व्रत करना चाहिये। सावन मास के प्रथम सोमवार से कार्तिक मास के अन्तिम सोमवार



तक क्रमशः सोलह सोमवार का व्रत करना महत्वपूर्ण है। यह अधिक

## 18 अगस्त से सावनपुरिया भेजना व शुभ कार्य नहीं

फल दायक माना जाता है। श्री शास्त्री सावन मास देवताओं के गुरु वृहस्पतिवार से प्रारम्भ और राक्षस दैत्य गुरु शुक्राचार्य के दिन शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। अतः इस महीना में साधना उपासना करने देव दानव दोनों प्रसन्न होंगे।

**किस सोमवार को रुद्राभिषेक का क्या लाभ-** प्रथम सोमवार दिन भगवान शंकर वसहा बैल पर रहेंगे। इस दिन रुद्राभिषेक करने से अभीष्ट की सिद्धि मिलेगी। दूसरा सोमवार को प्रातः 05.55 बजे के बाद बसहा बैल से उतर कर भोजन करने बैठ जायेंगे। इस दिन भगवान् को नाना प्रकार का भोग, भांग, धतूरा, विल्व फल समर्पित करना चाहिये। जिससे घर अन्न धन की वृद्धि और स्वस्थता की प्राप्ति होगी। तीसरा सोमवार के दिन अपने परिवार तथा कुटुम्ब के साथ कैलाश पर रहेंगे। इसदिन रुद्राभिषेक करने से लोगों से मित्रता बढ़ेगी। शत्रु भी मित्र हो जायेंगे। चतुर्थ सोमवार को भी शिव जी कैलाश में रहेंगे।

**भगवान शंकर को समर्पित यह मास-**आचार्य पं. लाल मोहन शास्त्री ने बताया कि सावन मास शुरू होते ही भारत वर्ष के प्रत्येक शहर गांव में भगवान शंकर के मन्दिर को सजाया जाता है। भक्तों की भीड़ होती है।

यह महीना पूर्ण रूप से भगवान् शंकर को समर्पित है। सभी भारतीय अपने भोले बाबा को मनाने के लिये गंगा जल, अक्षत, फुल, विल्वपत्र, धतूरा, मन्दार से बाबा की पूजा करते हैं। महत्वपूर्ण महामन्त्र ₹बोल बमर₹ की उदघोषण करते रहते हैं। केसरिया भगवा रंग का वस्त्र धारण कर कांवर के जल को भगवान शिव लिंग पर चढ़ाते हैं।

# बिजली की आंखमिचौली से मदनपुर के ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद** । मदनपुर में बिजली की आंखमिचौली से इन दिनों ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। यहां बिजली, जंगल की तितली बन चुकी है। यहां ही एक-दो मिनट के लिए बिजली आती है। घंटा-दो चार घंटा के लिए फिर से कट जाती है। एक तो बरसात के मौसम में भी पर्याप्त वोल्टेज का नहीं होना, बिजली विभाग की लचर व्यवस्था की पोल खोल रही है। छत के पंखें अपनी गति से चलते नहीं है सिर्फ हिलते हैं। हाथों का बेना ( पंखा ) ही एकमात्र सहारा बना है। बिजली की कमी और वोल्टेज का कम होनें से न तो नल जल ही चल रहा है और न निजी मोटर ही। नतीजन पेयजल की भी समस्या बन चुकी है। तो वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बिना बिजली के न तो बच्चे घर पर इस भीषण गर्मी में पढ़ ही पा रहे हैं और न होमवर्क ही बना पा रहे हैं । नतीजन स्कूलों में शिक्षकों की डांट सुननी पड़ रही है। मि■ का तेल भी नहीं मिलता जो कि लालटेन और ढ़िबरी में जला कर बच्चे पढ़ाई करते और माताएं रात में खाना बना पाती। आखिर उसका जवाबदेह कौन होगा या फिर बिजली विभाग या फिर सरकार। एक तरफ वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी नें वादा किया है कि किसानों को कृषि कार्य करनें हेतु सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक निर्वाध बिजली आपूर्ति की जाएगी तो फिर बिजली विभाग सरकार के आदेश को क्यों नहीं अनुपालन करनें को तैयार है। क्या यह 125 यूनिट फ्री बिजली देनें का खामियाजा तो नहीं है। किसान एवं मिडिल क्लाश का नागरिक किसे शिकायत करे इस बिजली त्रादशी की। कोई सुननें वाला भी तो नहीं है । धान की रोपणी बिजली की कमी से प्रभावित हो रही है। नतीजन धान नहीं लगेंगे, तो उपज कहां से होगी। राष्ट्रीय खाद्यान संकट की ओर बिहार बिजली की कमी से बढ़ता जा रहा है। भारत एक लोक कल्याणकारी राज्य है। ऐसे में बिजली को तितली बननें से कौन रोकेगा।

## मदाड नदी का जर्जर पुल दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के प्राणपुर गांव के समीप मदाड नदी पर बना पुल पिछ्ले एक दशक से जर्जर अवस्था में है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। वहीं सुरक्षा का खतरा भी बढ़ गया है। इस जानलेवा पुल पर कब बड़ी दुर्घटना घट जाए कहना मुश्किल है। रात के समय यहां कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है परंतु भगवान का शुक्र है कि अबतक किसी की जान नहीं गई। इधर पुल निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कई बार पुल की मरम्मत की मांग उठाई है परंतु अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। चेई नवादा, प्राणपुर, उधम बिगहा, बांसा बिगहा के आसपास के ग्रामीण इसी पुल से गुजरते हैं। ग्रामीण प्रमोद सिंह, सुबोध सिंह सहित ने बताया कि पुल के जर्जर होने के कारण बाइक से पुल से नीचे से गुजरते हैं परंतु वर्षा के दिनों में जलजमाव के कारण यह जोखिम भरा हो जाता है। वर्षा में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। मजबूरन ग्रामीण दूसरे रास्तों से जाने में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। वहीं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए प्रतिदिन सैंकड़ों ग्रामीणों का आवागमन होता है। गांव में एक सरकारी विद्यालय भी है जहां छात्र-छात्राएं पुल से गुजरकर जाते हैं। पुल की स्थिति के कारण छात्रों और शिक्षकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है।

11 ज्योतिलिंगों का दर्शन कर चुके यशराज

# नौ वर्षीय बाल धर्मयात्री का नवादा में स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** गयाजी जिला के बोधगया निवासी प्रकाश साव के 09 वर्षीय पुत्र यशराज 15 जनवरी 2026 से साइकिल द्वारा 12 ज्योतिर्लिंग एवं चार धाम की पावन यात्रा पर निकले हैं।अब तक वे 11 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर चुके हैं तथा 12वें एवं अंतिम ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर के दर्शन के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। उनका 10 अगस्त को बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक एवं दर्शन करने का कार्यक्रम है। सोमवार की देर रात्रि नवादा आगमन पर वे दुल्हन बैंक्वेट हॉल में ठहरे हुए थे, जहाँ उनका सम्मान किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नवादा जिला महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलने पर वे अपने साथियों अजय बरनवाल, प्रदीप साव, महेंद्र प्रसाद एवं महेश प्रसाद साव के साथ रात्रि लगभग 11 बजे दुल्हन बैंक्वेट




हॉल पहुँचे और बाल धर्मयात्री यशराज का अंगवस्त्र एवं ड्रायफ्रूट भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान उनकी धार्मिक यात्रा एवं अब तक के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री गुप्ता ने बताया कि बातचीत के दौरान यशराज ने कहा कि 12 ज्योतिर्लिंग एवं चार धाम की यात्रा पूर्ण होने के बाद उनका अगला लक्ष्य अपने घर बोधगया से नई दिल्ली स्थित संसद भवन तक साइकिल यात्रा करना है। उन्होंने बताया कि वे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर गौ माता की रक्षा एवं संरक्षण के विषय पर चर्चा करना चाहते हैं।

उल्लेखनीय है कि यशराज इससे पूर्व 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या में आयोजित प्रभु श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए बोधगया से अयोध्या तक साइकिल यात्रा कर चुके हैं। उनके इस धार्मिक अभियान में उनके पिता प्रकाश साव भी पूरी यात्रा के दौरान साइकिल से उनके साथ चलकर उनका उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

श्री गुप्ता ने कहा कि इतनी कम आयु में यशराज का धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण अत्यंत प्रेरणादायी है। ऐसे संस्कारवान बालक का सम्मान करना समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने भगवान से यशराज की यात्रा की सफलता, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 810 आवेदनों की स्वीकृति

## डीएम ने की डीआरसीसी की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में रविवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र में डीआरसीसी, जिला नियोजनालय तथा श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन, उपलब्धियों तथा लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त 2,963 आवेदनों में से 2,962 आवेदनों की स्वीकृति पर संतोष व्यक्त किया गया। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य 3,450 के विरुद्ध अब तक 869 आवेदन प्राप्त होने तथा 810 आवेदनों की स्वीकृति की जानकारी दी गई। वहीं मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के अंतर्गत प्राप्त 286 आवेदनों में से 285 आवेदनों के स्वीकृत होने की समीक्षा की गई।बैठक में पंचायतों एवं शिक्षण संस्थानों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला नियोजनालय की समीक्षा में बताया गया कि नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2026-27 में 31 जुलाई तक 2,565 युवाओं का निबंधन किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,890 निबंधन कराए गए थे तथा कुल 40,698 सक्रिय निबंधन उपलब्ध हैं। रोजगारोन्मुखी गतिविधियों के अंतर्गत गत वित्तीय वर्ष में आयोजित दो जिला स्तरीय रोजगार मेलों में 1,465 तथा 77 जॉब कैंपों के माध्यम से 2,297 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चालू वित्तीय वर्ष में आयोजित 15 जॉब कैंपों के माध्यम से अब तक 518 युवाओं का चयन किया जा चुका है।बैठक में यह भी बताया गया कि जिले के सभी 18 प्रखंडों में 55 कौशल विकास केंद्र संचालित हैं तथा अब तक 1,09,452 से अधिक युवाओं ने कुशल युवा कार्यक्रम एवं संबंधित योजनाओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र हासिल किया है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु टूल किट उपलब्ध कराने की योजना की भी समीक्षा की गई। श्रम संसाधन विभाग एवं श्रम अधीक्षक कार्यालय की समीक्षा के दौरान बिहार शताब्दी सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत 61 आवेदनों की स्वीकृति तथा 51 लाभुकों के लिए कुल 27 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी गई। बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत प्राप्त 13 आवेदनों में से 5 को स्वीकृत तथा 8 को नियमानुसार अस्वीकृत किया गया। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन अभियान, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अनुपालन, उपकर संग्रहण तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि साहेबपुर कमाल एवं छौड़ाही प्रखंडों में श्रमिकों को बकाया अंतर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराया गया है। बेगूसराय सदर प्रखंड में निरीक्षण के उपरांत 3 लाख 66 हजार 784 रुपये की उपकर राशि संग्रहित की गई। साथ ही 759 नए निर्माण श्रमिकों का निबंधन स्वीकृत किया गया तथा जिले में अब तक 8,47,075 श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराया जा चुका है।समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, नियमित मॉनिटरिंग, जन-जागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी सहित सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रेमचंद की जयंती पर सेमिनार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जनवादी लेखक संघ और जन संस्कृति मंच की जिला इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जीडी कॉलेज के दिनकर सभागार में उर्दू तथा हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर 'मौजूदा राजनीतिक-सांस्कृतिक परिदृश्य में प्रेमचंद' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र साह और जसम के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा के अध्यक्ष मंडल ने की जबकि संचालन जलेस सचिव राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अभिनंदन झा तथा देवेन्द्र कुंवर ने जनवादी गीत प्रस्तुत किए। प्रो. जिक्रुल्लाह खान ने जलेस, प्रलेस और जसम के राष्ट्रीय महासचिवों के हस्ताक्षर वाले घोषणा-पत्र का पाठ कर आज के संयुक्त कार्यक्रम के औचित्य को बताया। दीपक सिन्हा और विजय कुमार सिन्हा ने प्रेमचंद की कहानी 'मन्दिर-मस्जिद' का संयुक्त पाठ किया। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र साह ने कहा कि प्रेमचंद साझी परम्परा के प्रामाणिक साहित्यकार थे।

# मुंगेर विश्वविद्यालय ने मात्र 25 दिनों में प्रकाशित किया स्नातक तृतीय सेमेस्टर का परिणाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय ने परीक्षा संचालन एवं परिणाम प्रकाशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए स्नातक तृतीय सेमेस्टर (सत्र 2024-28) का परीक्षा परिणाम सफलतापूर्वक प्रकाशित कर दिया है। इस परीक्षा का आयोजन ओएमआर आधारित उत्तर पुस्तिका प्रणाली के माध्यम से किया गया था तथा परीक्षा समाप्त होने के मात्र 25 दिनों के भीतर परिणाम प्रकाशित कर विश्वविद्यालय ने अपनी कार्यकुशलता एवं पारदर्शिता का परिचय दिया है। इस परीक्षा में लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार द्वारा परीक्षा परिणाम का औपचारिक रूप से प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष परीक्षा नियंत्रक तथा कुलसचिव भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. डॉ. संजय कुमार ने इस अवसर पर सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली विकसित करना विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ओएमआर आधारित मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से परिणामों की शुद्धता एवं शीघ्रता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को समय पर अपनी अगली शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो सके।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में 11 अगस्त को प्रस्तावित तीसरे दीक्षांत समारोह की तैयारियों के मद्देनज़र कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने किया। बैठक में समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं तथा लोक भवन (गवर्नर हाउस) से आने वाले विशिष्ट अतिथियों के लिए नाश्ता एवं भोजन की समुचित व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही विद्यार्थियों के आगमन का समय, पंजीकरण, किट वितरण तथा यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनके पहचान-पत्र (आई-कार्ड) समारोह से एक दिन पूर्व वितरित किए जाएंगे, जिससे आयोजन के दिन व्यवस्थाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में विशिष्ट अतिथियों के आतिथ्य, भोजन व्यवस्था, आमंत्रित अतिथियों की सूची, पदक (मेडल) वितरण की तैयारियों तथा अब तक मेडल प्राप्ति हेतु आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या एवं संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की गई। सभी समितियों को समयबद्ध ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज की दीक्षांत समारोह मीडिया प्रभारी एवं एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियंवदा शर्मा तथा ले.डॉ. कुमारी नेहा द्वारा समारोह स्थल (ऑडिटोरियम) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुझाव भी दिए गए। बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रोफ़ेसर महेश्वर मिश्रा,परीक्षा नियंत्रक प्रोफ़ेसर डॉ. दशरथ प्रजापत, आर.डी. एंड डी.जे. कॉलेज के प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. विजेंद्र कुमार, प्रोफ़ेसर डॉ. मंजू कुमारी, प्रोफ़ेसर डॉ. गिरीश चंद्र पांडे, प्रोफ़ेसर डॉ. रंजन कुमार सिंह, प्रोफ़ेसर डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. दिवाकर कुमार, राजेंद्र प्रसाद, प्रोफ़ेसर डॉ. अजीत कुमार, डॉ. सूरज कोनार, डॉ. कंचन सिंह, ले. डॉ. कुमारी नेहा, डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रभाकर पोद्दार, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. संजय कुमार मांझी, डॉ. स्मृति कुमारी, प्रोफ़ेसर डॉ. देवराज सुमन, कृष्ण कुमार, डॉ. विश्वजीत विद्यालंकर, मुनेन्द्र कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों के अनेक पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कुलपति ने सभी संबंधित समितियों को निर्देशित किया कि दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। अतः प्रत्येक व्यवस्था को समयबद्ध, अनुशासित एवं उत्कृष्ट ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि समारोह विद्यार्थियों, अतिथियों एवं विश्वविद्यालय परिवार के लिए अविस्मरणीय बन सके।




**Affidavit**

I ADITI D/O SANJAY KUMAR JHA R/O Bela more Diwani Takiya Darbhanga Bihar-846004, have changed my name to ADITI VATS.



**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ डीईई(जी)/पूर्व रेलवे, मालदा, पो.ऑ.: झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभव एवं आर्थिक क्षमता रखने वाली सम्माननीय फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या : ईएल-एमएलडीटी-ई-टेंडर-450, दिनांक : 30.07.2026। कार्य का नाम :** (i) भागलपुर में वर्तमान सीबीएल का रनिंग रूम सुविधाओं में रूपांतरण तथा भागलपुर में नए सीबीएल बिल्डिंग के निर्माण, सीएलजी आरआर का विस्तार के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। (ii) जमालपुर के वर्तमान क्रू लॉबी तथा रनिंग रूम का जीर्णोद्धार/ वृद्धि तथा जमालपुर के क्रू बुकिंग लॉबी तथा रनिंग रूम के विस्तार के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,14,40,333.60 । **बयाना राशि:** रु. 2,28,800। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 07.08.2026 से 21.08.2026 को अपराह्न 3.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान : www.ireps.gov.in** एवं वरिष्ठ डीईई(जी)/पूर्व रेलवे, मालदा का कार्यालय। निविदादाता से यह अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज को अच्छी तरह से पढ़ लें। किसी भी परिस्थिति में मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(MLD-149/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# डीएम-एसएसपी ने किया बूढ़ानाथ मंदिर का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** सावन मास के प्रथम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव द्वारा स्थानीय बूढ़ानाथ मंदिर परिसर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों वरीय अधिकारियों ने मंदिर परिसर, दर्शन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को सतत क्रियाशील एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# भोजपुरी पेंटिंग सह सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** स्थानीय महंथ महिला महाविद्यालय आरा के कला प्रेक्षागृह कला गैलरी में, भोजपुरी पेंटिंग सह सेमिनार का आयोजन हुआ। आसरा सेवा केन्द्र व प्रभाव क्रियेटिव सोसायटी आरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कला प्रदर्शनी अपने मौलिक मौजूदगी को लेकर काफी उत्साहित करने जैसा है। कला गैलरी में प्रदर्शित तकरीबन 40 चित्र और अलग-अलग लोक कलात्मक चिजे प्रदर्शित किया गया है जो काफी सृजनात्मक है। भोजपुरी पेंटिंग सह सेमिनार कार्यक्रम का उद्घाटन पद्मश्री श्याम शर्मा जी ने सभा में उपस्थित अशोक कुमार सिन्हा अपर निदेशक बिहार संग्रहालय पटना, पृथ्वीराज सिंह, पद्मश्री भीम सिंह भवेश, बीरेंद्र कुमार सिंह, नरेंद्र प्रताप पालित प्राचार्य महंथ महिला महाविद्यालय आरा, भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन, रालोमो प्रदेश सचिव सुनील पाठक आरा के संयुक्त उपस्थित में किया गया। उसके बाद आगंतुक सभी अतिथियों को भोजपुरी पेंटिंग किया हुआ अंगवस्त्र और भोजपुरी पेंटिंग किया हुआ मोमेंटो से सम्मानित किया गया जिसका उपस्थित सभी लोगो ने सराहना किया और संकल्प लिया कि आगे से सम्मानित करने के लिए भोजपुरी पेंटिंग किया हुआ अंगवस्त्र से सम्मानित किया जाएगा। भोजपुरी पेंटिंग प्रदर्शनी सह सेमिनार में उपस्थित कलाविदों कला समीक्षकों ने भोजपुरी चित्र शैली को लेकर काफी गहरी बातें कही। पदमश्री श्याम शर्मा ने भोजपुरी पेंटिंग को लेकर इसके विकास के क्रम को लेकर ढेरों ऐसे सुझाव दिए जो आने वाले समय में काफी मददगार साबित होगा। वहीं मुख्य वक्ता पृथ्वीराज सिंह अपने संबोधन में कहा कि भोजपुरिया कला संस्कृति में सिधे जीवन दर्शन होता है। हम आने वाले समय को लेकर सजग रहें स्थानीय कला संस्कृति के लिए अनुकूल समय चल रहा है। संबोधन क्रम को आगे बढ़ाते हुए बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा बोले यह सुरूआत है किसी भी कला को आगे बढ़ाने का। हम सभी अगर एकजुट होकर भोजपुरी कला संस्कृति पर इसी तरह विचार रखते रहे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। वहीं कला शिक्षक रौशन राय ने भोजपुरी पेंटिंग के शुरूआती संघर्ष को याद दिलाते हुए कहा कि आज हम बिल्कुल सही और सटीक दिशा में काम कर रहे हैं। एक जागरूक माहौल कलात्मक सृजित होना चाहिए।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा वार्ड नं 27 इकाई के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार की संध्या 6 बजे से मिडिल स्कूल पहाड़चक के प्रांगण में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विजय कुमार ने की जबकि संचालन अभाकाम वार्ड नंध 27 के सह संयोजक रंजन कुमार सिन्हा ने किया। बैठक में महासभा के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गयी। अभाकाम के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता ने बैठक में उपस्थित अभाकाम के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए संगठन को और संगठित एवं मजबूती के लिए संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने सदस्यों से ऑनलाइन 'के कार्ड' से जुड़ने की अपील की। सर्वसम्मति से वार्ड न. 27 अभाकाम इकाई की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने एवं सम्पर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वीरेंद्र कुमार वर्मा अधिवक्ता, मनोज कुमार, रंजन कुमार सिन्हा,संजय कुमार सिन्हा,त्रिभुवन नारायण सिन्हा, सत्य प्रकाश कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, रणवीर कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, श्याम किशोर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# विषम परिस्थितियों में ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मी समाज के रक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** सामाजिक सरोकार और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा द्वारा सोमवार को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हेलमेट बांटे गये। सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सुमन द्वारा भोजपुर जिले की यातायात व्यवस्था में तैनात 10 पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण हेलमेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु एवं बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक सुबोध कुमार शर्मा उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशक श्री सुमन ने कहा कि जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और कड़ी धूप व विषम परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी निभाने वाले पुलिसकर्मी हमारे समाज के रक्षक है। यातायात डीएसपी ने सुधा डेयरी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क, सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक व व्यावसायिक संस्थानों की सहभागिता अत्यंत सराहनीय है। इस मौके पर सुधा डेयरी के वरिष्ठ अधिकारी एस. एस. श्रीवास्तव, राकेश कुमार केशरी, हिमांशु कुमार, शुभम कुमार, पंकज कुमार एवं यातायात थाना के पुलिसकर्मी चन्दन कुमार, मनोज कुमार, बासुकी कुमार मौजूद रहें।



# पीके की शानदार जीत पर कहलगांव में जश्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** पटना के बांकीपुर उपचुनाव में जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की शानदार जीत के बाद कहलगांव शहर में जश्न का का माहौल दिखा। पार्टी के कहलगांव प्रखंड अध्यक्ष निरंजन पटेल के नेतृत्व में जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्टेशन चौक पर सोमवार को जमकर आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी। और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दिया। जिला मुख्य प्रवक्ता रीतेश सिंह ने इस ऐतिहासिक जीत को लेकर कहा कि यह किसी दल विशेष की नहीं, बल्कि बांकीपुर की देवतुल्य जनता की जीत है। मौके पर धर्मेश कुमार, विनयनाथ चौधरी, रजी अली, बासुदेव दास, कुणाल साह, राजीव सिन्हा, अभिमन्यु सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एफ-एमएफजी-200 बीवीसीएम-सोलर-आरटी, दिनांक 31.07.2026।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर, जिला : मुंगेर (बिहार), पिन-811214 निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा संख्या: एफ-एमएफजी-200 बीवीसीएम-सोलर-आरटी** के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम :** 200 अदद बीवीसीएम के निर्माण के लिए एकल सेट में अनुलग्नक क की क्रम संख्या 1 से 20 में दी गई विभिन्न वस्तुओं और लाइट व पंखे के साथ सोलर सिस्टम की आपूर्ति, फिटिंग और शुरुआत (एंटी-थेफ्ट व्यवस्था सहित) और अनुलग्नक ख की क्रम संख्या 1 के तहत केबिन के अंदरूनी हिस्से के फर्श पर पॉलीमाइन एपॉक्सी रेज़िन लगाना। **कार्य का स्थान :** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,76,57,621.40। **बोली प्रणाली :** एकल लिफाफा प्रणाली। **निविदा दस्तावेज की कीमत :** रु. 0। **बोली प्रतिभूति :** रु. 11,53,200। **कार्य पूरा करने की अवधि:** बारह महीने। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 29.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तारीख और समय :** 03.08.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण और सूचना पट्ट का स्थान जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in** तथा www.er.indianrailways.gov.in और किसी भी कार्यदिवस को उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (मैन्युफैक्चरिंग), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर का कार्यालय। बोलीदाता अपनी बोलियाँ केवल बंद होने की तारीख और समय तक ही जमा कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे और ऐसा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव मिलने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि का भुगतान केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध तरीकों जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, जमा रसीद, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान की अनुमति नहीं है।

(MISC-123/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# 'हर घर तिरंगा' अभियान को जनभागीदारी से जन आंदोलन बनाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 9 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले अभियान के सफल संचालन, राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता, वितरण, जनभागीदारी तथा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक परिवार तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए अधिकतम घरों एवं संस्थानों पर तिरंगा फहराना है। उन्होंने कहा कि अभियान पूर्णतः जनभागीदारी आधारित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं फ्लैग कोड का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में निर्देश दिया गया कि अभियान के दौरान तिरंगा वितरण अभियान, तिरंगा यात्रा, बाइक एवं साइकिल रैली, वंदे मातरम का सामूहिक गायन, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा एवं वंदे मातरम प्रदर्शनी, सरकारी भवनों की त्रिवर्णीय रोशनी, 'हर घर तिरंगा' थीम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 'सेल्फी विद तिरंगा' जैसे कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अभियान में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, जीविका स्वयं सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों, वार्ड प्रतिनिधियों, पैक्स, एनसीसी, एनएसएस, मेरा युवा भारत, खेल क्लबों, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारी संगठनों तथा नागरिक समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह अभियान जन-आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रत्येक प्रखंड द्वारा लगभग 4,000 राष्ट्रीय ध्वजों का क्रय एवं वितरण किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण ग्राम पंचायतों, जीविका स्वयं सहायता समूहों, पैक्स एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं के माध्यम से किया जाएगा, जिससे प्रत्येक परिवार तक तिरंगा पहुंच सके। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं वार्ड में जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, प्रत्येक सरकारी कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय एवं सार्वजनिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराना सुनिश्चित किया जाए तथा 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंडवार ध्वजों की समयबद्ध खरीद एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए, पंचायतवार वितरण योजना तैयार की जाए तथा प्रतिदिन अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाए। साथ ही 12 अगस्त, 2026 को जिला स्तर पर समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित करने तथा अभियान की नियमित प्रगति रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# हरियाली माह अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** मां द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय कासमा द्वारा 'हरियाली माह अभियान एक बच्चा, एक पेड़, एक जिम्मेदारी'' के तहत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक व्यापक वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कासमा के चिकित्सा प्रभारी से प्रशासनिक एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक छात्र-छात्रा से कम-से-कम एक पौधा लगवाना, उसकी नियमित देखभाल सुनिश्चित करना तथा विद्यालय, परिवार, पंचायत और सरकारी-गैरसरकारी संस्थाओं की सहभागिता से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना है। अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर एवं विभिन्न सरकारी-गैरसरकारी कार्यालयों में पौधारोपण, गांवों में जन-जागरूकता अभियान, पर्यावरण शपथ, रैली, पौधों का फोटो रिकॉर्ड तथा नियमित निगरानी एवं संरक्षण की गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट पौधा संरक्षक विद्यार्थियों, सहयोगी संस्थाओं एवं अधिकारियों को सम्मानित करने की भी योजना है।



# गर्भवती महिलाओं को समय पर मिले पीएमएमवी वाई का लाभ : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को उप विकास आयुक्त श्रीमती स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई ) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में वित्तीय वर्ष 2026 27 के तहत प्रखंडवार प्रगति लाभुकों के पंजीकरण आधार सीडिंग एनपीसीआई मैपिंग फेस ऑथेंटिकेशन सत्यापन स्वीकृति भुगतान तथा लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान बताया गया कि जुलाई की तुलना में अगस्त माह तक योजना के तहत लाभुकों के नामांकन और स्वीकृत मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी प्रखंडों को और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य पोषण और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण योजना है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र महिलाओं का समय पर पंजीकरण आधार एवं बैंक खाते की सीडिंग एनपीसीआई मैपिंग और फेस ऑथेंटिकेशन जैसे लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र महिला योजना के लाभ से वंचित न रहे बैठक में अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले प्रखंडों को विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया इस अवसर पर सहायक समाहर्ता यश कुमार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर सहित विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## रक्तदान जागरूकता अभियान को मिलेगी नई गति : डीडीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में ब्लड डोनेशन अवेयरनेस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए रक्तदान जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया बैठक में डीडीसी ने कहा कि "रक्तदान महादान है" और इसके प्रति आमजन में व्यापक जागरूकता पैदा करना समय का आवश्यकता है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जाएं तथा स्कूल कॉलेजों औद्योगिक प्रतिष्ठानों सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से अधिकाधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं।

# खेल और पर्यटन योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, गुणवत्ता से समझौता नहीं : स्मृता कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह ।** उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने सोमवार को खेल एवं पर्यटन विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए पारदर्शिता नियमित मॉनिटरिंग और विभागों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है बैठक में पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों साफ सफाई, सौंदर्यीकरण और आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए उप विकास आयुक्त ने कहा कि बेहतर पर्यटन सुविधाओं से पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा खेल विभाग की समीक्षा में खेल सामग्री के समय पर वितरण, निमार्णाधीन फुटबॉल स्टेडियमों एवं अन्य खेल अवसंरचनाओं के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया गया साथ ही खेल परिसरों के बेहतर रखरखाव और पे-एंड-प्ले मॉडल को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें उन्होंने पंचायत और प्रखंड स्तर पर नियमित खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का भी निर्देश दिया जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिल सके बैठक में जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर एनआरईपी के कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन पर राजद का बड़ा हमला, खान निदेशक से की सख्त कार्रवाई की मांग : इरफान आलम

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के गिरिडीह जिला अध्यक्ष मो. इरफान आलम ने जिले में बड़े पैमाने पर हो रहे कथित अवैध खनन को लेकर खान निदेशक रांची को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई महीनों से जिले के विभिन्न खनन क्षेत्रों में माफियाओं द्वारा खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन को कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार लगातार जारी है राजद जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अवैध खनन के कारण सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं उसरी जैसी नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है और आदिवासी एवं किसानों की जमीन भी प्रभावित हो रही है ज्ञापन के माध्यम से खान निदेशक से तीन प्रमुख मांगें की गई हैं। इसमें उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर अवैध खनन स्थलों की जांच कराने संबंधित पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर खनन में प्रयुक्त मशीनों एवं वाहनों को जब्त करने की मांग शामिल है मो. इरफान आलम ने कहा कि यह जनहित और पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मामला है उन्होंने उम्मीद जताई कि खान विभाग इस पूरे मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगा।



### 5 से 25 अगस्त तक पंचायत और वार्ड स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह जिला प्रशासन आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 5 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों की ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में विशेष प्रमाण-पत्र शिविर आयोजित करेगा इन शिविरों में जाति आय आवासीय जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन लेकर त्वरित निष्पादन किया जाएगा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर आयोजित होने वाले इन शिविरों का उद्देश्य प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में शिविर आयोजित कराने के निर्देश दिए गए हैं प्रत्येक शिविर में पंचायत सचिव एवं हल्का कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि आवेदन प्राप्त कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए निर्धारित समय के भीतर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सके।


### गांधी मैदान में ओपन जिम का उद्घाटन, शहर के अन्य स्थानों पर भी लगेंगे जिम

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** शहरवासियों को आधुनिक व्यायाम सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बुधवार को मतवारी स्थित गांधी मैदान में ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। जिला प्रशासन एवं एक्सिस बैंक के सीएसआर के सहयोग से स्थापित जिम का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती, महापौर अरविंद कुमार राणा, उप विकास आयुक्त रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, एडीपीओ पंकज तिवारी, वार्ड-12 के पार्षद मिथिलेश सिन्हा तथा एक्सिस बैंक के क्लस्टर पदाधिकारी राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि ओपन जिम लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने शहरवासियों से नियमित रूप से इसका उपयोग करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि नगर निगम ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर ओपन जिम स्थापित करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को दिया था। उन्होंने बताया कि उपायुक्त को पत्र लिखकर आधा दर्जन स्थानों पर ओपन जिम लगाने का अनुरोध किया गया था, ताकि सुबह-शाम टहलने और व्यायाम करने आने वाले लोगों को आधुनिक फिटनेस सुविधाएं मिल सकें। महापौर अरविंद कुमार राणा ने जिला प्रशासन एवं एक्सिस बैंक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह पहल "स्वस्थ हजारीबाग, सक्षम हजारीबाग और स्वच्छ हजारीबाग" की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन, नगर निगम, एक्सिस बैंक के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।



### बरही चौक के नामकरण व प्रतिमा स्थापना पर उठे सवाल, एसडीओ व बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बरही (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** सोमवार को बरही चौक स्थित गोलंबर में अचानक प्रतिमा स्थापना व नामकरण को लेकर आम जनमानस अचंभित हैं । जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया है । इसे लेकर स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीओ जोहान टुडू और बीडीओ जयपाल को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई। ज्ञापन में कहा गया है कि बिना आमसभा और सरकार की अधिसूचना के चौक का नामकरण तथा प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बरही चौक पर स्वर्गीय दिशोम गुरु शिवू सोरेन की प्रतिमा स्थापित किए जाने की सूचना मिल रही है, जबकि इस संबंध में अब तक कोई लिखित सरकारी नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। साथ ही आमसभा भी आयोजित नहीं की गई है। ज्ञापनकताओं ने इसे स्थानीय जनता की भावना के विपरीत बताते हुए प्रतिमा स्थापना की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से आग्रह किया है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए आमजन की भावनाओं का सम्मान किया जाए तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति से बचने के लिए प्रतिमा स्थापना और नामकरण की प्रक्रिया को तत्काल रोका जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, विहिप जिला कोषाध्यक्ष नन्द किशोर कुमार, विहिप प्रखंड सह मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रदीप कुमार, निरंजन केसरी, सुरेंद्र शर्मा, परमेश्वर यादव, ब्रजेश ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।



# डीडीसी स्मृता कुमारी ने की रक्तदान अभियान की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन का रूप देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में ब्लड डोनेशन अवेयरनेस एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में रक्तदान जागरूकता अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए डीडीसी ने कहा कि रक्तदान महादान है और इसके प्रति आमजन में व्यापक जागरूकता फैलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में नियमित रूप से रक्तदान जागरूकता अभियान चलाए जाएं तथा शैक्षणिक संस्थानों औद्योगिक प्रतिष्ठानों सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से अधिक से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएं बैठक में रक्त की उपलब्धता संभावित रक्तदाताओं के पंजीकरण रक्तदान शिविरों के आयोजन और समन्वय व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके डीडीसी ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय और रेडक्रॉस सोसाइटी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह जिला नजारत उप समाहर्ता आशुतोष ठाकुर रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सोसाइटी के सदस्य तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




# 15 अगस्त की तैयारियों में जुटा नगर निगम, सफाई और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं सोमवार को नगर आयुक्त विजय सिंह बीरूआ ने निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर में साफ-सफाई सौंदर्यीकरण और महापुरुषों की प्रतिमाओं की देखरेख की तैयारियों का जायजा लिया बैठक में नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि शहर के प्रमुख चौक चौराहों सार्वजनिक स्थलों सरकारी परिसरों और महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए प्रतिमाओं की साफ सफाई रंग रोगन आसपास की व्यवस्था और माल्यार्पण की सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करने को कहा गया उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, इसलिए शहर को स्वच्छ सुंदर और आकर्षक बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि 15 अगस्त के अवसर पर नागरिकों को साफ सुथरा और व्यवस्थित वातावरण मिले बैठक में उप नगर आयुक्त अब्दुल समद अर्बन प्लानर मंजूर आलम स्वच्छता निरीक्षक गौरी शंकर यादव साबिर अंसारी निशांत वर्मा अशोक हाड़ी रवि वर्मा शबीर अंसारी प्रवीण हाड़ी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# दिशोम गुरू शिबू सोरेन की पुण्यतिथि पर आज होगा मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** दिशोम गुरू शिबू सोरेन की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार, 4 अगस्त को गिरिडीह के झंडा मैदान में 'दिशोम गुरू शिबू सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट' का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य दिशोम गुरू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना और स्थानीय फुटबॉल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू होंगे कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी शामिल होंगे प्रतियोगिता में जिले की चार प्रमुख टीमें स्टार क्लब गांडेय ताज स्पोर्टिंग क्लब सिकदारडीह फूलो झानो क्लब गिरिडीह तथा लोकल बॉय बेंगाबाद मैदान में उतरेंगी आयोजकों का कहना है कि सभी मुकाबले रोमांचक होंगे और खेल प्रेमियों को उच्चस्तरीय फुटबॉल देखने का अवसर मिलेगा आयोजन को सफल बनाने के लिए झारखंड युवा मोर्चा गिरिडीह के कार्यकर्ता लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कोलेश्वर सोरेन जिला सह सचिव दिलीप कुमार रजक संगठन सचिव मेहताब मिर्जा प्रखंड सचिव सरफुद्दीन अंसारी जिला सचिव फरदीन इम्तियाज अहमद तथा योगेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं आयोजन समिति ने जिले के खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में झंडा मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है आयोजकों का कहना है कि यह टूनार्मेंट खेल सामाजिक एकता और युवाओं के उत्साह का प्रतीक बनेगा।



# इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने दोस्ती को सेवा से जोड़कर मनाया फ्रेंडशिप डे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सच्ची दोस्ती केवल साथ निभाने का नाम नहीं बल्कि जरूरत के समय एक दूसरे का हाथ थामकर जीवन में खुशियाँ और आत्मविश्वास भरने का नाम है। इसी संदेश को साकार करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने फ्रेंडशिप एंड सर्विस के मूल मंत्र के साथ फ्रेंडशिप डे बड़े ही उत्साह एवं आत्मीयता के साथ मनाया इस अवसर पर क्लब ने मित्रता का उत्सव मनाने के साथ-साथ सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर सिलाई कार्य में दक्ष दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक अपने परिवार का भरण पोषण कर सके लिए साथ ही क्लब परिवार का विस्तार करते हुए अंजू सिन्हा एवं पूजा जमवार का नए सदस्य के रूप में आत्मीय स्वागत किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला द्वारा फ्रेंडशिप डे के उपलक्ष्य में केक कटवाकर किया गया इसके पश्चात आईएसओ नमिता जमुवार माला जलान नेऔर फर्स्ट प्रेसिडेंट सुमन गौरीसरीया ने सभी सदस्यों को फ्रेंडशिप बैंड बांधने के साथ साथ सच्ची मित्रता के महत्व आपसी विश्वास सहयोग सम्मान एवं सेवा की भावना पर सुंदर एवं प्रेरणादायक विचार साझा किए आयोजित फ्रेंडशिप बैंड डेकोरेशन प्रतियोगिता में विभूति रंजना प्रथम तथा सुमन गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं वहीं लकी फ्रेंडशिप बैंड प्रतियोगिता की विजेता मनीषा कपिश्वे रहीं सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर पीडीसी पुनम सहाय पास्ट प्रेसिडेंट सुमन गौरसरिया उपाध्यक्ष स्मृति आनंद पास्ट प्रेसिडेंट कविता राजगोड़िया आईएसओ नमिता जमुवार कोषाध्यक्ष रश्मि गुप्ता सदस्य माला जालान सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया यह आयोजन मित्रता सेवा और सामाजिक सरोकारों का सुंदर संगम बनकर सभी के लिए यादगार रहा।



# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सावन की पहली सोमवारी पर जिले के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिरों के बाहर लग गई हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का गंगाजल, दूध दही शहद बेलपत्र धतूरा और पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की देवघर से लौटे कांवरियों ने भी विभिन्न शिवालयों में जलार्पण कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे पुलिस बल दंडाधिकारी और स्वयंसेवकों की तैनाती के साथ बैरिकेडिंग एवं कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक पूजा-अर्चना की दिनभर मंदिर परिसरों में भजन कीर्तन शंखनाद और घंटियों की मधुर ध्वनि गूंजती रही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला महिलाओं युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया सावन की पहली सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भगवान शिव के प्रति लोगों की आस्था आज भी अटूट है।

# पहली सोमवारी पर बाबा दुखहरण नाथ धाम में शिवभक्तों की सेवा में जुटे कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** सावन माह की पहली सोमवारी के अवसर पर प्रसिद्ध बाबा दुखहरण नाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल गिरिडीह के संयुक्त तत्वावधान में कांवरियों और शिवभक्तों की सेवा के लिए विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया गया सेवा शिविर में संगठन के कार्यकताओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं संभालीं और पूरे दिन सेवा कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई। दूर-दराज से आए कांवरियों और श्रद्धालुओं ने संगठन के इस सेवा भाव की सराहना की कार्यक्रम में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम झा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज कन्धवे नगर मंत्री निकेश बर्णवाल सदर प्रखंड के अंकुश कुमार तथा मजदूर परिषद के जिला महामंत्री राजेंद्र रवानी सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धालुओं की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आयोजन को सफल बनाया संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सावन माह में शिवभक्तों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।



# प्रेमचंद आज भी समाज को दिशा देने वाले साहित्यकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जन संस्कृति मंच जसम गिरिडीह की ओर से गिरिडीह कॉलेज में रविवार को 'प्रेमचंद स्मृति व्याख्यान' के तहत 'साहित्य का उद्देश्य : संदर्भ प्रेमचंद' विषय पर संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्य को सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम बताते हुए उनकी प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार रखे संगोष्ठी में विषय प्रवेश कराते हुए गिरिडीह कॉलेज के हिंदी विभाग के प्रोफेसर एवं जसम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. बलभद्र ने कहा कि प्रेमचंद ने प्रगतिशील लेखक आंदोलन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि समाज में चेतना और परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने गिरिडीह के साहित्यिक वातावरण को नई संभावनाओं से भरपूर बताया मुख्य वक्ता डॉ. गुलाम समदानी ने प्रेमचंद से पूर्व उर्दू साहित्य की प्रगतिशील परंपरा और सज्जाद जहीर मौलवी अब्दुल हक तथा जोश मलीहाबादी जैसे साहित्यकारों के योगदान पर प्रकाश डाला वहीं डॉ. शैलेन्द्र कुमार शुक्ल और परिवर्तन पत्रिका के संपादक डॉ. महेश सिंह ने प्रेमचंद के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि साहित्य समाज और राजनीति के आगे मशाल लेकर चलने वाली शक्ति है कार्यक्रम की अध्यक्षता जसम झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष जावेद इस्लाम ने की जबकि संचालन शंकर पाण्डेय ने किया संगोष्ठी के बाद गिरिडीह के वरिष्ठ कवि प्रदीप कुमार गुप्ता को 'प्रेमचंद स्मृति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया इसके बाद आयोजित मुशायरा सह कवि सम्मेलन का संचालन उर्दू शायर कलीम साजिद ने किया। कार्यक्रम में गगन शाहा नवीन सिन्हा संजय करुणेश शमीम अख्तर हलीम हसद उदय शंकर उपाध्याय भीम कुमार नेतलाल महेश अमन परवेज शीतल सहित अनेक कवियों एवं शायरों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। रचनाओं में समकालीन सामाजिक विषमता लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उभरे इस अवसर पर भाकपा माले के जिला सचिव अशोक पासवान सामाजिक कार्यकर्ता रामदेव विश्वबंधु नेहरू युवा केंद्र के अरुण कुमार राजेंद्र त्रिपाठी सहित साहित्य समाज और राजनीति से जुड़े बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# राशन कार्ड, जविप्र एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## मुख्य सचिव ने लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए राशन कार्ड निर्गमन, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस), धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) की आपूर्ति, एसआईआर, लंबित आवेदनों के निष्पादन तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले के लिए 05 अगस्त, 2026 तक 48,241 नए राशन कार्ड निर्गमन का लक्ष्य निर्धारित है। 02 अगस्त, 2026 तक जिला निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 101 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर राज्य के अग्रणी जिलों में सम्मिलित है। जन वितरण प्रणाली की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि औरंगाबाद जिले में जन वितरण प्रणाली की दुकानों की कोई रिक्ति लंबित नहीं है। धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा में बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत औरंगाबाद जिले में 1,80,901.85 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति के विरुद्ध 1,22,941.18 मीट्रिक टन सीएमआर आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित है। इसके विरुद्ध अब तक 1,21,375.09 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 98.73 प्रतिशत है। बैठक में एसआईआर की प्रगति की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले में कुल 14,271 अभिलेख सत्यापन हेतु उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 3,802 अभिलेखों को सुरक्षित रखने हेतु चिन्हित किया गया है। जिले द्वारा 10,330 अभिलेखों का निष्पादन करते हुए 99 प्रतिशत कार्य प्रगति प्राप्त की गई है, जिसकी समीक्षा के दौरान सराहना की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के साथ उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर गौरव सिंह, सिविल सर्जन डॉ कृष्णा कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर योजना के कार्य में देरी नहीं होगी बर्दाश्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मुख्य सचिव ने बैठक में रूफटॉप सोलर स्थापना, निरीक्षण, सामग्री की उपलब्धता, एजेंसियों की प्रगति तथा लक्ष्य की प्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य में देरी के लिए संबंधित एजेंसियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन एवं विद्युत वितरण कंपनियों को नियमित मॉनिटरिंग, स्थल निरीक्षण तथा समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि धीमी प्रगति वाली एजेंसियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा नियमित फील्ड विजिट एवं निरीक्षण किए जा रहे हैं।

## बाढ़, सुखाड़ एवं कृषि कार्यों की तैयारियों की समीक्षा

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत बाढ़, सुखाड़ एवं कृषि कार्यों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान राज्य में वर्षा की वर्तमान स्थिति, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी वर्षा पूर्वानुमान, कृषि विभाग की तैयारियां, विभिन्न नहरों में जल उपलब्धता एवं जलस्तर, भू-जल स्तर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की पेयजल योजनाओं की स्थिति तथा संभावित प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्षा की स्थिति पर सतत निगरानी रखते हुए कृषि एवं सिंचाई से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। संभावित बाढ़ अथवा सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर पूर्व तैयारी रखें तथा आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में खरीफ फसलों विशेषकर धान की बुआई एवं आच्छादन की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। औरंगाबाद जिले में धान आच्छादन का लक्ष्य 1,72,000 हेक्टेयर निर्धारित है, जिसके विरुद्ध अब तक 86,273 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपनी/आच्छादन किया गया है, जो कुल लक्ष्य का 50.16 प्रतिशत है। प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग को शेष लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसानों के बीच आवश्यक तकनीकी परामर्श, बीज, उर्वरक एवं सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया।

# प्रत्येक पंचायत में खुलेंगे सुधा बिक्री केंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सोमवार को सभी जिलाधिकारियों के साथ डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सहकारिता आधारित दुग्ध उत्पादन, दुग्ध संग्रहण, किसानों को डायरेक्ट अकाउंट ट्रांसफर, सुधा डेयरी के विपणन तंत्र के विस्तार, मत्स्य विकास तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के गठन, दुग्ध संग्रहण में वृद्धि तथा किसानों को समयबद्ध रूप से सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में बताया गया कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत प्रत्येक गांव में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के गठन एवं प्रत्येक पंचायत में सुधा बिक्री केंद्र की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण को बढ़ावा देना, पशुपालकों को उचित मूल्य एवं नियमित भुगतान उपलब्ध कराना तथा युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक पशुपालकों को योजनाओं का लाभ दिलाते हुए उन्हें पशु खरीद के लिए उपलब्ध ऋण सुविधाओं से जोड़ा जाए, ताकि वे डेयरी गतिविधियों का विस्तार कर सकें। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि, स्वरोजगार के नए अवसरों का सृजन तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी। साथ ही दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण बढ़ने से किसानों और पशुपालकों को नियमित आय सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि नई समितियों के गठन में तेजी लाई जाए तथा जहां समितियों का गठन हो चुका है, वहां शीघ्र दुग्ध संग्रहण प्रारंभ कराया जाए। साथ ही किसानों को डायरेक्ट अकाउंट ट्रांसफर प्रणाली से जोड़ने एवं दुग्ध संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# 80 राजस्व कर्मचारियों का पदस्थापन

## किया गया रैंडमाइजेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा निर्गत विभागीय आदेश के आलोक में औरंगाबाद जिले में कुल 80 राजस्व कर्मचारियों का पदस्थापन किया गया है। उक्त पदस्थापन के लिए आज जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार जिला स्तर पर राजस्व कर्मचारियों का रैंडमाइजेशन पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि पदस्थापन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। रैंडमाइजेशन के उपरांत राजस्व कर्मचारियों का पदस्थापन जिले के विभिन्न प्रखंडों में रिक्त पदों के अनुरूप किया गया। साथ ही, जिन क्षेत्रों में नगर पंचायत का क्षेत्राधिकार है, वहां कार्य की आवश्यकता एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रखंडों में राजस्व कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की गई, ताकि राजस्व प्रशासन का कार्य अधिक प्रभावी एवं सुचारु रूप से संचालित हो सके। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि संपूर्ण प्रक्रिया विभागीय निर्देशों के अनुरूप, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो। रैंडमाइजेशन के माध्यम से किए गए इस पदस्थापन से जिले के विभिन्न अंचलों एवं प्रखंडों में रिक्तियों की पूर्ति होगी, जिससे दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ऑनलाइन जमाबंदी, भूमि संबंधी विवादों के निष्पादन सहित अन्य राजस्व सेवाओं के निष्पादन में गति आएगी तथा आम नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन ने सभी नवपदस्थापित राजस्व कर्मचारियों को विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए करने का निर्देश दिया है।

# हार की समीक्षा करेंगे : प्रमोद चंद्रवंशी

नबिटा संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भाजपा के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने बांकीपुर विधान सभा के उप चुनाव में एनडीए समर्थित बीजेपी प्रत्याशी नीरज कुमार सिंहा के हार को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा करेंगे ।बांकीपुर मे सरकार बहुत काम की थी इसके बाबजूद चुनाव हारे हैं। हम जनता के जनादेश के सम्मान करते है और जीते हुए प्रत्याशी जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर को जीत की बधाई देते है। कहा कि हमारी प्राथमिकता बाकीपुर रही है और रहेगी भी। हम मंथन करेंगे कि कहां चूक हुई। किस स्तर पर चूक हुई। हमारी पार्टी सारे बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा होगी। हारने के बाद भी मानते हैं कि बाकीपुर के जनता के दिल में आज भी बीजेपी है और रहेगी।

# जनता के साथ और मजबूती से होंगे खड़े : विधायक

## जाति-धर्म और बैकवर्ड-फॉरवर्ड की राजनीति का त्याग : नंदकिशोर

नबिटा संवाददाता





**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा का गढ़ ढ़ह गया। लगभग चार दशक से चली आ रही निरंतर जीत से जन्मा हुआ अहम टूट गया। बिहार विधानसभा आम चुनाव में बुरी तरह असफल साबित हुए प्रशांत किशोर को जीत मिल गई है। राजद तीसरे स्थान पर सिमट गई। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बांकीपुर के प्रभारी रहे ओबरा से विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने कहा कि लोकतंत्र में हम जनमत का सम्मान करते हैं। जनता की अपेक्षा हमेशा वैसी नहीं होती, जैसा संगठन सोचता है। हम और मजबूती से जनता के साथ खड़े रहेंगे। इन्होंने प्रशांत किशोर को जीत की बधाई दी। कहा कि हार की कई वजह हो सकती है। चुनाव परिणाम की समीक्षा की जाएगी। बीते लगभग 20 दिन से बांकीपुर में कैंप किए जन सुराज के नेता नंदकिशोर सिंह कहते हैं कि बांकीपुर की जनता बधाई की पात्र है। उसने जाति धर्म और बैकवर्ड फॉरवर्ड से ऊपर उठकर एक नई राजनीति की दिशा तय की।

# विमल कुमार हत्याकांड की जांच तेज, औरंगाबाद एसपी के नेतृत्व में एसआइटी गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**डिहरी-ऑन-सोन/औरंगाबाद।** डिहरी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच को और तेज कर दिया है। मगध के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव ने मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए निष्पक्ष, वैज्ञानिक एवं त्वरित अनुसंधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के नेतृत्व में आठ सदस्यीय एसआइटी का गठन किया गया है। टीम में औरंगाबाद, रोहतास तथा बारून एवं डिहरी नगर थाना के अनुभवी पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के अलावा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 आदित्य कुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक बारून परवेज अली, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष बारुन रंजीत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक डीआइयू सेल चंद्रहास, अंचल पुलिस निरीक्षक डिहरी नगर थाना अनिल कुमार दुबे, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष डिहरी थाना राहुल एवं पुलिस अवर निरीक्षक एवं प्रभारी डीआइयू सेल राजकुमार यादव शामिल हैं। एसआइटी स्थानीय पुलिस, एफएसएल, डीआइयू, तकनीकी शाखा तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर भौतिक, वैज्ञानिक, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का व्यापक विश्लेषण करेगी। जांच के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति या षड्यंत्रकर्ता की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि रोहतास जिले के डिहरी नगर परिषद में पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी विमल कुमार की 1 अगस्त 2026 को हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में चालक मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के आधार पर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है। हालांकि प्राथमिकी में अन्य अज्ञात व्यक्तियों की संलिप्तता की आशंका भी जताई गई है, जिसकी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। बिहार पुलिस ने आमजन एवं मीडिया से अपील की है कि जांच पूरी होने तक किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें। केवल पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं को ही प्रमाणिक माना जाए।

# पीके की जीत से अंबा में बांटी गईं मिठाइयां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अंबा (औरंगाबाद)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के नतीजों ने बिहार की राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है। वोटों की गिनती के बाद घोषित परिणामों में जन सुराज पार्टी के संस्थापक और प्रसिद्ध राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 18,953 वोटों से एक शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़े बदलाव का संदेश गया है। प्रशांत किशोर की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर मिलते ही अंबा प्रखंड के जन सुराज कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी जोश और उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जमकर नारेबाजी की और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रंधीर कुमार सिंह, अभियान सह संयोजक पप्पू कुमार सिंह, अरुण कुमार पांडेय, अभय कुमार, सोनू पांडेय, धीरज पांडेय, प्रेम पाठक, आफताब खान, निर्मल पाठक, अनुपम प्रकाश और संतोष कुमार सिंह सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। नेताओं ने प्रशांत किशोर की जीत को बिहार में एक नए राजनीतिक युग और अध्याय की शुरुआत करार दिया। स्थानीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि प्रशांत किशोर की यह जीत बिहार की जनता की जीत है। जन सुराज ने इस जीत के साथ ही बीजेपी की संकीर्ण राजनीति को एक स्पष्ट संदेश दे दिया है। पिछले कई सालों से बिहार में जातिवादी विचारधारा को बढ़ावा देकर और सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का जो काम किया जा रहा था, जनता ने उसका करारा जवाब दिया है। यह जीत केवल एक सीट की नहीं, बल्कि आने वाले समय में बिहार के भीतर होने वाले एक बड़े और व्यापक राजनीतिक बदलाव का शंखनाद है।

# 21 लोग भेजे गए जेल, वाहनों से वसूले गए 12500 रुपये

`नवबिहार टाइम्स ब्यूरों

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या के शीर्ष में एक, पोक्सो में एक, एससी-एसटी एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में 13, मद्य निषेध अधिनियम के तहत तीन तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा 60 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 999 वाहनों की जांच की गई जिसमें 12500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। एसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सांसद पप्पू यादव पर हमले के विरोध में समर्थकों का फूटा गुस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के ऊपर दिल्ली में प्रेसवार्ता के दौरान हमले के विरोध में समर्थकों ने औरंगाबाद में प्रदर्शन किया। सोमवार को समर्थकों ने औरंगाबाद शहर के गांधी मैदान से विरोध मार्च निकाला जो रमेश चौक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार, केंद्रीय गृह मंत्री और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी वैचारिक मतभेद का जवाब हिंसा नहीं हो सकता। समर्थकों ने सांसद की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि यदि एक जनप्रतिनिधि भी सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों की सुरक्षा पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। विरोध-प्रदर्शन के समापन पर रमेश चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला फूंककर घटना के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया गया। ई. सुरेंद्र यादव ने कहा कि राज्य और देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। सरकार के विरोध में आवाज उठाने वालों को निशाना बनाया जा रहा है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई जरूरी है। संजय यादव ने सांसद पप्पू यादव की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की और कहा कि राजनीतिक मतभेद के नाम पर हिंसा किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जा सकती। प्रदर्शन में शामिल देव प्रखंड दुलारे पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने कहा कि किसी सांसद पर खुलेआम हमला होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद गंभीर मामला है। दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए और जांच कर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने हाल के दिनों में सामने आए उस विवाद का भी जिक्र किया, जिसमें पप्पू यादव ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े चंदा गड़बड़ी के मुद्दे पर विरोध-प्रदर्शन किया था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बिहार के 'बैद्यनाथधाम' के रूप में उभर रहा देवकुंड धाम

## पहली सोमवारी पर बाबा दुधेश्वरनाथ के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, पूरे दिन गूंजता रहा 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' का जयघोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** सावन की पहली सोमवारी पर औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड स्थित ऐतिहासिक देवकुंड धाम एक बार फिर शिवभक्तों की अपार आस्था का केंद्र बन गया। बिहार के 'बैद्यनाथ धाम' के रूप में तेजी से पहचान बना रहे बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लगभग 60 हजार शिवभक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा दुधेश्वरनाथ का जलाभिषेक किया और सुख, समृद्धि तथा परिवार के कल्याण की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर और देवकुंड धाम 'हर-हर महादेव', 'जय बाबा दुधेश्वरनाथ' तथा 'बोल बम का नारा बा, बाबा ही सहारा बा' के जयघोष से गुंजायमान रहा। दोपहर बाद कतार कुछ छोटी हुई, लेकिन श्रद्धालुओं का आगमन और जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक लगातार चलता रहा। मंदिर समिति की ओर से इस बार श्रद्धालुओं के लिए सीधे दर्शन की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए अलग वीआईपी प्रवेश द्वार बनाया गया, जहां निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया गया। मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने बताया कि कांवरियों और श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा तथा सुविधाओं के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। पूरे मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे लगातार निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिर परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास, प्रखंड विकास पदाधिकारी तबरेज आलम, अंचलाधिकारी अजय कुमार सिंह, दंडाधिकारी रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष निरंजन सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय सिंह तथा अली खा लगातार मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते रहे।ग्राम रक्षा दल के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में 25 जवानों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी तथा समाजसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित राजन ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए फ्रिज, कूलर और गर्म पानी की मशीन की व्यवस्था की गई। तालाब में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात रही। तालाब की बैरिकेडिंग कर दी गई थी तथा मेला क्षेत्र की ओर आने वाले सभी मार्गों पर बैरियर लगाकर बाइक, ऑटो और अन्य वाहनों के प्रवेश पर रोक रखी गई, ताकि मंदिर के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगे। सोमवारी से एक दिन पहले रविवार की संध्या बाबा दुधेश्वरनाथ मंदिर की विशेष साफ-सफाई कर आकर्षक श्रृंगार किया गया और भव्य आरती आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं कुंड घाट स्थित श्रद्धालुओं के ठहराव स्थल पर भोला जागरण समिति की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया, जिसका श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद लिया। लगातार बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्थाओं और धार्मिक महत्व के कारण देवकुंड धाम अब बिहार के प्रमुख शिवधामों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और धार्मिक पर्यटन का विकास होता रहा तो देवकुंड धाम आने वाले वर्षों में बिहार के 'बैद्यनाथ धाम' के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सकता है। पहली सोमवारी पर उमड़ी विशाल श्रद्धा और सुव्यवस्थित आयोजन ने इस विश्वास को और मजबूत किया है।